चैत्र शुक्ल पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

गुरुवार, 11 अप्रैल 2024

वर्ष-2, अंक-244, पृष्ठ-18

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य-6 रुपये

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद

तारे के खत्म होने के बाद भी जीवित रहते हैं ग्रह 18

मनीषा कोईराला ने भंसाली के साथ किया काम 17

## बड़े वादों के साथ सपा का घोषणा पत्र जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मनरेगा मजदूरी 450 रुपये करना लड़कियों को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा देने समेत अन्य घोषणाएं
- अखिलेश यादव बोले- हमने अपने विजन डॉक्यूमेंट को जनता का मांग पत्र -हमारा अधिकार नाम दिया

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बुधवार को लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणा पत्र जारी कर दिया। विजन डॉक्यूमेंट-2024 के नाम से जारी घोषणा पत्र को 'जनता का मांग पत्र, हमारा अधिकार' नाम दिया गया है। अखिलेश यादव के मुताबिक, सोशल मीडिया पर जनता से जानकारी मांगी और कई संस्थाओं ने भी सुझाव दिए है।

सपा के घोषणा पत्र में सामाजिक न्याय, लोकतंत्र बचाने, मीडिया की आजादी आदि प्रमुख मुद्दे हैं। अखिलेश यादव ने महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण, केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा और किसानों को एमएसपी की गारंटी के साथ ही जीडीपी तीन से बढ़ाकर छह फीसदी करने, पुरानी पेंशन स्कीम भी बहाल करने, 2025 में जातीय जनगणना, 2029 तक सबको न्याय देने का वादा किया गया। अखिलेश यादव ने बताया कि किसानों के कर्ज माफ किए जाएंगे। गरीबों का पूर्ण उन्मूलन होगा। सपा प्रमुख ने बताया कि निजी क्षेत्र में सभी वर्गों की भागीदारी देंगे। दूध समेत सभी फसलों के लिए कानूनी गारंटी के रूप में किसानों को एमएसपी और सिंचाई की मुक्त व्यवस्था करेंगे। सपा प्रमुख के मुताबिक, अग्निवीर नीति को समाप्त किया जाएगा। क्योंकि, अगर भाजपा दोबारा आई तो कहीं, पुलिस पीएसी में भी तीन साल की नौकरी न कर दे।

### घोषणा पत्र के बड़े वादे

- पूरानी पेंशन स्कीम को लागू करेंगे, 2025 तक जाति आधारित जनगणना
- 2025 तक एससी-एसटी, ओबीसी के सभी सरकारी रिक्त पद भरेंगे
- भूमिहीन, किरायेदार समेत छोटे सीमांत किसानों को प्रति माह 5000 पेंशन
- मनरेगा मजदूरी 450 की जाएगी और काम के दिन 150 किए जाएंगे
- मुफ्त राशन में गेंहू की जगह आटा, राशनकार्ड धारकों को 500 रुपये का डेटा मुफ्त

भाजपा ने उप्र. से सात और प्रत्याशी उतारे, चंद्रशेखर व केशरीनाथ के बेटों को टिकट, गाजीपुर, बलिया और फूलपुर में नए चेहरे

## रीता बहुगुणा, केशरी देवी व वीरेंद्र मस्त को टिकट नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ





**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश की सात और सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम घोषित किए हैं। पार्टी की ओर से बुधवार को जारी इस सूची में बलिया में वीरेंद्र सिंह मस्त का टिकट काटकर पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के बेटे नीरज शेखर को प्रत्याशी बनाया गया है। वह वर्तमान में राज्यसभा सांसद भी हैं। इसी तरह इलाहाबाद से रीता बहुगुणा जोशी का टिकट काटकर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष केसरी नाथ त्रिपाठी के बेटे नीरज त्रिपाठी को टिकट दिया गया है।

फूलपुर में वर्तमान सांसद केशरी देवी पटेल का टिकट काटकर विधायक प्रवीण पटेल को प्रत्याशी बनाया गया है। कौशांबी (सुरक्षित) सीट पर वर्तमान सांसद विनोद सोनकर और मछलीशहर के वर्तमान सांसद बीपी सरोज को फिर से चुनाव मैदान में उतारने का निर्णय लिया गया है।

वहीं, पिछले चुनाव में मनोज सिन्हा की हार के बाद इस बार गाजीपुर सीट पर पारस नाथ राय को टिकट दिया गया है। यहां अफजाल अंसारी सपा से उम्मीदवार हैं। इसी तरह मैनपुरी में उप्र. सरकार में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ठाकुर को सपा प्रत्याशी डिंपल यादव के मुकाबले उतारा गया है। इससे पहले

### मैनपुरी में डिंपल के सामने जयवीर सिंह को उतारा

मैनपुरी सीट पर बदायूं की सांसद संघमित्रा मौर्या को टिकट देने की अटकलें थीं। संघमित्रा का नाम भी इस सूची में भी नहीं है। पिछली बार मैनपुरी से भाजपा के प्रेम सिंह शाक्य चुनाव लड़े थे, जिन्हें सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव ने हराया था। भाजपा ने अभी पांच सीटों पर प्रत्याशी घोषित नहीं किए हैं। कैसरगंज सीट पर बृजभूषण शरण सिंह को टिकट मिलने को लेकर रहस्य बना हुआ है। इसके अलावा देवरिया, फिरोजाबाद, रायबरेली और भदोही में टिकट की घोषणा होनी बाकी है।




### सूचना

सभी सुधी पाठकों, अभिकर्ताओं और विज्ञापनदाताओं को ईद-उल-फितर की हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर 11 अप्रैल (गुरुवार) को कार्यालय में अवकाश रहेगा। अगला अंक 13 अप्रैल (शनिवार) को प्रकाशित होगा।

– संपादक

### सीएसजेएमयू के कुलपति का कार्यकाल बढ़ा

**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय पाठक का कार्यकाल बढ़ गया है। विवि की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने कुलपति का कार्यकाल छह महीने के लिए बढ़ा दिया है। उनका कार्यकाल 11 अप्रैल को खत्म हो रहा है। बुधवार को इसके लिए पत्र जारी किया गया है। बताया गया कि नए कुलपति की नियुक्ति के लिए समय लगने की संभावना है। ऐसी स्थिति में प्रो विनय कुमार पाठक विश्वविद्यालय के नियमित कुलपति बने रहेंगे।

# राजकुमार ने छोड़ा आप का साथ

## मंत्री पद और पार्टी की सदस्यता से दिया इस्तीफा, पार्टी पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मंत्री राज कुमार आनंद ने आम आदमी पार्टी (आप) में दलितों को उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए बुधवार को मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया और पार्टी छोड़ दी। साथ ही भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए। समाज कल्याण समेत विभिन्न विभाग संभालने वाले आनंद ने यहां संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि 'आप' के शीर्ष नेताओं में कोई दलित नहीं है। उन्होंने कहा, यह पार्टी दलित विधायकों, पार्षदों और मंत्रियों का सम्मान नहीं करती। ऐसे में सभी दलित ठगा हुआ महसूस करते हैं। उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर भी कटाक्ष किया। केजरीवाल आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद तिहाड़ जेल में हैं। पटेल नगर सीट से विधायक आनंद ने कहा, "जंतर मंतर से, अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि राजनीति बदलते ही देश बदल जाएगा। राजनीति नहीं बदली है, लेकिन राजनीतिज्ञ बदल गए हैं। अपने इस्तीफे के समय के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में आनंद ने कहा, समय की बात रहने दीजिए।


केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन करते भाजपाई। ● अमृत विचार

### भाजपा ने किया प्रदर्शन केजरीवाल से मांगा इस्तीफा

**नई दिल्ली।** भाजपा की दिल्ली इकाई के कार्यकर्ताओं ने कथित आबकारी नीति घोटाले को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग करते हुए बुधवार को डीडीयू मार्ग पर स्थित आम आदमी पार्टी (आप) के मुख्यालय के पास विरोध-प्रदर्शन किया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछारें कीं, जिससे भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा घायल हो गए।

### भाजपा का उद्देश्य आप को खत्म करना : संजय

**नई दिल्ली।** आदमी पार्टी ने बुधवार को दावा किया कि दिल्ली के मंत्री राजकुमार आनंद का इस्तीफा उसके इस रुख की पुष्टि करता है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का उद्देश्य पार्टी को खत्म करना है। आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि भाजपा 'हमारे मंत्रियों और विधायकों को तोड़ने के लिए ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल कर रही है।

### कोर्ट से केजरीवाल का याचिका पर शीघ्र सुनवाई का अनुरोध

**नई दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने बुधवार को कहा कि वह दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ओर से उनकी गिरफ्तारी को बरकरार रखने के उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका को शीघ्र सूचीबद्ध करने संबंधी अनुरोध पर विचार करेंगे। प्रधान न्यायाधीश ने केजरीवाल के वकील को ईमेल भेजने को कहा। इससे पहले केजरीवाल ने उच्च न्यायालय के नौ अप्रैल के फैसले के खिलाफ शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

### समय मांगने की केजरीवाल की याचिका खारिज

दिल्ली की अदालत ने आबकारी नीति घोटाले में गिरफ्तार केजरीवाल की वह याचिका बुधवार को खारिज कर दी, जिसमें उन्होंने अपने वकीलों से मुलाकात के लिए और समय दिए जाने का अनुरोध किया था। सीबीआई और ईडी के मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने यह कहते हुए याचिका खारिज कर दी कि इस मामले में उन्हें राहत देने के लिए पर्याप्त आधार नहीं है।

## संदेशखालि मामले की जांच अब सीबीआई को

कोलकाता, एजेंसी



- सीबीआई से जांच कराने के लिए हाल में नाराज लोगों ने किया था प्रदर्शन
- महिलाओं पर अपराध और जमीन हड़पने की जांच करे और व्यापक रिपोर्ट पेश करे

कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ अपराध और भूमि पर कब्जा करने के आरोपों की जांच सीबीआई से कराने के बुधवार को आदेश दिए। हाल में इसको लेकर संदेशखालि में प्रदर्शन हुए थे।

मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवज्ञानम की पीठ ने कहा कि जांच अदालत की निगरानी में होगी। उन्होंने सीबीआई को राजस्व रिकॉर्ड और भू-उपयोग परिवर्तन का निरीक्षण करने के बाद रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। आरोपों के अनुसार, मछली पालन के लिए कृषि भूमि के उपयोग को जल निकायों में अवैध रूप से परिवर्तित किया गया। कोर्ट ने सीबीआई को निर्देश दिया कि वह संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन हड़पने के आरोपों की जांच करे और अगली तारीख पर रिपोर्ट पेश करे। खंडपीठ में न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य भी थे।

पीठ ने दो मई को सुनवाई के दिन सीबीआई को रिपोर्ट देने कहा है। ईडी के अधिकारियों पर पांच जनवरी को भीड़ ने उस समय हमला किया था, जब वे राशन वितरण घोटाला मामले में तृणमूल कांग्रेस नेता (अब निलंबित) शाहजहां शेख के परिसर की तलाशी लेने के लिए संदेशखालि गए थे। अदालत ने आदेश में कहा कि न्याय और निष्पक्षता के हित में और विभिन्न शिकायतों और आरोपों पर शीघ्र विचार के लिए निष्पक्ष जांच की जानी आवश्यक है। साथ ही राज्य को सीबीआई को मदद मुहैया कराने के निर्देश दिए गए हैं। अदालत ने इस बात पर गौर किया कि याचिकाकर्ताओं ने सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अगुवाई में एक जांच समिति गठित करने की मांग की है। खंडपीठ ने कहा कि आरोपों को देखते हुए उसने सीबीआई से जांच कराने का निर्णय लिया है। याचिककार्ता-वकील प्रियंका टिबरेवाल द्वारा हलफनामे के रूप में 600 शिकायतें अदालत के समक्ष प्रस्तुत की गई थीं, जिनमें कथित तौर पर यौन अत्याचार, भूमि पर कब्जा, हमले और संपत्ति को नष्ट करने जैसे अन्य अपराध शामिल हैं। अदालत ने कहा कि गोपनीयता बनाए रखने के लिए जांच एजेंसी शिकायत दर्ज करने के वास्ते एक पोर्टल अथवा ईमेल आईडी बनाएगी।

## पेपर लीक मामले का मुख्य साजिशकर्ता गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- टीसीआई कंपनी में रखे ट्रंक बॉक्स से निकलवाया था प्रश्नपत्र

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा-2023 का पर्चा आउट कराने वाले मास्टरमाइंड रवि अत्री को एसटीएफ ने गौतमबुद्धनगर के खुर्जा बस स्टैंड के पास से बुधवार सुबह साढ़े छह बजे गिरफ्तार किया, जिसके बाद एसटीएफ ने मामले का खुलासा किया। एसटीएफ का दावा है कि टीसीआई कंपनी में रखे ट्रंक बॉक्स को खोलकर उसमें से पेपर निकालकर लीक कराने वाले गैंग का रवि मुख्य साजिशकर्ता है।

मेरठ एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक बृजेंद्र सिंह ने बताया कि रवि अत्री की तलाश लंबे समय से हो रही थी। बुधवार सुबह सूचना मिली कि रवि गौतमबुद्धनगर के खुर्जा बस स्टैंड पहुंचने वाला है। निरीक्षक सुनील कुमार टीम लेकर वहां पहुंचे और उसे गिरफ्तार किया। पेपर लीक कराने का पूरा खेल रवि ने ही खेला है। बिंदुवार पूछताछ करने पर मामले में शामिल सभी आरोपियों के नाम सामने आए।

## ईद पर प्रदेश में 37018 ईदगाहों मस्जिदों में अदा होगी नमाज

**लखनऊ।** नवरात्रि और ईद-उल-फितर का त्योहार एक साथ पड़ने के कारण यूपी पुलिस शांति व्यवस्था को लेकर सक्रिय हो गई। प्रदेश में कुल 37,018 ईदगाहों व मस्जिदों में ईद-उल-फितर की नमाज अदा की जाएगी। ईद-उल-फितर के दृष्टिगत प्रदेश के समस्त जिलों में 2,912 संवेदनशील स्थान और हॉट- स्पाट्स चिन्हित करते हुए जोन और सेक्टर स्कीम के अन्तर्गत पुलिस व्यवस्था की गई है। पुलिस मुख्यालय स्तर से 241 कम्पनी पीएसी, तीन कम्पनी एसडीआरएफ, आठ कम्पनी एसएसएफ तथा 229 कम्पनी सीएपीएफ को राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में व्यवस्थापित किया गया है। इसके अतिरिक्त मुख्यालय स्तर से दो अपर पुलिस अधीक्षक व छह पुलिस उपाधीक्षकों की ड्यूटी भी लगाई गई है। एडीजी, कानून व्यवस्था अमिताभ यश के अनुसार ईद पर्व को लेकर जनपदों में पीस कमेटी, धर्म गुरुओं, धर्मस्थलों के प्रबन्धकों, संभ्रांत नागरिकों द्वारा संवाद करने के लिए 2,403 गोष्ठियां आहूत की जा चुकी हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार नहीं किए रामदेव बालकृष्ण के माफीनामे वाले हलफनामे

नई दिल्ली, एजेंसी



- राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण के प्रति भी कड़ी नाराजगी

उच्चतम न्यायालय ने भ्रामक विज्ञापन मामले में योग गुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के प्रबंध निदेशक (एमडी) आचार्य बालकृष्ण द्वारा बिना शर्त माफी मांगने के लिए दायर किए गए हलफनामों को स्वीकार करने से बुधवार को इनकार कर दिया और कहा कि उन्होंने ऐसा तब किया जब उनकी गलती पकड़ ली गई।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा, हम इस मामले में इतने उदार नहीं बनना चाहते। न्यायालय ने इस मामले पर निष्क्रियता बरतने के लिए राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण के प्रति भी कड़ी नाराजगी जताई और कहा कि वह इसे हल्के में नहीं लेगा। पीठ ने कहा, हम आपकी बखिया उधेड़ देंगे।

शीर्ष अदालत ने कहा कि जब रामदेव और बालकृष्ण को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए और उन्हें अदालत के सामने पेश होने का निर्देश दिया गया तो उन्होंने उस स्थिति से बचने का प्रयास किया, जहां व्यक्तिगत पेशी जरूरी थी। न्यायालय ने कहा कि यह बेहद अस्वीकार्य है। पीठ ने आदेश सुनाते हुए कहा, मामले के पूरे इतिहास और अवमाननाकर्ताओं के पिछले आचरण को ध्यान में रखते हुए हम उनके द्वारा दायर नवीनतम हलफनामे को स्वीकार करने के अनुरोध पर अपनी आपत्ति व्यक्त करते हैं। न्यायालय ने मामले में आगे की सुनवाई के लिए 16 अप्रैल की तारीख तय की।

## अनिल अंबानी की कंपनी को 8,000 करोड़ देने के निर्णय को सुप्रीम कोर्ट ने किया खारिज

**नई दिल्ली।** एक समय दुनिया के छठे सबसे धनाढ्य व्यक्ति रहे अनिल अंबानी की मुश्किलें कम होती नहीं दिख रही हैं। उन्हें ताजा झटका उच्चतम न्यायालय के फैसले से लगा है। उनके समूह की कंपनी को 8,000 करोड़ दिये जाने के मध्यस्थता न्यायाधिकरण के निर्णय को खारिज कर दिया गया है। अंबानी 2008 में दुनिया के छठे सबसे अमीर व्यक्ति थे लेकिन बार-बार लगते झटकों के कारण उनकी स्थिति बदल गयी और अब वह धनाढ्यों की सूची से बाहर हैं। अमेरिका के व्हार्टन स्कूल से एमबीए करने वाले 64 वर्षीय अनिल अंबानी चर्चित उद्योगपति धीरूभाई अंबानी के छोटे पुत्र हैं। पिछले कुछ वर्षों में उन्हें अपने कारोबार में कई असफलताओं का सामना करना पड़ा।

### मुश्किलें बढ़ीं

- मध्यस्थता न्यायाधिकरण ने दिया था फैसला

## आईआईएम अहमदाबाद विश्व के प्रमुख 25 संस्थानों में, जेएनयू देश का शीर्ष विवि

नई दिल्ली, एजेंसी

क्वाक्वेरेली साइमंड्स लंदन की रैंकिंग में खुलासा

- 13 लाख शोध पत्र तैयार किए जो चीन के 45 लाख, अमेरिका के 44 लाख और ब्रिटेन के 14 लाख से पीछे है

वैश्विक क्यूएस विश्वविद्यालय रैंकिंग के अनुसार भारतीय प्रबंधन संस्थान (अहमदाबाद) व्यवसाय एवं प्रबंधन अध्ययन श्रेणी में विश्व के शीर्ष 25 संस्थानों में से एक है जबकि आईआईएम-बेंगलौर और कलकत्ता शीर्ष 50 संस्थानों में हैं। उच्च शिक्षा विश्लेषण संबंधी कंपनी क्वाक्वेरेली साइमंड्स (क्यूएस), लंदन की ओर से बुधवार को घोषित प्रतिष्ठित रैंकिंग में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) भारत में सर्वोच्च रैंक वाला है। विकास अध्ययन श्रेणी में ये विश्व स्तर पर 20वें स्थान पर है। चेन्नई स्थित सविता इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एंड टेक्निकल साइंसेज दंत चिकित्सा अध्ययन श्रेणी में विश्व में 24वें स्थान पर है।

क्यूएस की मुख्य कार्यकारी (सीईओ) जेसिका टर्नर ने कहा कि भारत के निजी तौर पर संचालित तीन उत्कृष्ठ संस्थानों ने उच्च शिक्षा क्षेत्र को आगे बढ़ाने में सकारात्मक भूमिका निभाई है। क्यूएस के अनुसार, भारत तेजी से विस्तार करने वाले शोध केंद्रों में से एक है। उसने कहा कि 2017 से 2022 के बीच शोध में 54 प्रतिशत वृद्धि हुई है जो न केवल वैश्विक औसत के दोगुने से अधिक है, बल्कि पश्चिमी समकक्षों से भी अधिक है।

क्यूएस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बेन सॉटर ने कहा कि भारत अब शोध क्षेत्र में दुनिया का चौथा सबसे बड़ा देश है और इस अवधि में 13 लाख अकादमिक शोध पत्र तैयार किए गए जो चीन के 45 लाख, अमेरिका के 44 लाख और ब्रिटेन के 14 लाख से पीछे है। भारत शोध उत्पादकता में ब्रिटेन को पीछे छोड़ने के करीब है।

## जिसके नाम से लगता था कर्फ्यू, ऐसा रगड़ा कि पैंट गीली हो गई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/मेरठ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा सरकार के दौरान एक दुर्दांत माफिया ऐसा था, जो चलता था तो मुख्यमंत्री हों या मुख्य न्यायाधीश, इन सबके काफिले रुक जाते थे और केवल उसका काफिला निकलता था। मगर जब हमने रगड़कर उसे कोर्ट के सामने प्रस्तुत किया तो उसकी पैंट गीली हो गई थी। तब हमने उसे कहा था कि कानून को रौंदने वाले कानून कितना बड़ा है, ये अहसास हो रहा है कि नहीं। निर्दोष लोगों को मारोगे तो मिट्टी भी नहीं मिल पाएगी।



- मेरठ की रैली में बोले- निर्दोषों को मारोगे तो मिट्टी भी नहीं मिलेगी

बुधवार को मेरठ में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए जनता से अपील की कि पश्चिमी उप्र. में जिन लोगों की गर्मी शांत कर दी गई है, उन्हें दोबारा गर्म नहीं होने देना है। योगी की जनसभा को लेकर भाजपा से यहां साझा की गई जानकारी के मुताबिक, योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अच्छा नेतृत्व देश को जहां बुलंदियों पर ले जाता है वहीं गलत हाथों में सत्ता देने से दरिद्रता आती है। मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से प्रत्याशी संजीव बालियान के पक्ष में जनता से वोट की अपील करते हुए योगी ने कहा कि पश्चिमी उप्र. में परिवर्तन स्पष्ट दिख रहा है। उन्होंने विपक्षियों पर हमला बोलते हुए कहा कि यहां जो लोग गुमराह करने आ रहे हैं, ये वही लोग हैं जिन्होंने संगीत सोम और संजीव बालियान को जेल में डाल के यहां की जनता को कर्फ्यू में झोंकने का काम किया था। दंगा पॉलिसी चलाने वालों ने यहां के युवाओं पर झूठे मुकदमे दर्ज करके उनके जीवन को निगलने की कोशिश की थी, हमें उन्हें माफ नहीं करना है। मुख्यमंत्री ने महाराणा प्रताप के जीवन का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने घास की रोटी खाना स्वीकार किया, मगर कभी विदेशी हुकूमत के सामने सिर नहीं झुकाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई माई का लाल आपका बाल भी बांका नहीं कर सकता, क्योंकि सुरक्षा की तगड़ी व्यवस्था कर दी गई है। आज बड़े बड़े माफिया और आतंकवादियों की कैसी दुर्गति हो रही है, सबको पता है। पहले जिनके नाम से ही कर्फ्यू लग जाया करता था, आज उनकी स्थिति हर कोई जानता है।

### कोई बकबक करता है तो मिर्च का झोंका लगा देते हैं

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कठुआ (जम्मू) में एक जनसभा में कहा कि हमने स्वतंत्र भारत में हमेशा एक ही धर्म माना, वह है राष्ट्रधर्म। राष्ट्र हमारे लिए सर्वोपरि है। मेरी व्यक्तिगत आस्था कुछ भी होगी, यदि वह राष्ट्र के मार्ग में बाधक है तो उसे दरकिनार कर दिया जाएगा। मेरे लिए देश की स्वतंत्रता, संप्रभुता व अखंडता सर्वोपरि है। योगी ने कहा कि पहले लोग खुद को हिंदू बोलने में भी संकोच करते थे। अयोध्या का नाम लेने में लोग डरते थे। अब मैं जनआस्था के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता। उन्होंने कहा, देश में सुरक्षा का बेहतर वातावरण है। हम उप्र. में कोई संकोच नहीं करते हैं। वहां कोई दंगा करता है तो उल्टा लटकाकर टांग देते हैं। बहुत ज्यादा कोई बकबक करता है तो नीचे से मिर्च का झोंका लगा दिया जाता है, सारी भो-भो ठीक हो जाती है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर 15 से 19 तक

**अयोध्या।** आयुष विभाग की ओर से रामनवमी मेले के दौरान तुलसी उद्यान में होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा। यह शिविर 15 से 19 अप्रैल तक चलेगा। सीएमएस संगीता भाटिया ने बताया कि निशुल्क शिविर में सुबह आठ बजे से शाम आठ बजे तक मरीजों को चिकित्सकीय सुविधाएं मिलेंगी। शिविर में दवाएं शीशियों में दी जाएंगी।

### मां कामाख्या धाम में जवाबी कीर्तन 12 को

**अयोध्या।** मां कामाख्या धाम में श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ हो गया। जवाबी कीतन का आयोजन 12 अप्रैल को होगा। पुजारी बृज किशोर मिश्र ने बताया कि श्री मद भागवत कथा का शुभारंभ नवरात्रि शुरू होने केसाथ नौ अप्रैल को हो गया। कथा व्यास देवानंद जी महराज श्री अयोध्या धाम कथा श्रवण करा रह है।

# नगर निगम की चींटी चाल, कुत्तों से नहीं आया माल

अयोध्या कार्यालय



- छह माह पहले घर में कुत्ता पालने वालों के लिए जारी की गई थी लाइसेंस फीस
- छह माह से अधिक बीते, मुश्किल से 10 से 15 कुत्तों का ही बना लाइसेंस

**अमृत विचार :** पालतू कुत्तों के लाइसेंस बनाने के मामले में अभी भी नगर निगम चींटियों की चाल चल रहा है। आदेश जारी होने के छह माह बीतने के बाद भी न तो अधिकारी काम करवा पा रहे हैं और न ही लोग लाइसेंस बनवाने के लिए पहुंच रहे हैं। आलम यह है कि अभी तक नगर क्षेत्र के बमुश्किल 10 से 15 जागरूक लोगों ने ही अपने पालतू कुत्तों का लाइसेंस बनवाया है। बाकी सब इस आदेश को हवा-हवाई समझकर बैठे हैं।

23 अगस्त 2023 को हुई नगर निगम बोर्ड की बैठक में अन्य नगर निगमों की तर्ज पर अयोध्या में भी कुत्ते पालने के लिए वार्षिक शुल्क तय किया गया था। इसके पीछे नगर निगम के राजस्व में इजाफे की उम्मीद थी, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। आम नागरिकों के इस व्यवस्था में रुचि न दिखाने पर नगर आयुक्त ने स्वयं पहल की। 28 नवंबर को उन्होंने 300 रुपये जमा करके अपने पालतू कुत्ते का लाइसेंस लिया था। नगर निगम से जुड़े एक अधिकारी के मकान स्वामी अब्बू सराय निवासी उमेश चंद्रा भी कुत्ते का लाइसेंस लेने वाले दूसरे व्यक्ति हैं। इसके बाद एक्का-दुक्का लोग ही लाइसेंस बनवाने के लिए पहुंचे।

### भारतीय नस्ल के कुत्ते पर 100 रुपये की फीस

भारतीय नस्ल का कुत्ता पालने पर 100 रुपये, छोटी नस्ल के विदेशी कुत्तों पर 300 व बड़ी नस्ल के विदेशी कुत्तों पर 500 रुपये का वार्षिक शुल्क जमा करना होगा। 27 सितंबर को इसका गजट हो चुका है।

### लोग बोले- हमें पता ही नहीं कि लाइसेंस भी बनना है

नगर निगम क्षेत्र के सभी डॉग लवर्स को लाइसेंस लेना अनिवार्य है। इस संबंध में कुछ डॉग लवर्स से बात की गई तो उन्होंने अपना पता नहीं बताया, लेकिन यह जरूर कहा कि हमने अपने घरों में कुत्ता पाल रखा है। नाका के अशोक ने कहा कि नगर निगम ने कभी भी लाइसेंस के लिए नहीं कहा है। रीडगंज की नीता ने विदेशी नस्ल का कुत्ता पाल रखा है, लेकिन उन्होंने कहा कि इसकी जानकारी नहीं है।

### आवारा कुत्ते 40 हजार, बधियाकरण की गति भी धीमी

नगर निगम के एक अधिकारी के मुताबिक नगर क्षेत्र में तकरीबन 40 हजार आवारा कुत्ते हैं। इनकी आबादी को कम करने के लिए गत दिनों बैसिंह गोशाला में बधियाकरण के लिए एक प्रोजेक्ट शुरू किया गया था, लेकिन इस प्रोजेक्ट की भी रफ़्तार मंद है। बताया जा रहा है कि रोजाना 20 से 25 कुत्ते पकड़े जा रहे हैं, लेकिन गली-मोहल्लों में अक्सर दिखने वाले कुत्ते व पिल्ले इस बात की तस्दीक नहीं करते हैं।

### क्या कहता है बाइलॉज

नगर निगम के बाइलॉज के मुताबिक जिन-जिन लोगों ने घरों में कुत्ता पाल रखा है। उनके यहां सफाई आवश्यक है। इसके अलावा कुत्तों के रहने के लिए अलग से स्थान भी होना चाहिए। उन्हें एंटी रैबीज वैक्सीन लगी रहनी चाहिए।

> बहुत ही कम लोगों ने लाइसेंस बनवाया है। मैं अभी इस संदर्भ में आदेश जारी करता हूं। चीफ सेनेटरी इंस्पेक्टर व सेनेटरी इंस्पेक्टर को अपने अधीनस्थ कर्मचारियों से घर-घर सर्वे कराना होगा। डॉग लवर्स को लाइसेंस फीस तो देनी ही होगी।
>
> -सुमित कुमार, अपर नगर आयुक्त, नगर निगम

# बकायेदार को जबरदस्ती छुड़वाने में 36 साल बाद आया फैसला

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** गिरफ्तार आरोपी को जबरदस्ती कुर्क अमीन के कब्जे से छुड़ाने पर 36 साल बाद फैसला हुआ है। फैसले में आरोपी को दोषी पाते हुए एक साल की परिवीक्षा का लाभ दिया गया है। यह फैसला न्यायिक मजिस्ट्रेट अनुज सिन्हा की अदालत से बुधवार को हुआ। सहायक अभियोजन अधिकारी अतुल कुमार मिश्रा ने बताया कि घटना 14 अप्रैल 1988 की है। सहकारी समिति बड़ा गांव काजी के बकाएदार शिव मूरत निवासी पूरा बक्सराय पोस्ट बड़ा गांव इब्राहिमपुर के यहां सहकारी कुर्क अमीन टांडा धर्मेंद्र नाथ शुक्ला बकाया वसूली के लिए गए थे। बकाया न देने पर गिरफ्तारी वारंट पर उन्हें गिरफ्तार करके ले जा रहे थे। इसी बीच राकेश शर्मा व उनके घर की औरतों ने राकेश शर्मा को जबरदस्ती छुड़ा दिया। कुर्क अमीन के साथ शाखा प्रबंधक श्री राम गंगवार, इंदु प्रकाश सिंह ,सचिव चक्रधारी वर्मा भी थे। इसकी रिपोर्ट धर्मेंद्र शुक्ला ने राकेश शर्मा के खिलाफ दर्ज कराई थी। विवेचना के बाद आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने राकेश को अभिरक्षा से छुड़ाने का दोषी पाते हुए तुरंत सजा न देकर परिवीक्षा अधिनियम का लाभ देते हुए एक साल तक सदाचार बनाए रखने के लिए बंधपत्र दाखिल करने का भी आदेश दिया।

# 39° पहुंचा तापमान, हीट वेव देख स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

## अस्पतालों में बेड आरक्षित, ओआरएस घोल का रखवाया स्टॉक

अयोध्या कार्यालय

- स्वास्थ्य विभाग सीएचसी व पीएचसी के बाहर लगवा रहा हीट वेव से बचाव के बोर्ड

**अमृत विचार :** अभी अप्रैल महीने की 15 तारीख भी नहीं बीती है और पारे का मिजाज बदल गया है। दिन में धूप तीखी होने के साथ ही गर्म हवाएं चलने लगी हैं। हीट वेव (लू) को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया और बचाव के लिए एडवाइजरी जारी कर दी। यही नहीं अस्पतालों में बेड भी आरक्षित करा दिए गए हैं। बुधवार को अधिकतम तापमान सामान्य से ढाई डिग्री अधिक रिकार्ड किया गया।

हीट वेव को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने जिले की 14 सीएचसी पर दो-दो बेड आरक्षित रखने के निर्देश दिए हैं। एपीडेमोलॉजिस्ट डॉ. अरविंद श्रीवास्तव ने बताया कि हीट वेव की स्थिति शरीर की कार्य प्रणाली पर प्रभाव डालती है, जिससे मृत्यु भी हो सकती है। सीएमओ डॉ. संजय जैन के अनुसार अस्पतालों में सभी दवाओं के साथ ओआरएस का स्टॉक भी रखवाया गया है। इसके अलावा सीएचसी-पीएचसी के बाहर हीट वेव से बचाव के लिए बोर्ड लगवाया जा रहा है। उधर, जिला अस्पताल में भी आठ बेड का रिजर्व वार्ड लू के मरीजों के आरक्षित किया गया है।



रामपथ पर गर्म हवाओं से बचने के लिए स्कूटी सवार युवतियों ने अपने शरीर को ढका।

### हीट वेव से बचाव के उपाय

- तेज धूप और गर्म हवा से बचें।
- बहुत जरूरी हो तभी घर से बाहर निकलें।
- जितनी बार हो सके पानी पियें।
- हल्के रंग के सूती कपड़े पहनें।
- धूप से बचने के लिए गमछा, टोपी, छाता, धूप का चश्मा का प्रयोग करें।
- घर में बना पेय पदार्थ जैसे कि लस्सी, नमक चीनी का घोल, नींबू पानी, छाछ, आम पना इत्यादि का सेवन करें।

### अचानक तापमान बढ़ा है, मौसम बिगड़ेगा

आचार्य नरेंद्र देव कृषि विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरनाथ मिश्र ने बताया कि हीट वेव पिछले दो दिनों में चली हैं। अप्रैल अभी पूरा बचा ही है। आगे चलनी ही चलनी है। हालांकि इस बार बहुत ही जल्दी तापमान 39 डिग्री पर पहुंच गया है। 17 अप्रैल से अप्रैल से डिस्टर्बेंस होगा। आंधी व बारिश की भी संभावना है। उन्होंने बताया कि बुधवार को अधिकतम तापमान 39 .5 व न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### आगामी सात दिनों का अनुमानित तापमान

| तारीख | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 11 | 38 .5 | 23 |
| 12 | 39 .4 | 22 .2 |
| 13 | 39 | 20 .1 |
| 14 | 38 .7 | 22 .2 |
| 15 | 39 .2 | 21.0 |
| 16 | 39 .8 | 23 .0 |
| 17 | 39 .9 | 21.0 |

नोट- तापमान डिग्री सेल्सियस में

## साबूदाना और किसमिश के लिए गए नमूने

**अयोध्या, अमृत विचार:** खाद्य सुरक्षा व औषधि विभाग एक बार फिर सतर्क हो गया है। नवरात्रि को देखते हुए बुधवार को मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. पीके त्रिपाठी के नेतृत्व एवं सहायक आयुक्त खाद्य के निर्देशन में विभाग के प्रवर्तन दल द्वारा सात प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान तीन खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित करके जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। फफूंदी लगी ब्रेड के 10 पैकेट नष्ट कराये गए। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार अभियोजन की कार्यवाही की जाएगी। संग्रहीत किये गये खाद्य पदार्थों में साबूदाना, मूंगफली, काली किशमिश शामिल है। प्रवर्तन दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरविंद प्रजापति, सुमित चौधरी व नीरज चौधरी सम्मिलित रहे।

# रीडगंज पंप की पाइप लाइन फटने से बहा पानी

अयोध्या कार्यालय

- बिजली विभाग द्वारा अंडरग्राउंड केबल बिछाने के दौरान पाइप लाइन हुई क्षतिग्रस्त

**अमृत विचार :** नगर निगम के जलकल विभाग के अधीन संचालित रीडगंज पंप की पाइप लाइन फट गई। जिसके कारण हर घंटे एक हजार लीटर से अधिक पानी सड़क पर बह रहा है। जल निगम द्वारा पाइप लाइन फटने का कारण बिजली विभाग द्वारा बिछाई जा रही अंडरग्राउंड केबल बताया गया है। पाइप लाइन फटने से चौक क्षेत्र की जलापूर्ति भी बाधित हुई।

बताया जाता है बिजली विभाग द्वारा अंडरग्राउंड केबल बिछाने का काम किया जा रहा है। इस दौरान रीडगंज स्थित जल निगम के पंप से निकली पाइप लाइन चौराहे पर पराग बूथ के निकट बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। मंगलवार शाम पांच बजे से क्षतिग्रस्त हुई पाइप लाइन के कारण बुधवार सुबह तेज बहाव के साथ पानी बूथ की ओर से होते हुए नगर कोतवाली की ओर बहता रहा। जिसके कारण आसपास के दुकानदारों और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बताया जाता है कि जलकल की ओर से चौक विघुत उपकेंद्र के अवर अभियंता को भी सूचना दी गई लेकिन दोपहर तक मरम्मत नहीं हो सकी थी। जलकल के अनुसार पंप चालू रहने के कारण अनुमान के मुताबिक हर घंटे एक हजार लीटर पानी बह रहा है। जिसके कारण रीडगंज और चौक क्षेत्र में रहने वालों को भी जलापूर्ति का संकट झेलना पड़ रहा है। आसपास के दुकानदारों ने बताया कि मंगलवार शाम से यही स्थिति है। जिसके कारण दुकानदारी भी प्रभावित हो रही है। चौतरफा कीचड़ भी फैल गया है। आने वाले में दिक्कत हो रही है। जलकल के अभियंता अनूप सिंह ने बताया कि बिजली विभाग को मरम्मत के लिए कहा गया है। उन्होंने स्वीकार किया कि पाइप लाइन फटने से लगातार पानी की बर्बादी हो रही है।



रीडगंज चौराहे के निकट पाइप लाइन फटने से बहता पानी। अमृत विचार

# यह हाल : माध्यमिक में पांच, परिषदीय विद्यालयों में छह घंटे हो रही पढ़ाई

अयोध्या कार्यालय

- भीषण गर्मी में नौनिहालों को झेलनी पड़ रही है तकलीफ, समय परिवर्तन को भरी हुंकार

**अमृत विचार :** शिक्षा विभाग का खेल भी निराला है। विभाग के दोहरे मापदंड से परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को संकट झेलना पड़ रहा है। इस भीषण गर्मी में माध्यमिक विद्यालयों में पांच घंटे जबकि परिषदीय विद्यालयों में छह घंटे पढ़ाई हो रही है। गत वर्ष भी गर्मी में समय परिवर्तन की मांग की गई थी लेकिन मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। अब फिर समय परिवर्तन की मांग उठाई जा रही है।

जिले में 1792 परिषदीय विद्यालय संचालित हैं। जिनमें साढ़े तीन लाख से अधिक बच्चे पढ़ते हैं। वर्तमान में गर्मी का पारा 37 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है। इधर अप्रैल में ही मई जून सरीखी तपिश का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को भारी संकट का सामना करना पड़ रहा है। बता दे कि परिषदीय विद्यालयों में प्रातः आठ से दो बजे तक कक्षाएं संचालित हो रही है जबकि माध्यमिक विद्यालयों में प्रातः 7:30 से 12:30 तक। जबकि माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र - छात्राएं परिषदीय विद्यालयों से आयु में अधिक होते हैं। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र भेज कर परिषदीय विद्यालयों के समय में परिवर्तन की मांग की गई है। सुबह 7:30 से 12:30 तक समय किए जाने को लेकर बीएसए को पत्र भेजा गया है। अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय ने बताया कि प्रमुख सचिव को भी पत्र भेजा गया है। यदि समय परिवर्तन नहीं होता तो आगे की रणनीति तय की जाएगी। बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने बताया कि संघ का पत्र मिला है विचार किया जा रहा है।

## सार-संक्षेप

### दो साल से खराब है हैंडपंप, लोगों को परेशानी



सुल्तानपुर रोड पर खराब पड़ा हैंडपंप।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** नगर निगम क्षेत्र स्थित सुल्तानपुर रोड शहीद भवन के सामने लगा इंडिया मार्का टू हैंड पंप भीषण गर्मी में आम लोगों के लिए छलावा साबित हो रहा है। यह हैंडपंप पिछले 2 साल से बंद पड़ा हुआ है। स्थानीय दुकानदार शेर बहादुर व रामशंकर यादव ने बताया कि यह हैंडपंप पिछले 2 साल से बंद पड़ा हुआ है। जनवरी माह में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के दौरान विभागीय लोगों ने इस हैंडपंप की डेंटिंग पेंटिंग कर दी थी लेकिन पानी नहीं दे रहा। आज भी हैंडपंप उसी स्थिति में पड़ा हुआ है। स्थानीय दुकानदारों ने विभागीय अधिकारियों से हैंडपंप बनवाने की मांग की है। बता दे कि हाईवे पर होने के कारण बड़ी संख्या में लोगों का इधर से आना जाना होता है। लोगों को पानी की बोतल खरीद कर प्यास बुझाने के लिए मजबूर होना पड़ता है।


### शत-प्रतिशत मतदान के लिए निकली गई जागरुकता रैली



जागरुकता रैली में मौजूद ग्रामीण। अमृत विचार

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** विकासखंड पूरा बाजार के ग्राम पंचायत अकवारा में बुधवार को प्रधान व सचिव ने शत प्रतिशत मतदान के लिए रैली निकालकर ग्रामीणों को जागरूक किया। ग्राम पंचायत अकवारा में प्रधान सीमा मौर्य व ग्राम पंचायत अधिकारी कोमल मिश्रा ने बुधवार को ग्राम पंचायत के गजराज का पुरवा, डिहवा, साई तकिया व अकवारा खास सहित विभिन्न मजरों में रैली निकाल कर हाथों में स्लोगन लेकर "देश तरक्की तभी करेगा हर वोटर जब वोट करेगा" नारों के साथ घर-घर जाकर प्रत्येक मतदाताओ को जागरूक किया। रैली में रोजगार सेवक अवध कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर खुशबू वर्मा, कोटेदार राम कुमार गुप्ता, सफाई कर्मी शिव शरण सहित पंचायत सदस्य व ग्रामीणों ने भाग लिया।

### भवसागर से तर जाने को राम नाम ही काफ़ी है : अर्चना



कवि सम्मेलन की शुरुआत करते महापौर। अमृत विचार

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा हिंदू नव वर्ष के अवसर पर चौक घंटाघर पर राष्ट्रीय कवि संगम द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। उद्घाटन महापौर महंत गिरीश पत्र त्रिपाठी ने किया। अध्यक्षता रवि तिवारी और संचालन अनुजेंद्र त्रिपाठी ने किया। कवियों ने अपनी वाणी से समां बांध दिया। युवा कवियत्री अर्चना द्विवेदी ने भवसागर से उतर जाने को राम नाम ही काफी है से मौजूद हिंदू धर्म प्रेमियों में भगवान श्रीराम के नाम की महिमा से भावविभोर कर दिया। युवा कवि जतिन फैजाबादी ने "वर्षों बाद भवन में राघव को देखा,हम कितना सौभाग्य संभाले बैठे थे" की पंक्तियों से लोगों का दिल जीता। अनुजेंद्र तिवारी ने चारों भाई संग सीता माई को प्रणाम है से भाव विभोर किया। अंकिता तिवारी ने भी काव्य पाठ किया। इस मौके पर अनुपम पांडेय, अंबरीश चंद्र पांडेय, मनोरमा साहू, सुषमा गुप्ता, अर्चना सिंह योगेश्वर सिंह, विजय लक्ष्मी सिंह आदि मौजूद रहे।

### नशीला पदार्थ खिला यात्रियों को लूटने के दो आरोपी दोष मुक्त

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** यात्रियों को चाय और बिस्किट में नशीला पदार्थ खिलाकर उनका सामान पार कर देने व नकली जेवरात बेचने के दो आरोपियों को कोर्ट ने दोष मुक्त कर दिया है। यह फैसला अपर जिला जज प्रथम अशोक कुमार दुबे की अदालत से हुआ। इन दोनों को फैजाबाद रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 3 से पकड़ा गया था। कोर्ट से हुए निर्णय के मुताबिक मोहम्मद अहमद अली निवासी शांति नगर थाना मोहम्मदाबाद जनपद फर्रुखाबाद व मोहम्मद ताहिर निवासी रसूलाबाद थाना रसूलाबाद कानपुर देहात को 22 मई 2012 को थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने रेलवे प्लेटफार्म नंबर 3 से डायजापाम की गोलियों और नकली जेवरात के साथ गिरफ्तार किया था। आरोप था कि यह दोनों ट्रेन में यात्रा करने वाले यात्रियों को चाय तथा बिस्किट में नशीला पदार्थ खिलाकर उनका सामान लूट लेते थे तथा यात्रियों को नकली जेवर असली बताकर बेच लेते थे।

# परिषदीय विद्यालयों में पढ़ाई की गुणवत्ता परखेगी टास्क फोर्स

अयोध्या कार्यालय

**तैयारी**

**अमृत विचार :** परिषदीय स्कूलों में पढ़ाई शुरू होने के बाद शासन ने अब गुणवत्ता की जांच शुरू करा दी है। स्कूलों में टास्क फोर्स बनाकर शैक्षणिक गुणवत्ता को परखा जाएगा। एक सप्ताह में दो या चार दिन ब्लॉकवार स्कूलों का निरीक्षण किया जाएगा और इसकी रिपोर्ट शासन को जाएगी।

स्कूल महानिदेशक के निर्देश आने के बाद विभाग ने टास्क फोर्स बनाने की प्रक्रिया को शुरू कर दिया है। बेसिक शिक्षा विभाग के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों में नए शैक्षणिक सत्र 2024-25 की शुरूआत हो चुकी है। शासन का जोर स्कूलों में शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार का है और इस पर बड़े जोर से कार्य चल रहा है। हालांकि स्कूलों में काफी हद तक गुणवत्ता में सुधार हो चुका है और अफसरों द्वारा मेहनत की जा रही है। बीएसए संतोष कुमार राय ने बताया ने बताया कि स्कूलों में टास्क फोर्स गुणवत्ता जांची जाएगी। संबंधित ब्लॉक के बीईओ, एआरपी व अन्य विभागों के अधिकारी भी शामिल होंगे। बताया गया कि जिला स्तर पर गुणवत्ता की समीक्षा होने के बाद इसे शासन में भेजा जाएगा और फिर से आगे के लिए निर्देश दिए जाएंगे।

# शिया समुदाय ने मनाई ईद, अमन की मांगी दुआ

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** शिया समुदाय ने बुधवार को यहां ईद - उल - फितर का त्यौहार मनाया। हालांकि सुन्नी समुदाय द्वारा गुरुवार को ईद का पर्व मनाया जाएगा। नगर की शिया जामा मस्जिद में मौलाना सैयद अहमद अली आब्दी ने ईद-उल-फितर की नमाज पढ़ाई।

मस्जिद चौक वक्फ हसन रजा में वसीका अरबी कालेज के प्रिंसिपल मौलाना मोहम्मद मोहसिन, शाही मस्जिद गुलाबबाड़ी में मौलाना जफर अब्बास कुम्मी, मस्जिद बज़्मे सलात में मौलाना सैयद खुशनूद और मोती मस्जिद में मौलाना मोहम्मद फरजान, मस्जिद खजूर वक्फ नवाब मेंहदी हसन में मौलाना सादिक ने नमाज की कयादत की। इस मौके पर लोगों ने एक दूसरे के गले मिल कर ईद की मुबारकबाद दी। वहीं नगर पंचायत भरत कुंड भदरसा में भी बुधवार को शिया समुदाय के लोगों ने ईद मनाई। मिर्जापुर निमोली, मीरा जैना, मूसेपुर व हैदरिया मस्जिद में नमाज अदा की गई। सैयद नजमुल हसन, सैयद अब्बास मेहंदी, जावेद रिजवी, सैयद हम्माद अकबर नकवी, सैयद शिफा रिजवी, सैयद अजीज अख्तर, अनवर हुसैन, मौलाना आमिर साहब जादे, आबिद हुसैन, मुंशिफ हुसैन, फैजी नकवी, जैद नकवी, मुर्तजा रिजवी सहित सैकड़ों लोगों ने नमाज अदा कर एक दूसरे के गले मिलकर मुबारकबाद दिया।



चौक मस्जिद वक्फ हसन रजा में ईद की नमाज अदा करते शिया समुदाय के लोग।

### ईद की नमाज का समय

- मरकजी ईदगाह सिविल लाइन में सुबह 8 :30 बजे
- मस्जिद अड़गड़ा सिविल लाइन में 8 बजे
- जामा मस्जिद बारह पत्थर में 8 :30बजे
- ईदगाह जगनपुर में 7 बजे
- मरकजी जामा मस्जिद सेराय पुख्ता तरकारी मंडी चौक में 8 :15 बजे
- मस्जिद यतीम खाना बड़ी बुवा साहिबा की ईदगाह में 8 :00बजे
- ईदगाह दर्शन नगर में 9 बजे
- ईद गाह शेरिया : अंबर बाज़ार लालपुर गोसाईगंज में 8 बजे
- मदनी मस्जिद मुगलपुरा में 8 बजे
- मस्जिद नूरानी ठठरैया में 9 :30बजे
- मस्जिद सालार गंज खेत वाली तेली टोला में 7 :45 बजे
- ईदगाह रानोपाली में 9 :00 बजे
- जामा मस्जिद छोटी कुटिया में 8 :00बजे
- जामा मस्जिद शाह मदार शाह में 8 :30बजे
- जामा मस्जिद दोरही कुंवा में 8 :30बजे
- जामा मस्जिद क़ाज़ी कुतबा में 8 :30 बजे
- जामा मस्जिद आलमगीर में 7 :45 बजे

**आयोजन** — भरतनाट्यम शैली में रामायण और जलतरंग पर भजन

# दुबई के कलाकारों ने तुलसी मंच पर किया रामायण का मंचन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित रामोत्सव के तुलसी मंच पर नवरात्रि के प्रथम दिन अंतरराष्ट्रीय कलाकारों की प्रस्तुति ने सभी को मोह लिया।

दुबई से आए टीम मोहाना के तीस महिला कलाकारो ने एक साथ रामायण के श्लोकों को गाकर वातावरण में राम रस घोल दिया। रामायण के प्रसंगों पर भरतनाट्यम शैली में नृत्य के माध्यम से राम कथा को देखना सभी को रोमांचित कर दिया। चौबीस रागों में निबद्ध संपूर्ण रामायण का गायन जहां सभी को आनंदित कर रहा था वहीं शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुति को और प्रभावी बना रहा था। अपने सधे स्वर और कदमताल से कलाकारों द्वारा प्रदर्शित राम चरित्र को दर्शक मंत्रमुग्ध होकर देख रहे थे। राधिका, आनंद, विनय, दीपा और रूपा के निर्देशन में दुबई से आए कलाकार प्रदर्शन के बाद अभिभूत दिखे। बरेली से आए श्रीयांश मणि ने अपने सुरीले स्वर में जैसे गाया ऐ री सखी,मोरे प्रभु घर आए है तो वातावरण राममय हो गया। इसके बाद अपने सधे अंदाज में राम नाम के हीरे मोती गाकर सभी को मुग्ध कर दिया। इसके बाद प्रयागराज से आए प्रत्युष श्रीवास्तव ने अपने दल के साथ प्रस्तुति दी। लखनऊ से आए शिवलाल भारद्वाज ने इसके बाद तेरा रामजी करेंगे बेड़ा पार से प्रभु के प्रति समर्पण दिखाया। राम नाम रस मीठा है कोई गा कर देख ले और लेके पूजा की थाली जैसे भजनों को सुनकर सभी नृत्य करने लगे। संचालन भक्तिपूर्ण भाव से आकाशवाणी के उद्घोषक देश दीपक ने किया। उत्तर प्रदेश लोक एवम जनजाति संस्कृति संस्थान लखनऊ के निदेशक अतुल द्विवेदी के निर्देशन में कलाकारों का सम्मान स्मृति चिन्ह देकर अतुल कुमार सिंह ने किया।



तुलसी मंच पर रामजन्मोत्सव पर प्रस्तुति देतीं महिला कलाकार। अमृत विचार

## प्रदेश की एथलेटिक्स टीम स्कूल नेशनल में रही उपविजेता

**अयोध्या, अमृत विचार :** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में पटना में हुई राष्ट्रीय विद्यालयीय बालक व बालिका अंडर-17 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए उप्र टीम ने शानदार प्रदर्शन कर उपविजेता होने का गौरव प्रप्त किया। राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी नरेन्द्र पाल ने बताया कि उप्र बालक व बालिका अंडर-17 एथलेटिक्स टीम के खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन किया और अंकों के आधार पर ओवर ऑल उपविजेता रही। टीम की उपलब्धि पर क्रीड़ा संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी नरेन्द्र पाल, जिला क्रीड़ा समिति के सचिव धर्मेन्द्र सिंह, संयुक्त सचिव अभिषेक सिंह, जिला ओलम्पिक संघ के सचिव परमेन्द्र सिंह आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए टीम को बधाई दी।

Kanak Kids International School
Nursery to Class 5th (English Medium)
Add.: ITI Chauraha Punch Kosi Prikarma Marg Ram Path - Ayodhya U.P.
Gmail ID - kanakkidsayo@gmail.com
Mob.: 7905181449
Admission Open

Dr. Sanjay Tiwari (Chairman)
Saryu International School
Class 6th to 12th (CBSE PATTERN NEW DELHI)
Add.: Near Police Booth No-4 Bypass Ayodhya U.P.
Gmail ID- internationalsaryu@gmail.com
Mob.: 7905193849

तृतीय चंद्रघंटा

मां दुर्गा की तीसरी शक्ति हैं चंद्रघंटा। नवरात्र में तीसरे दिन इसी देवी की पूजा-आराधना की जाती है। देवी का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इसीलिए कहा जाता है कि हमें निरंतर उनके पवित्र विग्रह को ध्यान में रखकर साधना करना चाहिए। देवी चंद्रघंटा पूजा से शुक्र ग्रह का प्रभाव बढ़ता है।
बीज मंत्र-ऐं श्रीं शक्त्यै नमः।
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा

एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

# 24 घंटे बिजली-पानी, अत्याधुनिक मशीनों से सफाई

## राम नवमी मेला : क्षेत्र में 1500 वाटर टैप, 60 टैंकरों से की जाएगी जलापूर्ति

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के बाद रामनवमी मेले में बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चाक चौबंद व्यवस्था की जा रही है। व्यवस्था में पहली बार बहुत कुछ बदला दिखेगा। युद्धस्तर पर तैयारी के साथ कई नए इंतजाम किए जा रहे हैं। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े इसके लिए जिला प्रशासन के साथ नगर निगम व्यापक स्तर पर तैयारी करवा रहा है।

खास बात यह है कि पहली बार रामनगरी में आने वाले श्रद्धालुओं को इस तरह के इंतजाम दिखेंगे। रामनवमी मेले में नगर निगम ने अपनी पूरी ताकत लगाई है। संसाधनों को झोंक दिया है। नगर निगम से पूरे मेला क्षेत्र में खास तौर पर विभिन्न पथों पर 1500 वाटर टैप लगाए जा रहे हैं जहां बोरिंग से अनवरत 24 घंटे जलापूर्ति की जाएगी। निर्बाध जलापूर्ति के लिए नगर निगम से इन वाटर टैपों की निगरानी के लिए कर्मी तैनात किए गए हैं। 955 इंडिया मार्का हैंडपंप और 322 स्टैंड पोस्ट स्थापित किए गए हैं। श्रद्धालुओं को पेयजल का संकट न हो इसके लिए साठ वाटर टैंकर रामपथ, भक्तिपथ, दर्शनपथ और घाट वाले क्षेत्रों में मोबाइल रहेंगे। इसके अलावा गैर जनपदों से सड़कों पर छिड़काव और प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की तर्ज पर सभी पथों की सफाई के लिए 30 मशीनें मंगाई गईं हैं।


अयोध्या में रामपथ पर कड़ी धूप के बीच से गुजरते श्रद्धालु। अमृत विचार

### सफाई व्यवस्था में लगे 2500 स्वच्छता दूत

नगर निगम से रामनवमी मेले में यहां कार्यरत स्वच्छता निरीक्षकों के अतिरिक्त गैर जनपदों के 12 अतिरिक्त स्वच्छता निरीक्षकों की तैनाती की गई है। स्वच्छता निरीक्षक मेले की सफाई व्यवस्था के साथ खाद्य पदार्थों की बिक्री पर भी नजर रखेंगे। 2500 स्वच्छता दूत अनवरत सफाई व्यवस्था को आठ-आठ घंटे की पालियों में अंजाम देंगे। फैजाबाद नगर में भी निर्बाध आपूर्ति के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। हालांकि ओवरहेड की क्षमता अनुसार निर्णय लिया जाएगा। नगर निगम ने मेला क्षेत्र को 12 से अधिक जोन में बांट कर अनवरत क्रियाशील रहने के लिए कर्मियों को निर्देशित किया है।

**12** अतिरिक्त स्वच्छता निरीक्षक तैनात, बाहर से मंगाईं गई 30 मशीनें

"रामनवमी मेले को लेकर सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। निगम अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा के लिए कृतसंकल्प है। बड़े पैमाने पर जलापूर्ति, सफाई और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। - **संतोष शर्मा, नगर आयुक्त**"

### मेला क्षेत्र में चार से अधिक मोबाइल ट्रांसफॉर्मर

रामनगरी वैसे भी कटौती मुक्त घोषित है, लेकिन रामनवमी मेले को लेकर और सतर्कता बरती जा रही है। रामनगरी में स्थापित सभी तीनों उपकेंद्रों को व्यवस्थित करने के साथ ही चार से अधिक मोबाइल ट्रांसफार्मर भी मेला क्षेत्र में लगाए गए हैं। बिजली गड़बड़ी को तत्काल दुरुस्त करने के लिए प्रत्येक उप केन्द्रों पर चार-चार गैंग नियुक्त तैनात की गई है। जो अवर अभियंता की निगरानी में तत्काल मौके पर पहुंच कर समस्या का निराकरण करेंगे। बिजली आपूर्ति आबाध रहे इसके लिए अयोध्या और फैजाबाद के सभी एसडीओ को मेला क्षेत्र की अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है। अधिशासी अभियंता प्रथम प्रदीप कुमार वर्मा की ओर से जारी सूचना के अनुसार रामनवमी मेले पर पहले से ही 24 घंटे आपूर्ति के निर्देश हैं जिनका अनुपालन किया जा रहा है। बताया कि सामान्य रूप से फैजाबाद नगर क्षेत्र में भी विगत साठ दिनों से आबाध आपूर्ति की जा रही है। लाइनों के अनुरक्षण के लिए सभी 13 उप केन्द्रों के अवर अभियंताओं को निगरानी के लिए जिम्मेदारी दी गई है। शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए सभी उप केन्द्रों पर दो-दो कर्मी कंट्रोल रूम में तैनात कर दिए गए हैं।

लोकसभा चुनाव-2024

## 11 हजार कार्मिकों को कल से मिलेगा चुनाव का ड्यूटी कार्ड

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** मतदान में लगाए जाने वाले लगभग 11 हजार मतदान कार्मिकों का ड्यूटी पत्र जारी कर दिया गया। बुधवार को अधिकारियों ने कंप्यूटर के जरिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई। ड्यूटी पत्र का वितरण 12 अप्रैल को होगा। विकास भवन के सभागार में दर्जन भर काउंटर लगाए जाने की तैयारी है। ड्यूटी कार्ड का वितरण दोपहर 12 बजे से किया जाएगा। जिले में जरूरत के लगभग 125 फीसदी कर्मचारियों का रेंडमाइजेशन के जरिए चयन किया गया। इनमें पीठासीन अधिकारी के साथ प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ मतदान अधिकारी शामिल हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार, सीडीओ ऋषि राज, एडीएम प्रशासन सहित अन्य अफसरों ने विकास भवन के सूचना विज्ञान केंद्र में मतदान कार्मिकों की ड्यूटी लगाई। इनमें 5150 पीठासीन और प्रथम मतदान अधिकारी हैं, जबकि 5600 तृतीय और चतुर्थ मतदान कार्मिक हैं। इस दौरान सूचना विज्ञान अधिकारी, सहायक सूचना विज्ञान अधिकारी सहित अन्य कर्मचारी थे।

▶▶ विकास भवन के सभागार में लगाए जाएंगे 12 से भी अधिक काउंटर

**22 अप्रैल से होगा कार्मिकों का प्रशिक्षण :** मतदाना कार्मिकों का प्रशिक्षण 22 अप्रैल से शुरू होगा। साकेत महाविद्यालय में आयोजित प्रशिक्षण में पालियों में कार्मिकों को मतदान प्रक्रिया के साथ ही ईवीएम के बारे में जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण तीन दिन चलेगा।

एक नजर

### मेला परिसर में नौ एंबुलेंस तैनात



**अयोध्या, अमृत विचार :** रामनवमी मेले पर प्रभु आयोध्या धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की तरफ से नौ एंबुलेंस की तैनाती की गई है। जिले की सभी एंबुलेंसों को हॉटस्पॉट बनाकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर तैनात किया गया है। एंबुलेंस सेवा प्रदाता संस्था के जिला प्रोग्राम मैनेजर दीपक अस्थाना ने बताया कि 108 एंबुलेंस के रूप से चिह्नित किए गए विशेष स्थानों, दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों व थानों के नजदीक मौजूद रहेगी। एंबुलेंस में जीवन रक्षक दवाओं के साथ इमरजेंसी सुविधाएं व प्रशिक्षित स्टाफ मौजूद रहेंगे।

## शेषावतार मंदिर और सप्त मंडप की भरी गई नींव

अयोध्या कार्यालय

रामजन्मभूमि मंदिर

▶▶ तीन चरणों में होगा निर्माण, मंदिरों में भी लगेंगे राजस्थानी पत्थर

**अमृत विचार :** राम जन्मभूमि परिसर में राम मंदिर की तर्ज पर भगवान लक्ष्मण के शेषावतार मंदिर और सप्त मंडप का भी निर्माण किया जा रहा है। यह निर्माण इसलिए किया जा रहा है कि श्रीराम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा अगले एक हजार वर्ष तक बनी रहे।

इन मंदिरों का निर्माण भी तीन चरणों में किया जाएगा। पहले चरण में सीमेंट, मोरंग और कंक्रीट से नींव को तैयार किया जा रहा है, जिस पर बलुआ पत्थर को लगाकर प्लिंथ को तैयार किया जाएगा। फिर राजस्थान के पत्थरों से मंदिर के स्ट्रक्चर को खड़ा किया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा के बाद राम मंदिर को पूर्ण करने का कार्य तेजी से शुरू कर दिया गया है। इसके साथ ही परकोटा और उसमें बनने वाले 6 देवी देवताओं के मंदिर का भी निर्माण किया जा रहा है। अब मंदिर परिसर में राम मंदिर के दक्षिण दिशा की ओर शेषवतार, महर्षि वाल्मिकी, महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि, अगस्त्य, निषाद राज, अहिल्या का भी मंदिर बन रहा है। निर्माण कार्य के लिए आर्किटेक्ट आशीष सोनपुर उनकी टीम ने राम मंदिर से मिलता जुलता मॉडल को तैयार किया है। यह मंदिर परिसर और भव्य बनाएगा।


सीमेंट, मोरंग व कंक्रीट से तैयार की गई नींव। अमृत विचार

### दो हजार वर्कर लगे हैं निर्माण कार्य में

श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ अनिल मिश्रा ने बताया कि राम मंदिर के प्रथम, द्वितीय तल और अन्य मंदिरों के कार्य को दिसंबर 2024 तक पूरा कर लिया जाएगा। ऐसी योजना एलएंडटी ने तैयार की है, जिसके लिए बड़ी संख्या में वर्करों को उतार कर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि मंदिर निर्माण का कार्य प्रारंभ हो गया है, जिसके लिए लगभग 2000 वर्कर मंदिर निर्माण के कार्य में लगे हुए हैं। इसके अलावा परिसर में प्रारंभ होने वाले अन्य निर्माण कार्य भी शुरू कर दिए गए हैं।

## साकेत महाविद्यालय में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया 12 से शुरू

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** कासु साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सत्र 2024-25 के स्नातक प्रथम सेमेस्टर बीए, बीएस-सी, बीकॉम व बीसीए तथा परास्नातक प्रथम सेमेस्टर एमए, एमएस-सी, एमकॉम में प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 12 अप्रैल से शुरू होगी। प्राचार्य डॉ. अभय कुमार सिंह ने बताया कि अभ्यर्थी महाविद्यालय की वेबसाइट पर अपने रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। रजिस्टर्ड अभ्यर्थियों को इंटरमीडिएट व स्नातक अंतिम वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद प्रवेश आवेदन फार्म अपडेट करने का अवसर मिलेगा। प्रवेश समिति में महाविद्यालय के मुख्य नियंता प्रो. अनिल सिंह व छात्र कल्याण अधिकारी प्रो. वीडी द्विवेदी पदेन सदस्य हैं।

## दो दिन दोने व स्टील बर्तनों में ही परोसें खाद्य सामग्री

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रामनवमी मेले को लेकर खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन विभाग ने बुधवार देर शाम एडवाइजरी जारी की। 16 व 17 अप्रैल को सभी रेस्टोरेंट, फुटकर दुकानदार व स्वीट शॉप को दोना और पत्तल में ही सामग्री परोसनी पड़ेगी। व्यवसायियों को अपने प्रतिष्ठानों पर साफ-सफाई भी रखनी होगी। सहायक आयुक्त मानिक चंद्र सिंह ने बताया कि देखा जाता है कि दुकानदार लापरवाही कर जाते हैं। ऐसे में उन्हें सख्त निर्देश दिया गया है कि दो दिन अपने प्रतिष्ठानों पर पर्याप्त मात्रा में पानी रखें। प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई भी रखें। कूड़े को कवर्ड कूड़ेदान में रखें। ताजा खाद्य पदार्थ जाली से ढक कर रखें। ग्राहकों को पत्तल के दोने व स्टील के बर्तनों में खाद्य सामग्री परोसी जाए।

▶▶ रामनवमी मेले को लेकर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने जारी किया आदेश

## पार्किंग को लेकर बार व प्रशासन आमने-सामने

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** मल्टी स्टोरी पार्किंग में अधिवक्ताओं के वाहन खड़ा करने पर शुल्क लेने के मामले को लेकर बुधवार को बार एसोसिएशन की बैठक संघ भवन में हुई। बैठक में तय हुआ कि हाईकोर्ट द्वारा जारी सुरक्षा मानक के तहत ही वाहनों को कचहरी परिसर में घुसने दिया जाएगा। यदि उसके अलावा कोई वाहन कचहरी परिसर में खड़ा किया गया तो सभी अधिवक्ता अपने वाहन कचहरी परिसर में ही खड़ा करेंगे।

दूसरी तरफ अधिवक्ताओं ने एक सुर से कहा कि कोई भी अधिवक्ता मल्टी स्टोरी पार्किंग में वाहन खड़ा करने के लिए शुल्क नहीं देगा। अधिवक्ता संघ अध्यक्ष पारस पांडे ने बताया कि जिलाधिकारी ने बार के पदाधिकारियों को बुलाकर कहा कि रामपथ पर वाहन ना खड़े किए जाएं। मुख्यमंत्री द्वारा ऐसा आदेश दिया गया है इस पर अध्यक्ष ने बार एसोसिएशन की बैठक बुलाई। बैठक में अधिवक्ता काफी नाराज दिखे। सभी अधिवक्ताओं ने एक तरफ से वाहन पार्किंग के लिए कोई शुल्क न दिए जाने का तर्क रखा। इस पर अध्यक्ष ने कहा कि शुक्रवार से हाई कोर्ट के सुरक्षा मानक के अलावा किसी भी वाहन को कचहरी में घुसने नहीं दिया जाएगा। यदि सुरक्षा मानक को जिलाधिकारी नहीं मानते हैं तो सभी अधिवक्ता भी अपने वाहन कचहरी कैंपस में खड़ा करेंगे। हालांकि यह मामला बैठक में तय नहीं हो सका। इसके लिए अगले कार्य दिवस में बैठक बुलाई गई है। बैठक को अधिवक्ता राज कपूर, गिरीश तिवारी, धनुष जी श्रीवास्तव, लाल जी गुप्ता, राघवेंद्र प्रताप सिंह समेत अन्य लोगों ने संबोधित किया।


बार एसोसिएशन में मौजूद अधिवक्ता अपनी बात रखते हुए। अमृत विचार

▶▶ बार एसोसिएशन का ऐलान, शुक्रवार से मानकों के अतिरिक्त नहीं घुसने देंगे वाहन

तैयारी

वीआईपी दर्शन ने बढ़ाई प्रशासन की मुश्किल, विभागों के वीआईपी ने पकड़ी रफ्तार, 22 जनवरी के बाद दर्शन की व्यवस्था का क्रम

# हैलो सर ! वीआईपी दर्शन के लिए आ रहे हैं, व्यवस्था करा दीजिए

राजेंद्र कुमार पांडेय

**अयोध्या।** हैलो सर, विभाग के वीआईपी राम लला के दर्शन के लिए आ रहे हैं। व्यवस्था करा दीजिए। गाड़ी का नंबर भेजिए। फोन घनघनाते हैं। व्हाटस एप मैसेज गिरते हैं। मेला और चुनाव के दौर में वीआईपी दर्शन ने प्रशासन की मुश्किल बढ़ा दी। संख्या इतनी बढ़ गई कि प्रशासन को इसके लिए अब अलग से कर्मचारियों की टीम लगानी पड़ी।

22 जनवरी को राम लला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। फिर राम दर्शन यात्रा शुरू हुई। ट्रेनों से विभिन्न प्रांतों के लोग दर्शन के लिए अयोध्या पहुंचे। बसों से श्रद्धालुओं की आमद हुई। फिर देश के विभिन्न प्रांतों की सरकारों के आने का दौर शुरू हुआ। भाजपा शासित लगभग सभी प्रदेशों की सरकारें राम लला के दरबार में मत्था टेक चुकी हैं। चुनाव आचार संहिता लागू हुई तो आस्था स्पेशल ट्रेनों और सरकारों के आने का दौर थमा। प्रशासन ने सोचा कि अब शायद कुछ राहत मिले लेकिन ऐसा हुआ नहीं। वीआईपी दर्शन की व्यवस्था का दबाव और बढ़ गया। जब तक स्पेशल ट्रेन और सरकारों के आने का दौर था। केंद्र और प्रदेश की सरकारों के वीआईपी इंतजार कर रहे थे। अधिसूचना जारी हुई तो विभिन्न प्रदेशों के राज्यपाल की आमद शुरू हुई। अब तक लगभग दर्जन भर प्रदेशों के राज्यपाल रामलला के सामने मत्था टेक चुके हैं। अब केंद्र और प्रदेशों के अफसरों के साथ सरकारी वीआईपी मुलाजिमों की आमद तेज हो गई। सूत्रों की मानें तो प्रतिदिन केंद्र और प्रदेशों के विभिन्न विभागों से आने वाले वीआईपी की संख्या लगभग साढ़े चार से पांच हजार हो गई। लगातार वीआईपी दर्शन ने प्रशासन की मुश्किल बढ़ा दी है। चैत्र राम नवमी मेले के साथ चुनाव चल रहा है। ऐसे में मुश्किल और बढ़ गई।



"रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद दर्शन पूजन के लिए विशिष्टजनों की संख्या बढ़ती जा रही है। इसे सकुशल संपन्न कराने के लिए 12 विभाग के कर्मचारियों को लगाया गया है। **-रमेश कुमार मिश्र, सिटी मजिस्ट्रेट/प्रभारी प्रोटकाल, अयोध्या**"

### औसतन साढ़े चार हजार लोग एक दिन में करेंगे दर्शन

रोज औसतन साढ़े चार से पांच हजार लोगों के वीआईपी दर्शन की व्यवस्था की जा रही है। सूत्रों का कहना है कि वीआईपी जत्थों में पहुंच रहे हैं। दूसरे वीआईपी को छोड़ विभागों के वीआईपी की कई-कई टीम पहुंच रही है। एक टीम में इनकी संख्या 40 से 50 और उससे ज्यादा भी होती है।

### क्या वीआईपी दर्शन की व्यवस्था

राज्यपाल के साथ तो प्रशासनिक अमला दर्शन कराता है। बड़े अफसरों के साथ भी दर्शन के लिए प्रशासन के अफसर की तैनाती की जाती है। उससे छोटे वीआईपी के लिए भी संबंधित विभाग का कोई कर्मचारी लगाया जाता है। प्रभारी प्रोटोकाल अफसर सिटी मजिस्ट्रेट के यहां से या फिर पुलिस सेल से वीआईपी वाहन का नंबर मैसेज किया जाता है। इसके बाद उस वाहन को रंगमहल गेट सहित मंदिर के अन्य मार्ग तक जाने दिया जाता है। अन्यथा की स्थिति में दो किमी पैदल चलना पड़ता है।

### अब व्यवस्था में लगाई 12 कर्मचारियों की टीम

वीआईपी की भीड़ बढ़ी तो फोन, व्हाटसप पर आने वाली सूचना और दर्शन की व्यवस्था के लिए प्रभारी प्रोटोकाल अफसर के कार्यालय में 12 प्रमुख विभाग के कर्मचारियों को संबद्ध किया गया। इनमें वन, चिकित्सा, पावर कारपोरेशन, सीवीओ, डीडीओ, समाज कल्याण, सिंचाई, नलकूप, लोक निर्माण सहित अन्य विभाग है। यह सिटी मजिस्ट्रेट के निर्देशन में वीआईपी दर्शन की व्यवस्था कराते हैं। मुश्किल कम करने के लिए विभाग के लोग और व्यवस्था की बात अफसरों से कह रहे है।

सार-संक्षेप

### अब बदला दिखेगा रामपथ का लुक, दिखने लगे फूल


रामपथ के डिवाइडर पर लगे बोगन वेलिया के पौधे।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** एंट्री प्वाइंट से कुछ किमी दूर तक रामपथ का लुक जल्दी बदला दिखेगा। बोगेन बेलिया की हरियाली होगी। तरह-तरह के फूल लहराते दिखेंगे। डिवाइडर के बीच लगी फूल-पत्तियां अब आकर्षित करने लगी हैं। राम पथ के एंट्री प्वाइंट से पोस्ट आफिस चौराहे तक रामपथ चौड़ा है। इसके बीच चौड़ा डिवाइडर बनाया गया है। इसके बीच बोगेन बेलिया के पौधे लगाए गए हैं। इनमें कई प्रजाति के हैं। हरियाली के बीच इनमें तरह-तरह के फूल खिलने लगे हैं। लाल, पीले, सफेद के साथ कई अन्य तरह के फूल दिखने लगे हैं। इतने हिस्से पर फोकस ज्यादा है। कलेक्ट्रेट, कचहरी के साथ अधिकारियों के बंगले इसी मार्ग पर है। वीआईपी की आमद इसी मार्ग से होती है। अब बोगेन बेलिया में हरियाली आ गई है। फूल लहराने लगे हैं। आकर्षण बढ़ रहा है। कुछ दिनों बाद राम पथ के इस हिस्से का लुक बदला-बदला दिखेगा।

### किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म के मामले का आरोपी गिरफ्तार

**अयोध्या, अमृत विचार।** नगर कोतवाली पुलिस ने पांच दिन पूर्व अगवा किशोरी को बरामद करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया है। दर्ज मामले में दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट की धारा की बढ़ोत्तरी कर पुलिस ने आरोपी का चालान किया है। कोतवाली क्षेत्र निवासी 16 वर्षीय एक किशोरी संदिग्ध हाल में अपने घर से गायब हो गई थी। उसकी मां को किशोरी अपने कमरे में नहीं मिली थी। पुत्री की खोजबीन और तलाश में जुटे परिवार ने छानबीन की तो पता चला कि एक बजे उसकी पुत्री को मौला बक्श नगर निवासी युवक सद्दाम ने मुलाकात करने के बहाने बुलाया था। इसके बाद किशोरी की मां ने 4 मार्च को सद्दाम पुत्र अकरम के खिलाफ पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। नगर कोतवाल अश्विनी कुमार पांडेय ने बताया कि चौकी प्रभारी रामनगर उपनिरीक्षक रजत पाण्डेय की पुलिस टीम ने अगवा किशोरी को बरामद कर मेडिकल परीक्षण के लिए भेजवाया है तथा नामजद आरोपी सद्दाम को लोको कालोनी रामनगर से गिरफ्तार किया गया है। पीड़िता के बयान के आधार पर दर्ज मामले में दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट की धारा बढ़ाई गई है तथा पुलिस ने आरोपी का चालान किया है।

### चौपाल के जरिए सांसद ने किया जनसंवाद

**अयोध्या, अमृत विचार :** रुदौली विधानसभा में सांसद लल्लू सिंह ने आधा दर्जन स्थानों पर जनचौपाल लगाई। सैदपुर, रेछ, बिहारा, अमौनी, कसारी, बघेड़ी, मां कामाख्या दर्शन गणेशपुर, धंधवारा व नेवरा में चौपाल के जरिए जनता से संवाद किया। कहा विपक्षी पार्टियां छल प्रपंच व असभ्य भाषा का प्रयोग करने के साथ चुनाव मैदान है। भाजपा क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों व बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ मिलने जैसे मुद्दों को लेकर जनता के बीच में है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत की सांस्कृतिक विरासत को विश्व मंच पर सम्मान दिलाने का कार्य किया गया है। चौपाल में स्थानीय ग्रामवासियों समेत पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### विश्व होम्योपैथी दिवस पर हैनिमैन को किया गया याद

**अयोध्या, अमृत विचार :** विश्व होम्योपैथी दिवस पर जिला चिकित्सालय स्थित होम्योपैथिक कार्यालय पर एक समारोह में होम्योपैथिक चिकित्सा के जनक व संस्थापक सैमुअलफेड्रिक हैनिमैन के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया और होम्योपैथी चिकित्सा के जरिए जन कल्याण की उनकी खोज, समाज के प्रति संजीदगी व सेवा की पहल के प्रति आभार व्यक्त किया। जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार गुप्त ने होम्योपैथिक चिकित्सा को एक सरल और सहज चिकित्सा पद्धति बताते हुए कहा कि जनमानस में होम्योपैथिक का प्रचार प्रसार होना चाहिए। डॉ. सम्राट अशोक मौर्य सहित अनेक होम्योपैथ चिकित्सक मौजूद रहे।

### अज्ञात कारणों से घर में लगी आग, गृहस्थी का सामान जला


आग लगने से घर का सामान जला।

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** महाराजगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सभा रामपुर पुवारी माझा में बुधवार देर शाम भगवत निषाद के यहां अज्ञात कारणों से आग लग गई। घटना के वक्त परिवार घर से बाहर मजदूरी करने गया था। भागवत निषाद के घर से आग की लपटें निकलने लगी इसे देखकर पड़ोसियों ने शोरगुल मचाना शुरू किया। देखते ही देखते आग पूरे घर में फैल गई। आग लगने से भागवत निषाद का घर गृहस्थी का पूरा सामान जलकर राख हो गया। रामपुर पुवारी माझा के ग्राम प्रधान रमेश निषाद ने बताया की भगवत निषाद की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। इसी सूचना संबंधित लेखपाल देश दीपक को दी गई है। थाना प्रभारी अमर जीत सिंह ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की।

# पुलिस में सारथी बनेंगे अब नए वाहन

## विभाग को मिले नए वाहन, महंगे संचालन के चलते सूमो, जीप और जिप्सी की किस्तों में होगी विदाई

अयोध्या,कार्यालय


पुलिस आधुनिकीकरण योजना के तहत मिला वाहन। अमृत विचार

अमृत विचार। वर्तमान दौर की मांग के मुताबिक नए वाहन अब पुलिस विभाग में मोर्चा संभालेंगे। जीप, जिप्सी और अंबेसडर का दौर खत्म हो रहा है तथा पुलिस के बेड़े में फार्च्यूनर, इनोवा, सफारी, अर्टिगा, बोलेरो जैसे वाहन शामिल हो रहे हैं। महकमें में चल रही आधुनिकीकरण की कवायद के तहत अब पुराने वाहनों को पुलिस के बेड़े से बाहर करने की योजना पर काम शुरू हुआ है। इसी के तहत जिला पुलिस को आधुनिक तकनीकि और मानक के अनुरूप 16 नई बोलेरो और दो टाटा 407 तथा अन्य वाहनों की खेप मिली है।

मुख्यालय की ओर से जनपद पुलिस के यातायात शाखा को अधिकारियों और कर्मचारियों तथा विभिन्न दस्तों के आवागमन व उपयोग के समय-समय पर दो पहिया तथा चार पहिया वाहनों को खेप उपलब्ध कराई जाती रही है। वाहनों की खरीद दौर की तकनीकि व मानक के आधार पर की जाती रही है। वाहनों का मानक भले ही भारत स्टेज (बीएस) 6 पहुँच गया हो लेकिन जिला पुलिस में अभी पुरानी महिंद्रा जीप भी सेवा में है। पुरानी जीप, सूमो व जिप्सी आदि के संचालन पर एवरेज कम होने के चलते संचालन खर्चा ज्यादा आ रहा है जिसके चलते विभाग ने इन वाहनों को नए दौर के वाहनों से बदलने की योजना पर काम शुरू किया है।

योजना के तहत टाटा सफारी की जगह बोलेरो एन 10, सूमो, जीप, जिप्सी व पुरानी बोलेरो को बोलेरो बी 2, टाटा 207 व टाटा जिनान की जगह बोलेरो कैम्पर तथा टाटा 407 की जगह बीएस 6 मॉडल टाटा 407 गोल्ड दी जा रही है। यातायात शाखा के प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार मिश्र का कहना है कि मुख्यालय से 2 बीएस 6 मॉडल बोलेरो, 4 बोलेरो नियो 10 व 10 बोलेरो बी 2 तथा 2 टाटा 407 वाहन मिला है। उन्होंने बताया कि निष्प्रयोज्य हो चुकी 27 मोटरसाइकिलों की जगह नई मोटरसाइकिल मिली थी।

### निष्प्रयोज्य होने के चलते 59 वाहन हुए थे नीलाम

पुलिस विभाग ने पूर्व में निष्प्रयोज्य घोषित होने के चलते कुल 59 वाहनों को नीलाम किया था। निर्धारित नीलामी प्रक्रिया के तहत 22 बोलेरो, 27 मोटर साइकिल और कुल 10 छोटी बस, जीप व टाटा 407 को नीलाम किया गया था। अयोध्या में मंदिर निर्माण तथा उसके बाद की परिस्थितियों को लेकर राजपत्रित अधिकारियों समेत अन्य अधिकारियों की तैनाती बढ़ी है। साथ ही आए दिन वीआईपी और वीवीआईपी मूवमेंट होने के चलते स्कॉर्ट तथा वार्निंग वाहन की तादात भी बढ़ानी पड़ी है।

## कम मतदान वाले गांवों में विशेष जागरुकता अभियान

**अयोध्या, अमृत विचार :** रुदौली के कई गांवों में पिछले चुनाव में बहुत कम मतदान हुआ था। यहां मतदान बढ़ाए जाने का प्रयास है। इसके लिए बुधवार को विशेष जागरुकता अभियान चलाया गया। घर-घर संपर्क कर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। मतदान प्रतिशत बढ़ाए जाने के लिए जिले में अद्भुत अयोध्या स्वीप अभियान चलाया जा रहा है। रुदौली ब्लाक की ग्राम पंचायत कैथी, गेरौडा, भैसौली, अमराई गांव, पारा पहाड़पुर आदि में पिछले चुनाव में बहुत कम मतदान हुआ था। यहां जागरूकता और मतदान के प्रति प्रेरित करने के लिए स्वयं सहायता समूह की दीदियां, आंगनवाड़ी, आशा बहू, बीएलओ को भेजा गया। घर-घर सर्वे कराया गया। मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। निर्वाचन विभाग के मुताबिक इसी तरह का वृहद स्तर मतदाता जागरूकता अभियान दूसरे ब्लाकों में भी चलाए जाने के लिए जिला निर्वाचन अधकारी ने निर्देश दिया है।

# बेटे की हत्या में पिता व दो भाई गिरफ्तार

मिल्कीपुर, अयोध्या

▶▶ पुलिस ने दर्ज की थी गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट, आला कत्ल डंडा बरामद

**अमृत विचार :** कुमारगंज थाने के बघौड़ा गांव में ग्राम पंचायत की जमीन पर कब्जेदारी को लेकर हुए विवाद में डंडे के वार से हुई युवक की मौत के मामले में पुलिस ने मृतक के नामजद पिता और दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लोगों के पास से आला कत्ल डंडा बरामद किया है। प्रकरण में मृतक की पत्नी ने मारपीट और गैर इरादतन हत्या की धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

थाना क्षेत्र के गांव बघौड़ा में घर के पास स्थित ग्राम पंचायत की जमीन पर कब्जेदारी के विवाद को लेकर मंगलवार को एक ही परिवार के बीच मारपीट हुआ था।

विजय कुमार व प्रदीप कुमार पुत्र राम शंकर व छोटे भाई जगदीश मौर्य, अरविंद मौर्य व पिता राम शंकर पुत्र भंगेली पक्षों के बीच लाठी-डंडा चला था, जिसमें डंडे के वार से सिर पर घातक चोट लगने से विजय कुमार मौर्य गंभीर रूप से घायल हो गया था और सौ शैय्या अस्पताल कुमारगंज से जिला अस्पताल रेफर किये जाने पर जिला अस्पताल के डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। घायल अनीता पत्नी प्रदीप कुमार मौर्य, अंशु पुत्री विजय कुमार मौर्य को इलाज के लिए सौ शैय्या अस्पताल कुमारगंज में भर्ती कराया गया था। मृतक विजय कुमार की पत्नी आशा ने अपने ससुर राम शंकर एवं देवर जगदीश मौर्य व अरविंद मौर्य पुत्रगण रामशंकर मौर्य के खिलाफ तहरीर दी थी। कुमारगंज थानाध्यक्ष रतन सिंह ने बताया कि मृतक की पत्नी की तहरीर के आधार पर पिता तथा उसके दो पुत्रों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने तीनों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया है।

# गजेटियर में भी है मरी माता के मंदिर का उल्लेख




मरी माता का मंदिर

### मनाएंगे राम जन्मोत्सव

मंदिर के महंत चंद्रशेखर त्रिपाठी ने बताया कि यहां कलश की स्थापना हुई है। शाम को विशेष आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। इस बार नवमी पर रामजन्मोत्सव भी मनाया जाएगा और प्रसाद का भक्तों में वितरण किया जाएगा।

नगर के प्रसिद्ध गुप्तारघाट स्थान पर आदि शक्ति मरी माता का प्राचीन मंदिर लाखों श्रद्धालुओं के आस्था का केंद्र है। यहां नवरात्र पर श्रद्धालुओं की अपार भीड़ जुटती है। प्राचीन मान्यता है कि जब भगवान शंकर ने माता सती के शरीर को लेकर तांडव किया था। उस समय भगवान विष्णु ने भगवान शंकर की सती के प्रति मोह को समाप्त करने का प्रयास किया था। उस समय माता का एक अंश इस स्थान पर गिरा था। लोग वर्षों से इस स्थान को मरी माता नाम से पूजते चले आ रहे हैं। उन्होंने बताया जनसहयोग से श्री मरी माता मंदिर का जीर्णोद्वार कराया गया। फैजाबाद के गजेटियर में भी इस प्राचीन मंदिर का उल्लेख है।

# युवक की मौत के बाद ऑडियो वायरल, पीएम रिपोर्ट का इंतजार

मवई, अयोध्या

▶▶ बेटे की संदिग्ध हालत में मौत पर परिजनों ने दी हत्या की तहरीर

**अमृत विचार :** रुदौली कोतवाली इलाके में भेलसर आलू गोदाम के पीछे मंगलवार को एक युवक का शव पाए जाने के मामले में परिजनों ने पुलिस को हत्या की तहरीर दी है। परिजनों का आरोप है कि कुछ लोगों ने उनके पुत्र की हत्या कर आत्महत्या का रूप दे दिया। वहीं इस बीच युवक का एक आडियो भी वायरल हो रहा है जिसकी पुष्टि 'अमृत विचार' नहीं करता, उसमें वह पुलिस से छुड़वाने और पिटाई की बात कर रहा है।

हालांकि पुलिस ने अभी न परिजनों की तहरीर पर केस दर्ज किया है और न ही वायरल आडियो की जांच ही शुरू की है। बता दें कि युवक शेषनाथ लोधी का शव मंगलवार को आम के बाग में पाया गया था और एक गमछा पेड़ से लटका रहा था। पुलिस ने प्रथम दृष्टया आत्महत्या करार दे पोस्टमार्टम करा दिया था। इसी बीच बुधवार को युवक का एक आडियो वायरल हुआ जिसमें वह अपने चाचा से पुलिस से छुड़वाने और पिटाई की बात कर रहा है। जिसे लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। मृतक के पिता साहब सरन लोधी ने भी एक तहरीर दी है जिसमें दो लोगों पर बेटे की हत्या का आरोप लगाया है। सीओ आशीष निगम का कहना है कि इसी वायरल आडियो और तहरीर दोनों संज्ञान में हैं। पुलिस दो दिन पहले एक मामले में युवक को लाई जरुर थी पिटाई जैसी कोई बात नहीं थी। उन्होंने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। उसके बाद जांच कराई जाएगी। भेलसर चौकी प्रभारी मनीष चतुर्वेदी ने भी युवक की पिटाई से इंकार किया है।

## मेले में भीड़ को देखते हुए अग्निशमन विभाग ने कसी कमर

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** रामनगरी के ऐतिहासिक चैत्र रामनवमी मेले को औपचारिक शुरुआत हो गई है, हालांकि अभी मेला परवान नहीं चढ़ा है। इस बार नवमी तिथि के पूर्व ही मेले में भीड़ बढ़ जाने की उम्मीद जताई जा रही है। गर्मी और तपिश के बीच पड़ रहे इस मेले में अग्निशमन विभाग भी आगजनी की घटनाओं के रोकथाम के लिए आवश्यक उपाय में जुट गया है। विभाग का ज्यादा जोर इस बार बुलेट फायर टेंडर पर है, जिससे आगजनी की घटना की सूचना मिलने के बाद त्वरित गति से मौके से पहुंच बचाव की कवायद शुरू की जा सके। मुख्य अग्निशमन अधिकारी महेंद्र प्रसाद सिंह का कहना है कि मुख्यालय से मेला ड्यूटी के लिए चार फायर टेंडर मय स्टाफ मिला है। जिसको मेला क्षेत्र में चिन्हित स्थलों पर खड़ा कराया जाएगा। साथ ही जिला मुख्यालय से दो फायर टेंडर की ड्यूटी मेले के लिए लगाई गई है। उन्होंने कहा कि भीड़ ज्यादा होने के उम्मीद है , ऐसे में बड़े वाहनों का आवागमन मुश्किल रहेगा, जिसके चलते बुलेट बाइक फायर टेंडर पर ज्यादा जोर दिया जा रहा है। जिला मुख्यालय पर मौजूद बुलेट बाइक को मेले में तैनात किया जा रहा है, जिससे आगजनी की सूचना पर मौके पर तथा तंग गलियों में पहुंचा जा सके।

# जयंती पर याद किए गए महर्षि दयानंद सरस्वती

**टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार :** आर्य समाज टांडा ने नव संवत्सर आर्य समाज स्थापना दिवस के मौके पर नगर के मिश्री लाल आर्य कन्या इंटर कॉलेज के प्रांगण में 62 से अधिक कुंडीय वैदिक यज्ञ का आयोजन किया गया। इस मौके पर और जनपद के अन्य आर्य समाजों के प्रतिनिधियों, सदस्यों ने हर्षोल्लास के साथ सहभागिता करते हुए महर्षि दयानन्द सरस्वती की 200वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में 200 दीपकों का प्रज्वलन भी किया। आर्य समाज टांडा के प्रधान आनन्द कुमार आर्य के नेतृत्व और निर्देशन में सम्पूर्ण कार्य सम्पन्न हुआ। पुरोहित के रूप में आर्य समाज टांडा के उप प्रधान वीरेन्द्र कुमार आर्य और शिव प्रसाद आर्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के पश्चात महिला आर्य समाज की मंत्राणी किरण बाला आर्या और सुप्रसिद्ध भजनोपदेशिका अर्चना शास्त्री के सुमधुर सुंदर भजनोपदेश भी हुए। वैदिक नव संवत्सर के सन्दर्भ में डॉण् बलराम त्रिपाठी ने अपने विचार रखे। आर्य समाज टांडा के उप प्रधान वीरेन्द्र कुमार आर्य ने अपने सहयोगी प्राचार्य अरुण कुमार आर्य, मंत्री योगेश कुमार आर्य, उपमंत्री सत्य प्रकाश आर्य के साथ अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए आयोजन को भव्यता प्रदान की।

## सार-संक्षेप


कलश यात्रा निकालते सिंधी समाज के लोग। अमृत विचार

### कई नामों से जाने जाते है जल देवता झूलेलाल : अंदानी

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** प्रभु झूलेलाल जल के देवता हैं झूलेलाल को कई नामों से जाना जाता है। जैसे लाल साईं, उडेरोलाल, पाणीवारों, मछीवारों आदि सिंध में मुस्लिम समाज के लोग जिन्दपीर के नाम से भी पुकारते है। यह बातें सिंधी सेंट्रल पंचायत के मुखिया ओमप्रकाश अंदानी ने कही। भवत प्रहलाद सेवा समिति द्वारा प्रभु झूलेलाल जयंती चेटीचंड महोत्सव मनाया जा रहा है। रामनगर कालोनी स्थित संत नवलराम दरबार में महाराज तारकेश्वर शर्मा ने विधि विधान के साथ कलश पूजन कराया। समिति के अध्यक्ष कन्हैयालाल सागर ने कहा कि नौ दिवसीय महाआरती के बाद कलश पूजन होता है। यह सिंधी समाज की पुरानी परंपरा है। महासचिव ओमप्रकाश ओमी ने बताया कि कलश पूजन के बाद आयोलाल झूलेलाल के उदघोष लगे। इस मौके पर राकेश तलरेजा, कन्हैया माखेजा, रमेश मोटवानी, राजकुमार मोटवानी, नारायण दास, कपिल हासानी,टीकम दास, सुरेश तलरेजा, सुरेश भारतीय, अर्जुन दास माखेजा,गनी राहेजा, रूपचंद राहेजा आदि मौजूद रहे।

### रामायण सुनने से मिलता है धर्म का ज्ञान : कथा व्यास


कथा कहते कथा व्यास।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** राम कथा मर्मज्ञ आचार्य ज्ञान चंद्र द्विवेदी ने कहा कि रामायण सुनने से धर्म का ज्ञान मिलता है। रामायण और राम चरित मानस एक हैं। वह सरस्वती पुरम कालोनी में राम कथा सुना रहे थे। उन्होंने कहा कि राम कथा अनादि है, रामायण श्रीराम नाम से पूरित है। धर्म का ज्ञान रामायण सुनने से मिलता है। कथा को सभी लोग सुन सकते हैं। चंद्रमा मन का देवता है। मन चंचल होता है इसलिए चंद्रमा रूपी मन पर शंकर रूपी गुरु की पहरेदारी होनी ही चाहिए। कथा में कमलेश कुमार तिवारी, वेदमाती तिवारी,अमित सिंह, राजेश दुबे, डॉ बीना तिवारी, अमित, सुषमा, सौरभ तिवारी सहित सैकड़ों श्रोता मौजूद रहे।

### बसपा पूर्व सेक्टर अध्यक्ष सहित कई ने थामा भाजपा का दामन


पार्टी का झंडा देकर पार्टी में शामिल कराते सांसद लल्लू सिंह।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** बसपा के पूर्व सेक्टर अध्यक्ष व पार्षद पद प्रत्याशी सहित डेढ़ दर्जन बसपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया। दर्शन नगर क्षेत्र से पार्टी में शामिल होने वाले लोगों को सांसद लल्लू सिंह व महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने पार्टी का ध्वज देकर व माल्यार्पण कर पार्टी में शामिल कराया। पार्टी में शामिल बसपा के पूर्व सेक्टर अध्यक्ष अमरजीत कोरी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार की योजनाओं से प्रभावित होकर सभी ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है।

### कड़ा हुआ सुरक्षा घेरा, अतिरिक्त फोर्स तैनात


सुरक्षा का एहसास कराने के लिए पैदल मार्च करते पुलिस कर्मी।

**अयोध्या। अमृत विचार :** ईद की नमाज को सकुशल तथा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस ने कवायद शुरू कर दी है। ईदगाह समेत अन्य नमाज स्थलों पर सुरक्षा घेरा कड़ा किया जा रहा है। निगरानी और सतर्कता बढ़ाई गई है तथा अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की जा रही है। वहीं एडीएम सिटी सलिल पटेल और एसपी सिटी मधुबन सिंह के नेतृत्व में पुलिस और पैरामिलिट्री के जवानों ने पैदल मार्च किया है। प्रमुख रूप से ईद की नमाज सिविल लाइन रोडवेज बस स्टेशन के निकट तहसील की ओर जाने वाले मार्ग स्थित ईदगाह पर अदा की जाती है। पुलिस ने ईदगाह के चारों तरफ से बैरीकेट कराना शुरू कर दिया है। नमाज के पूर्व ही चारों दिशाओं से वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। सीओ सिटी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि पर्व और नमाज को सकुशल संपन्न कराने के लिए सुरक्षा और व्यवस्था संबंधी सभी उपाय किये जा रहे हैं। अतिरिक्त जवान लगाए गए हैं।

### ग्रामीणों को मताधिकार के लिए किया जागरूक


**टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार :** शिक्षा क्षेत्र बसखारी के अंतर्गत ग्राम पंचायत गोहिला स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विजय कुमार ने किया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के दौरान ग्राम सभा की आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री तथा काफी संख्या में मतदाता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता पर नाटक प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को अपने मताधिकार के प्रयोग के लिए जागरूक किया। उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपजिला अधिकारी टांडा मोहनलाल गुप्ता ने लोगों को मतदान का महत्व समझाते हुए मतदाताओं से मतदान में अधिक से अधिक संख्या में हिस्सा लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों को मतदान करने के लिए शपथ भी दिलाया गया। इस मौके पर बसखारी खंड शिक्षा अधिकारी हरगोविंद , राजस्व निरीक्षक रामनारायण मौर्य, ग्राम प्रधान सुशीला, लेखपाल रविंद्र वर्मा, विद्यालय के अध्यापक-अध्यापिकाएं आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों के साथ-साथ ग्राम सभा के सैकड़ों की संख्या में मतदाता मौजूद रहे।

### प्रधान को मातृ शोक

**बड़ागांव, अयोध्या। अमृत विचार :** सोहावल तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिहैता लोहानी के प्रधान कर्मराज उर्फ करमू की माता गुड्डा देवी का निधन हो गया। वह काफी दिनों से बीमार चल रही थी। इलाज के दौरान पैतृक आवास गांव सिहैता लोहानी पर अंतिम सांस ली। ब्लॉक प्रमुख व प्रधान प्रतिनिधि सर्वेश सिंह चौहान, प्रधान मनोज सिंह, प्रधान अमित गुप्ता, भाजपा नेता दुर्गा प्रसाद निषाद, प्रधान श्रीनिवास तिवारी सहित तमाम लोगों ने शोक संवेदना जताई है।

## तलाशने पर भी नहीं मिलेगी रामपथ पर छांव






पर्यावरण संरक्षण के नारों के बीच यह ताजी तस्वीर 13 किलोमीटर के रामपथ की है। डेढ़ साल पहले इस मार्ग पर ( तब रामपथ नहीं ) पेड़ों की श्रंखला लोगों को गर्मी में राहत ही नहीं आसपास के लोगों को ऑक्सीजन भी देती थी। रामपथ निर्माण के दौरान यह पेड़ विकास की भेंट चढ़ गए अब यहां न छांव मिलती है न ठौर। विकास भी जरूरी था लेकिन पेड़ भी तो जरूरी थे न.. पहली तस्वीर नियावां से गुदड़ीबाजार और दूसरी रिकाबगंज रोड की है। बाकी सब चकाचक तो है ही। ● अमृत विचार


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना सं.: 07-DYCEGA-2024**

उप मुख्य इंजीनियर/गोरखपुर क्षेत्र, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिये आनलाइन खुली ई–निविदा आमंत्रित करते हैं। जिसका पूर्ण विवरण नीचे दिया जा रहा है:–

**क्रम सं.-1,** कार्य का नाम: गोरखपुर में-उप मुख्य इंजीनियर-गो.क्षे. के अधीन वर्षान्त 30-06-2025 हेतु जोन संख्या-1-उत्तरी-I के जोन कार्य का निष्पादन। क्षेत्र-ब्लाक सं.- 619, 620 से राष्ट्रीय विद्यालय और जटेपुर चौराहा तक को जोड़ने वाली सड़क के पूर्व। अनुमानित लागत: ₹ 1,03,36,400.20, बयाने की राशि: ₹ 2,01,700/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य, समापन अवधि: 30-06-2025, **क्रम सं.-2,** कार्य का नाम: गोरखपुर में-उप मुख्य इंजीनियर-गो. क्षे. के अधीन वर्षान्त 30-06-2025 हेतु जोन संख्या-2-उत्तरी-II के जोन कार्य का निष्पादन। क्षेत्र-ब्लाक सं.- 619, 620 से राष्ट्रीय विद्यालय और जटेपुर चौराहा, ड्राइवर रनिंग रूम, जुनियर इन्स्टीच्यूट को सम्मिलित करते हुए जोड़ने वाली सड़क के पश्चिम। अनुमानित लागत: ₹ 83,46,086.00, बयाने की राशि: ₹ 1,66,900/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य, समापन अवधि: 30-06-2025, **क्रम सं.-3,** कार्य का नाम: गोरखपुर में-उप मुख्य इंजीनियर-गो. क्षे. के अधीन वर्षान्त 30-06-2025 हेतु जोन संख्या-3-जटेपुर-I के जोन कार्य का निष्पादन। क्षेत्र-सीनियर सेक्सन इन्जीनियर-कार्य-जटेपुर कार्यालय, रेलवे बालक स्कूल, ब्लाक संख्या-646 से जटेपुर क्रासिंग, एल-16 से एल-13, 149 से 160 एवं 159 तक के सड़क के पश्चिम और कृष्णानगर रेलवे कालोनी को जोड़ने वाली सड़क के पश्चिम। अनुमानित लागत: ₹ 94,31,149.75, बयाने की राशि: ₹ 1,88,600/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य, समापन अवधि: 30-06-2025, **क्रम सं.-4,** कार्य का नाम: गोरखपुर में-उप मुख्य इंजीनियर-गो.क्षे. के अधीन वर्षान्त 30-06-2025 हेतु जोन संख्या-4-जटेपुर-II के जोन कार्य का निष्पादन। क्षेत्र-सीनियर सेक्सन इन्जीनियर-कार्य-जटेपुर कार्यालय, रेलवे बालक स्कूल, ब्लाक संख्या-646 से जटेपुर क्रासिंग, एल-16 से एल-13, 149 से 160 एवं 159 तक के सड़क के पूरब और कृष्णानगर रेलवे कालोनी को जोड़ने वाली सड़क के पूरब। अनुमानित लागत: ₹ 1,02,95,347.25, बयाने की राशि: ₹ 2,01,500/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य, समापन अवधि: 30-06-2025, **क्रम सं.-5,** कार्य का नाम: गोरखपुर में-उप मुख्य इंजीनियर-गो.क्षे. के अधीन वर्षान्त 30-06-2025 हेतु जोन संख्या-5-डेयरी-I के जोन कार्य का निष्पादन। क्षेत्र-सरकुलर रोड के दक्षिण, केबुल हाउस एवं आर.पी.एफ. बैरेक को सम्मिलित करते हुए। अनुमानित लागत: ₹ 73,87,509.25, बयाने की राशि: ₹ 1,47,800/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य, समापन अवधि: 30-06-2025, **क्रम सं.-6,** कार्य का नाम: गोरखपुर में-उप मुख्य इंजीनियर-गो.क्षे. के अधीन वर्षान्त 30-06-2025 हेतु जोन संख्या-6-डेयरी-II के जोन कार्य का निष्पादन। क्षेत्र-सरकुलर रोड के उत्तर, स्काउट डेन को सम्मिलित करते हुए। अनुमानित लागत: ₹ 67,49,979.56, बयाने की राशि: ₹ 1,35,000/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य, समापन अवधि: 30-06-2025, **क्रम सं.-7,** कार्य का नाम: गोरखपुर में-उप मुख्य इंजीनियर-गो.क्षे. के अधीन वर्षान्त 30-06-2025 हेतु जोन संख्या-7 (डेयरी-III) के जोन कार्य का निष्पादन। क्षेत्र-रेलवे चिकित्सालय। अनुमानित लागत: ₹ 65,48,156.00, बयाने की राशि: ₹ 1,31,000/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य, समापन अवधि: 30-06-2025, **क्रम सं.-8,** कार्य का नाम: गोरखपुर में-उप मुख्य इंजीनियर-गो.क्षे. के अधीन वर्षान्त 30-06-2025 हेतु जोन संख्या-8 मध्य-I के जोन कार्य का निष्पादन। क्षेत्र-स्टोर डिपो के गेट के तरफ जाने वाले सड़क के पश्चिम से सीधे जाने वाली सरकुलर रोड, लोको स्पोर्ट्स ग्राउण्ड, सी.से.इंजी. कार्य-मध्य कार्यालय, हस्त कला केन्द्र, उद्यान निरीक्षक-प्रथम, सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल को सम्मिलित करते हुए। अनुमानित लागत: ₹ 1,03,79,997.30, बयाने की राशि: ₹ 2,01,900/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य, समापन अवधि: 30-06-2025, **क्रम सं.-9,** कार्य का नाम: गोरखपुर में-उप मुख्य इंजीनियर-गो.क्षे. के अधीन वर्षान्त 30-06-2025 हेतु जोन संख्या-9 मध्य-II के जोन कार्य का निष्पादन। क्षेत्र-सड़क के पूरब स्थित क्षेत्र, मसाला घर एवं उद्यान निरीक्षक-द्वितीय को सम्मिलित करते हुए। अनुमानित लागत: ₹ 1,06,44,704.50, बयाने की राशि: ₹ 2,03,200/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य, समापन अवधि: 30-06-2025, **क्रम सं.-10,** कार्य का नाम: गोरखपुर में-उप मुख्य इंजीनियर-गो.क्षे. के अधीन वर्षान्त 30-06-2025 हेतु जोन संख्या-20 के जोन कार्य के अन्तर्गत सनइं/उत्तर के कार्यक्षेत्र में सड़क मरम्मत का कार्य। अनुमानित लागत: ₹ 1,09,60,420.00, बयाने की राशि: ₹ 2,04,800/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य, समापन अवधि: 30-06-2025,

**कुल योग: ₹ 9,10,79,749.81**

(1) ई–निविदा के खुलने की तिथि क्रमांक 01 से 10 तक दिनांक 06-05-2024 को 11:00 बजे। ● ई–निविदा के क्रमांक 01 से 10 तक की बिडिंग दिनांक 22-04-2024 से 06-05-2024 को समय 10:59 बजे तक प्राप्त की जायेगी। ● उपरोक्त ई–निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के वेबसाईट *www.ireps.gov.in* पर उपलब्ध है। ● यदि निविदा सूचना के हिन्दी एवं अंग्रेजी संस्करण में अंतर होता है तो निविदा सूचना के अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

उप मुख्य इन्जीनियर/गो.क्षे., गोरखपुर
मुजाधि/डब्लू–09

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र अंशुमान पाल को गलत आचरण/ व्यवहार के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके कृत्यो से मेरा व परिजनों का कोई वास्ता सरोकार नहीं है। **कंधई पुत्र रघुवर ग्राम खोदायपुर परगना व तहसील डलमऊ जिला रायबरेली**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अनमोल सिंह का नाम बदलकर कार्तिक सिंह रख दिया है अब उसे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **शैलेन्द्र कुमार सिंह पुत्र सच्चिदानंद सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट संवरा, थाना व तहसील रसड़ा, जिला बलिया 221701**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना अब्दुल रहमान से बदलकर अब्दुल रहमान अंसारी रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **अब्दुल रहमान अंसारी पुत्र मुख्तार ग्राम बांसगांव राशिद टोला, पोस्ट दुधही, जिला कुशीनगर**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Savir से बदलकर Sabir रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **साबिर पुत्र आस मोहम्मद ग्राम सोहसा पोस्ट बसुली फार्म, जिला महराजगंज 273163**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Bibek Sharma से बदलकर Vivek Kumar Sharma रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **विवेक कुमार शर्मा पुत्र** Kanhaiya Lal Sharma **ग्राम खड्डा तमाशपुर, पोस्ट अहिरौली बाजार, जिला कुशीनगर 274401**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Hifjurrahman हिफजुर्रहमान पुत्र Ikbal Ahmad Khan इकबाल अहमद खान से बदलकर Hifzurrahman हिफजुर्रहमान पुत्र Iqbal Ahmad इकबाल अहमद रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **हिफजुर्रहमान पुत्र इकबाल अहमद ग्राम रोहुडिला, टोला उमरानगर, पोस्ट बेल्टीकर रोहुडीला, शिवपतिनगर, जिला सिद्धार्थनगर 272206**

**सूचना**
मैं ललऊ प्रसाद निवासी ग्राम पूरे पंडित, मजरे सैरापुर पोस्ट मूसापुर, तहसील लालगंज, जनपद रायबरेली (उत्तर प्रदेश) नं0– JC543264X रैंक नायब सूबेदार नाम राजेन्द्र कुमार का पिता हूँ। मैंने वकील नोटरी लालगंज के समक्ष दिनांक 08/04/2024 के शपथपत्र द्वारा अपना नाम ललऊ प्रसाद से ललऊ परिवर्तित कर लिया है। अब मुझे ललऊ के नाम से जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**
मैं रामावती देवी निवासी ग्राम– पूरे पंडित, मजरे– सैरापुर पोस्ट– मूसापुर, तहसील– लालगंज, जनपद– रायबरेली (उत्तर प्रदेश) नं0– JC543264X रैंक नायब सूबेदार नाम राजेन्द्र कुमार की माता हूँ। मैंने वकील नोटरी लालगंज के समक्ष दिनांक 08/04/2024 के शपथपत्र द्वारा अपना नाम रामावती देवी से रामावती परिवर्तित कर लिया है। अब मुझे रामावती के नाम से जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम बबलू से बदलकर बबलू गौंड रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **बबलू गौंड पुत्र राजेन्द्र ग्राम बाल खुर्द, पोस्ट चौरी चौरा, जिला गोरखपुर 273201**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल सीबीएसई बोर्ड का अंकपत्र व प्रमाणपत्र वर्ष 2001 व अनुक्रमांक 5156548 और यू0पी0 बोर्ड का इण्टरमीडिएट का अंकपत्र व प्रमाणपत्र वर्ष 2006 अनुक्रमांक 2134942 वास्तव में कहीं खो गया है। **एखलाक अहमद पुत्र कोतवाल अली निवासी शाहपुर कला विकास खण्ड मिहिपुरवा तहसील मिहिपुरवा मोतीपुर जनपद बहराइच**

**सूचना**
सूचित हो कि मैंने अपनी दोनों पुत्रियों दुलारी व रानी और पुत्र सूरज को उनके कार्यकलापों एवं व्यवहार व बर्ताव ठीक न होने के कारण उन्हें अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ और किसी भी कृत्यों के लिये यह तीनों स्वयं जिम्मेदार होंगे और मेरी चल अचल सम्पत्ति के वारिस मेरे दोनों पुत्र कुलदीप व जयराम होंगे। **रामकुमारी पुत्री श्री छोटा निवासी ग्राम खेड़ा डीहा ढकवा भदवाना मलिहाबाद, लखनऊ**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड संख्या 1/75 सेक्टर–1 गोमती नगर विस्तार लखनऊ से संबन्धित मूल आवंटन पत्र दिनांकित 02/03.03.2005 एवं मूल विक्रय कि लेख संख्या–14527 दिनांकित 27.12.2008 का आखिरी पृष्ठ कहीं खो गया है जो बहुत खोजने पर भी नहीं मिला उक्त दस्तावेजों को किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी भी प्रकार का उपयोग असंवैधानिक होगा।
प्रार्थिनी
डा0 श्वेता सिंह पुत्री श्री विनोद कुमार सिंह निवासिनी:–सेक्टर 8/401, इन्दिरा नगर, विमल पार्क के सामने, इन्दिरा नगर लखनऊ। मो0नं0:–9936907703

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबहः 10 से 11 बजे | दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक। सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पताः 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112



# सड़क हादसे में दो युवकों की मौत, एक लखनऊ रेफर

## टांडा-अकबरपुर मार्ग पर स्थित मेहरोत्रा पेट्रोल पंप के पास हादसा

संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** जनपद के टांडा थाना क्षेत्र के टांडा अकबरपुर मुख्य मार्ग पर रायपुर रेलवे स्टेशन स्थित मेहरोत्रा पेट्रोल पंपके पास बीती रात ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से बाइक पर सवार तीन युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस तीनों घायलों को इलाज के लिए सद्दरपुर मेडिकल कॉलेज ले गई। जहां पर डॉक्टरों ने दो युवकों को मृत घोषित कर दिया। वहीं एक अन्य युवक को स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए


हादसे में क्षतिग्रस्त बाइक। अमृत विचार

भेज दिया है। बता दें कि टांडा थाना क्षेत्र के टांडा अकबरपुर मार्ग पर रायपुर रेलवे स्टेशन स्थित मेहरोत्रा पेट्रोल पंपके पास ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से एक ही बाइक पर सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस तीनों घायल युवकों को इलाज के लिए लिए मेडिकल कालेज सद्दरपुर ले गई। जहां पर डॉक्टरों ने दो युवकों को मृत घोषित कर दिया। वहीं एक की हालत को गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। दोनों मृतक युवक अभय कुमार और राजेश शर्मा अरिया बाजार के रहने वाले थे। जबकि दुर्घटना में घायल समर प्रताप पुत्र बेनी माधव निवासी कुटियवा बिहरोजपुर का रहने वाला है। उधर, प्रभारी निरीक्षक टांडा दीपक रघुवंशी ने बताया कि घटना में दो युवकों की मौत हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। एक घायल युवक को इलाज के लिए लखनऊ रेफर किया गया है।

# बीजेपी के पूर्व विधायक व बसपा के डॉ. राजेश सपा में शामिल

## जिले के कद्दावर नेता में होती है सुभाष की गिनती, राजेश के पिता शेरबहादुर पांच बार रह चुके हैं विधायक

जलालपुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** जनपद में बीजेपी और बीएसपी को बड़ा झटका लगा है। जलालपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के पूर्व विधायक सुभाष राय और जलालपुर विधानसभा क्षेत्र से बसपा के पूर्व प्रत्याशी राजेश सिंह सपा में शामिल हो गए। वहीं राजेश सिंह के पिता शेरबहादुर सिंह जलालपुर से पांच बार विधायक रह चुके हैं।

बता दें कि आखिरकार लंबे समय से दो नेताओं के पाला बदले जाने की चर्चा अंततः बुधवार को सच साबित हो गई। जहां जलालपुर विधानसभा के दो बड़े दिग्गज नेता सपा में शामिल होकर साइकिल पर सवार हो गए। बीते कई माह से इन दोनों नेताओं पर बराबर चर्चा चल रहा था कि यह दोनों नेता जल्द ही पाला बदलकर समाजवादी पार्टी का दामन थाम सकते हैं। बुधवार


सपा में शामिल बीजेपी के नेता सुभाष राय व बसपा नेता राजेश सिंह। अमृत विचार

को भाजपा नेता और पूर्व विधायक सुभाष राय व बसपा नेता राजेश सिंह लखनऊ पहुंचकर पार्टी कार्यालय में सपा का दामन थम लिए। बसपा नेता डॉक्टर राजेश सिंह दो बार विधानसभा का चुनाव भाजपा के टिकट पर लड़े थे, लेकिन इनको हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद भाजपा को बाय-बाय करते हुए बसपा का दामन थामा और बसपा से चुनाव लड़े वहां भी इनको हार का सामना करना पड़ा। अब यह अपने भविष्य को उज्जवल करने के उद्देश्य से बसपा को भी बाय-बाय कहते समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। वहीं सपा से विधायक रह चुके सुभाष राय बीजेपी का दामन सपा से टिकट न मिलने पर थाम लिए थे। जो बीते विधानसभा चुनाव में भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़े थे, लेकिन इन्हें भी पराजित होना पड़ा। इस बीच कई महीनो से लोगों में यह चर्चा चल रहा था कि यह दोनों लोग जल्द ही समाजवादी पार्टी का दामन थाम सकते हैं।

**भाजपा को नहीं होगा नुकसान :** भाजपा के जिला उपाध्यक्ष डॉ. रजनीश सिंह ने बताया कि इनको विधायक और सांसद बनने की इच्छा है, लेकिन जनता की सेवा का कोई भाव नहीं है। निजी स्वार्थ में व्यक्तिगत लाभ के लिए यह पीडीए गठबंधन में शामिल हुए हैं। जिसका अर्थ होता है पर्सनल डेवलपमेंट अथॉरिटी। यह लोग अपने को डेवलपमेंट करने का कार्य करते हैं, जबकि भाजपा सर्व समाज की पार्टी है और सर्व समाज को सम्मान देने का कार्य करती है। इनके जाने से भाजपा को कोई नुकसान होने वाला नहीं है। जब इनको पार्टी की जरुरत थी तो पार्टी ने इनका साथ दिया, लेकिन अब पार्टी को इनकी जरूरत है, तो इन्होंने साथ छोड़ दिया है।

बसपा नेता बोले : बसपा के वरिष्ठ नेता राम नयन निर्दोष ने डॉक्टर राजेश सिंह के बसपा छोड़कर सपा में जाने पर कहा कि यह पद लोलुप लोग हैं, ऐसे लोग आते और जाते रहते हैं। इन लोगों का काम ही है सभी पार्टियों का चक्कर लगाना उनके आने और जाने से कोई नुकसान नहीं है। उन्होंने व्यंग्य कसते हुए कहा कि दोनों लोग चुनाव लड़ने के लिए समाजवादी पार्टी में गए हैं। क्या अब जलालपुर व भियांव दोनों विस बनाकर चुनाव लड़ाया जाएगा ।

# पुलिसकर्मियों ने युवकों को पीटा, सीओ कर रहे जांच

**जहांगीरगंज, अमृत विचार।** भोजन के लिए ढाबे पर रुके युवकों से पुलिसकर्मियों द्वारा मारपीट कर शांति भंग में चालान किए जाने की शिकायत एसपी से की है। मामले की जांच सीओ को दी गई। मामला जहांगीरगंज थाना क्षेत्र का है।

बता दें कि आलापुर के मोलनापुर निवासी विवेक पांडेय व सुरेंद्र सिंह उर्फ गुड्डु सिंह धनघटा संतकबीरनगर के हकीम पुर निवासी सुरेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह व यहीं के मल्हेपुर के प्रदीप कुमार यादव ने एसपी को दिए गए शिकायत पत्र में आरोप लगाया है कि गत 4 अप्रैल को रात 9 बजे तीनों लोग बिड़हर घाट में स्थित ढाबे पर भोजन करने के लिए रुके और दूसरी बाइक से आगे निकल गए। प्रदीप से मोबाइल पर बात करने लगे उसी दौरान उनके विपक्षी सुनील कुमार जिनसे उनकी पुरानी रंजिश है अपने साथ हल्का इंचार्ज हरिकेश बहादुर सिपाहियों नवनीत राणा, कृष्ण कांत राजभर के साथ वहां पहुंचे और जैसे ही वह लोग अंदर जाने लगे वैसे ही यह लोग गाली देते हुए उन दोनों लोगों को घसीटते हुए पुलिस चौकी बिड़हर घाट ले गए। क्यों ले आए हैं यह पूछने पर वहां रखे बांस के डंडे से मार कर लहूलुहान कर दिया और पूछने लगे कि तुम लोगों के साथ कौन था प्रदीप यादव बताने के बाद उन्हें भी नदी उस पार उमरिया चौराहे से पकड़ लाए और उन्हें भी मारा-पीटा गया। बाद में तीनों लोगों को थाना जहांगीरगंज ले जाया गया रास्ते में यह धमकी दी गई कि यह बात किसी से बताओगे तो गांजा व कट्टा दिखा कर जेल भेज देंगे।

# लक्ष्य के अनुरूप करें पौधरोपण

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में वर्ष 2024-25 के पौधारोपण के लिए किए गए अग्रिम मृदा कार्य (गडढा खुदान) के संबंध में और वन भूमि अमलदरामद की बैठक का आयोजन किया गया।

डीएफओ ने बातया कि प्रति हेक्टेयर 2500 पौधे ऊसर भूमि में रोपित किए जाएंगे और प्रति हेक्टेयर 1600 पौधे सामान्य भूमि में रोपित किए जाएंगे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की बिंदुवार समीक्षा किया। उन्होंने पौधारोपण वर्ष 2024-25 के लिए स्थल चयन और अग्रिम मृदाकार्य की सूचना शीघ्र उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया। बायोमेडिकल


कलेक्ट्रेट सभागार में पौधारोपण को लेकर बैठक करते डीएम व सीडीओ। अमृत विचार

वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स 2016 के अनुपालन समीक्षा किया। डीएम ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिनको जो लक्ष्य प्राप्त है संबंधित अधिकारी अधिक से अधिक पोधारोपण करना सुनिश्चित करें।

**अभियान चलाकर घाटों को किया जाए साफ :** झीलों, अमृत सरोवर और बंधो पर भी अधिक से अधिक पौधारोपण किया जाए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि नदी की सफाई के लिए जागरूकता अभियान चलाकर घाटों की साफ.-सफाई कराया जाए। संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस संबंध में कराए जा रहे कार्यों का डाटा वन विभाग को उपलब्ध कराते रहें। बैठक के दौरान डीएफओ डॉ. उमेश तिवारी, अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, उप जिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, डीसी मनरेगा, जिला सूचना अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# मत्स्य निरीक्षक को किया निलंबित

**संवाददाता, अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह के पूर्व प्रेषित पत्र के क्रम में साधना सिंह मत्स्य निरीक्षक को उपनिदेशक मत्स्य अयोध्या मंडल अयोध्या द्वारा निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में मत्स्य निरीक्षक साधना सिंह उप निदेशक मत्स्य अयोध्या के कार्यालय से सम्बद्ध रहेंगी और बिना पूर्व अनुमति के मुख्यालय से अनुपस्थित नहीं होंगी। निलंबन अवधि में मत्स्य निरीक्षक साधना सिंह वित्तीय नियम संग्रह खंड-2 भाग 2 से 4 के मूल नियम 53 के प्राविधानों के अनुसार जीवन निर्वाह भत्ते की धनराशि अर्द्धवेतन पर देय अवकाश वेतन का राशि के बराबर देय होगी और उन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की धनराशि पर मंहगाई भत्ता, यदि ऐसे अवकाश वेतन पर देय है, भी अनुमन्य होगा।

# ग्रामीणों ने चोर को पकड़कर पुलिस के हवाले किया

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों पर जहां पुलिस अंकुश लगाने मे असफल है, वहीं चोरी करने गए चोर को रंगेहाथ पकड़ कर पुलिस को फोन कर बुलाते रहे, लेकिन पुलिस नहीं पहुची। घंटों इंतजार के बाद परिजनों ने डायल 112 पर फोन कर पुलिस बुलाकर चोर को पुलिस के हवाले कर दिया है। थाना क्षेत्र में यह हाल तब है जब कुछ दिन पहले थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने पुलिसिया चौकसी को धता बताते हुए एक घर का खिड़की तोड़ कर लाखों रुपए की चोरी और जेवरात चुराकर फरार हो गए। मामला बीते मंगलवार की रात कटका थाना क्षेत्र के निमटिनी गांव के मजरे लोदरीपुर निवासी राजेश निषाद के घर में घटित हुई। बीती रात निमटिनी ग्राम सभा के मजरे लोदरीपुर में राजेश निषाद के घर से एक चोर बैग और बर्तन लेकर भाग रहा था। परिजन खटर-पटर की आवाज सुन जाग गए और गुहार मचा दिया। ग्रामीणों द्वारा घेराबंदी कर चोर को पकड़ लिया। चोर पकड़ने की सूचना कटका थाना प्रभारी यादवेन्द्र सोनकर के मोबाइल पर रात लगभग एक बजे दी गई।

### चोरों ने मुकुट किया पार

थाना क्षेत्र अंतर्गत और रफीगंज पुलिस चौकी से चंद कदम की दूरी पर रफीगंज बाजार में बाजार निवासी अशोक यादव के हनुमान मंदिर पर बीते मंगलवार को नवरात्रि के प्रारंभ होने के चलते दोपहर में भी मंदिर को खुला रखे थे। हनुमान की मूर्ति पर लगे चांदी के डेढ़ सौ ग्राम के मुकुट को अज्ञात चोरों द्वारा चुरा लिया गया।

# बीमारी के लिए होम्योपैथ है संजीवनी

टांडा, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** नगर के अलीगंज स्थित राज होमियो हॉल प्राइवेट लिमिटेड व कॉरपोरेशन होम्योपैथिक रिसर्च सोसायटी द्वारा बुधवार को होम्योपैथिक के जनक डॉ. सैमुअल हैनिमैन की 269वीं जयंती के मौके पर डॉ. हैनिमैन के चित्र के समक्ष एडीएम डॉ. सदानंद गुप्ता, एसडीएम टांडा मोहनलाल गुप्ता ने पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर कर उन्हें याद किया।

एडीएम डॉ. सदानंद गुप्ता ने कहा कि जर्मनी में जन्में इस महान विभुति ने शायद यह नहीं सोचा होगा कि उनकी अद्वितीय खोज के रूप में यह पद्धति विश्व की सबसे सस्ती, दुष्प्रभाव रहित और सर्व सुलभ चिकित्सा पद्धति साबित


डॉ. सैमुअल हैनिमैन की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद एडीएम। अमृत विचार

होगी। जयंती के मौके पर निशुल्क होम्योपैथिक शिविर का शुभारंभ किया गया। इस दौरान 300 से अधिक मरीजों का परीक्षण कर दवा का वितरण किया गया। डॉ. के एल गुप्ता व डॉ. आशीष गुप्ता ने कहा कि प्रकृति के रहस्यों को जानने की जिज्ञासा ने ही मानव को आधुनिक विकास के पथ पर आरोह किया है। होम्योपैथिक के जनक सैमुअल हैनिमैन ने इस इस पद्धति का अविष्कार कर चिकित्सा पद्धति में एक क्रांति लाने का कार्य किया। जिसके चलते आज निर्बल मरीजों के असाध्य रोगों का उपचार इस पद्धति से करा कर निरोगी बनाया जा सकता है। इस मौके पर एसडीओ टांडा आनंद मौर्य, डॉ. स्मृति गुप्ता और डॉ. गौरव गुप्ता सहित सैकड़ों संख्या में लोग मौजूद रहे।

# ईद की पूर्व संध्या पर बाजार गुलजार

संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** खुशियों का त्योहार ईदुल फितर जनपद के अलग-अलग स्थानों पर शिया फिरके के लोगों ने बहुतायत संख्या में मनाया। सुबह से ही नए वस्त्र धारण कर बच्चे, युवा और बुजुर्ग मस्जिदों में पहुंचने लगे थे। उधर सुन्नी समाज के लोग गुरुवार को ईद मनाएंगे। पुलिस प्रशासन को सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर मशक्कत नहीं करनी पड़ी। स्थानीय अभिसूचना इकाई और कस्बा पुलिस चौकी की बारीक नजर अवश्य बनी रही।

नगर में प्रमुख रूप से ईद की नमाज शिया जामा मस्जिद मीरानपुर में अदा की गई। जहां पेश इमाम मौलाना अकबर अली ने नमाज पढ़ाते हुए कहा कि महीने भर के रोजे के बाद ईद रोजेदारों के लिए बेहतरीन तोहफा है। सेवानिवृत्त शिक्षक महताब रजा रिजवी, हाजी सज्जाद हुसैन रिजवी, मोहम्मद अब्बास, शमीम अहमद शन्ने, असरार हुसैन, यासिर, रेहान, बब्बी आदि की उपस्थिति रही। ग्राम मछलीगांव में मौलाना सैयद नूरुल हसन ने नमाज के बाद कहा ईदुल फितर हम सबको मिलजुल कर रहने की सीख देती है।

### हर्षोल्लास के साथ मनाएं त्योहार

रमजान के पवित्र महीने के समापन के उपरांत गुरुवार को मुस्लिम समुदाय के लोग ईदुल फितर का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाएंगे। मुख्य नमाज मरकजी ईदगाह अकबरपुर-अयोध्या मार्ग पर होगी। यहां हाफिज शकील अख्तर सुबह 09 बजे नमाज पढ़ाएंगे। मस्जिद हाजी मोहम्मद उमर शाहजहांपुर में मौलाना खलीकुज्जमां कादरी सुबह 7:30 पर नमाज पढ़ाएंगे। ईद की पूर्व संध्या पर शहजादपुर बाजार खरीदारों से खचाखच भरे रहे। टांडा, बसखारी, किछौछा, जलालपुर, इल्तिफातगंज बाजार भी गुलजार रहे। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जमकर खरीदारी किया। कपड़े, शूजए किराना, चूड़ी और सौंदर्य प्रसाधन के कारोबारियों की चांदी रही। पुरुषों की अपेक्षा हर तरफ बुर्कापोश महिलाएं और बच्चे ही नजर आ रहे थे। कास्मेटिक्स के प्रमुख कारोबारी फैजुद्दीन ने बताया कि विगत वर्षों के मुकाबले इस बार व्यवसाय में बढ़ोत्तरी रही। जालीदार टोपी, गमछा, रूमाल, बेकरी, सूखे मेवे, बच्चों के लिए खिलौने और यहां तक कि नए इलेक्ट्रॉनिक गैजेट खरीदने के लिए बाजारों में खूब भीड़ देखी गई।

### युवक साइबर ठगी का शिकार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** क्रेडिट कार्ड बनवाने के नाम से आई कॉल के झांसे में आकर युवक लाखों रुपए गंवा बैठा। पीड़ित मोहित लाल ने बताया 19 फरवरी को कॉल आने पर कार्ड जारी करने के नाम पर सूचनाएं मांगीं। इसके बाद अलग-अलग बैंकों के क्रेडिट कार्ड से बिना ओटीपी साझा किए तीन लाख 21 हजार आठ सौ साठ रुपए कट गए।


अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट - प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।


अपील — मतदान में प्रतिभाग करने के लिए दिलाई गई शपथ, समूह की दीदियों ने गीत के माध्यम से किया जागरूक

# पूरी स्वेच्छा और गोपनीयता से करें मतदान : जिलाधिकारी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर टांडा के ऑडिटोरियम हाल में जिले की समूह की दीदियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। अधिकारी ने समूह की दीदियों से अपनी स्वेच्छा से गोपनीय तरीके से मतदान में प्रतिभाग करने और अपने आसपास के मतदाताओं को भी 25 मई को मतदान करने के लिए प्रेरित करने की अपील किया।

समूह की दीदियों ने भी अपने साथ की दीदियों को मतदान में


समूह की दीदियों को संबोधित करते जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह।

प्रतिभाग के लिए प्रेरित करने के लिए गीत और उद्बोधन किया गया। उपस्थित सभी अधिकारियों के साथ समूह की दीदियों ने मतदान में प्रतिभाग करने के लिए शपथ लिया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत वहां उपस्थित सभी लोगों द्वारा अपने मोबाइल की लाइट जलाकर गायन के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का कार्य किया। इस दौरान मतदाताओं को अपने मत के महत्व को समझाने के लिए और अधिक से अधिक मतदान में प्रतिभाग के लिए प्रेरित करने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसको वहां उपस्थित सभी लोगों ने बड़े मनोयोग से देखा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता जागरूकता अभियान में शामिल होने और वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए सभी प्रतिनिधियों से सहयोग करने की अपील किया। इस दौरान विशेषज्ञों ने सी विजिल एप, होम वोटिंग, सुपर 100 सहित अन्य निर्वाचन संबंधी सुविधाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। बैठक के दौरान बताया कि 26 अप्रैल तक फॉर्म 6 से नाम बढ़वाया जा सकता है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 50 मॉडल बूथ जिसमें पिंक बूथ, युवा बूथ और दिव्यांग बूथ बनाए जाएंगे। साथ ही साथ यह भी बताया कि जनपद में सुपर 100 बूथों का चयन किया गया है, इनमें प्रत्येक विधानसभा के ऐसे 20 बूथ का चयन किया गया है। जिसमे लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2019 में न्यूनतम मतदान प्रतिशत था इन बूथों पर लगातार जनपद के वरिष्ठ अधिकारी जाकर आम जनमानस से मिलकर मतदान प्रशितत कम होने का कारण जानने का प्रयास कर रहे हैं, साथ ही साथ मतदाताओं को 25 मई को अधिक वोट प्रतिशत बढ़ाने में अपना योगदान देने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

**एडीएम बोले - मतदान के लिए करें प्रेरित :** उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता ने बताया कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए वहां उपस्थित प्रतिनिधियों को प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि हम सभी का दायित्व है कि स्वयं भी वोटिंग करें और अपने आसपास के लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने में अपना सहयोग प्रदान करें। मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन ने अपने संबोधन में बताया कि जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत प्रतिदिन अनेक कार्यक्रम कराए जा रहे हैं, जिसका उद्देश्य जनपद के मतदाताओं को मतदान में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया जाना है।


प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### गैस सिलेंडर में लगी आग बाल-बाल बचे लोग

**राजीचौराहा, बहराइच, अमृत विचार :** जनपद के भलुहिया गांव निवासी शंभु यादव के यहां अन्नप्राशन का कार्यक्रम था। भोजन बन रहा था। तभी अचानक सिलेंडर में आग लग गई। जिससे अफरा तफरी मच गई। मौके पर मौजूद शंभू यादव के दामाद शोभाराम व रामतेज यादव के सूझबूझ के चलते किसी प्रकार की जनहानि या कोई भीषण हानि नहीं पहुंची है। समय से आग बुझा लिया गया।

### डीएम ने एसडीएम को जांच के दिए निर्देश

**नानपारा, बहराइच, अमृत विचार :** साधुवापुर गोकुलपुर में खलिहान की जमीन पर ग्राम प्रधान ने कब्जा कर लिया है। डीएम ने एसडीएम को जांच के निर्देश दिए हैं। नानपारा तहसील क्षेत्र के ग्राम साधुवापुर गोकुलपुर गांव में खलिहान की जमीन स्थित है। इस जमीन पर ग्राम प्रधान ने स्वयं कब्जा कर मकान बनवा लिया है। इस खबर का प्रकाशन अमृत विचार अखबार ने तीन अप्रैल को किया था। खबर का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने एसडीएम नानपारा को जांच कर आख्या तलब की है।

### मतदान दिवस पर बन्द रहेगा कोषागार

**बहराइच, अमृत विचार :** निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव के लिए घोषित कार्यक्रम के अनुसार 56-बहराइच संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में समाहित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों बलहा, नानपारा, मटेरा, महसी व बहराइच में चतुर्थ चरण हेतु 13 मई तथा 57-कैसरगंज (आंशिक) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्रों पयागपुर व कैसरगंज में पंचम चरण के लिए 20 मई को मतदान सम्पन्न होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि चतुर्थ चरण के मतदान दिवस 13 मई व पंचम चरण के मतदान दिवस 20 मई को सार्वजनिक अवकाश रहेगा। उक्त तिथियों में कोषागार तथा उप कोषागार भी बन्द रहेंगे।

# आशाओं को शिशुओं के पोषण की दी जानकारी

**अभियान**

**होम बेस्ड न्यू बोर्न केयर थर्ड राउंड में 250 आशा कार्यकर्ता हुईं प्रशिक्षित**

संवाददाता, बहराइच



अचल प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित शविर में शामिल आशा कार्यकर्ता।

**अमृत विचार:** जीवन के शुरुआती एक हज़ार दिन शिशुओं के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण होते हैं। इस दौरान शिशु में खतरे के शुरुआती लक्षणों की पहचान, उचित देखभाल और सही पोषण की जानकारी शिशुओं को स्वस्थ रखने में मददगार बनती है। इसके लिए आशा कार्यकर्ताओं को होम बेस्ड न्यू बोर्न केयर थर्ड राउंड के तहत प्रशिक्षित किया जा रहा है।

अचल प्रक्षिक्षण केंद्र में चल रहे पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में आशा कार्यकर्ताओं को शिशु में खतरे के शुरुआती लक्षण और घर पर देखभाल के तरीके सिखाये गए। प्रशिक्षण का संचालन कर रहे डीसीपीएम मो. राशिद ने बताया बीमार शिशुओं के लक्षणों की पहचान के लिए आशा कार्यकर्ताओं को तापमान नापने के लिए डिजिटल थर्मामीटर, वजन मशीन, सांसों की गिनती के लिए डिजिटल घड़ी, शिशुओं को लपेटने का तरीका सिखाने के लिए कंबल, टार्च, मां को ऊपरी आहार देने के तरीकों को सिखाने के लिए कटोरी चम्मच दिया गया है। इसका उपयोग आशा कार्यकर्ता गृह भ्रमण के दौरान नवजात शिशु की देखभाल के लिए करती हैं। प्रशिक्षक चंदरेश्वर पाठक ने बताया कि संक्रमण न हो इसके लिए शिशु को छूने से पहले हाथों को साफ करना चाहिए। उन्होंने बताया कम वजन के जन्मे शिशुओं में संक्रमण होने की ज्यादा संभावना होती है। स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी व प्रशिक्षक जुगुल किशोर चौबे ने नवजात शिशु को कंबल में लपेटने का तरीका सिखाया। उन्होने बताया जन्म से छह माह की आयु के शिशुओं को सिर्फ मां का दूध देना चाहिए। जिला स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने बताया कि जनपद की 250 आशाओं को 09 अलग-अलग बैचों में प्रशिक्षित किया जा रहा है।

### 10 ग्राम स्मैक के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**नानपारा, बहराइच, अमृत विचार :** कोतवाली नानपारा की पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर को 10 ग्राम स्मैक के साथ पकड़ा है। उसके पास से कारतूस और बाइक भी बरामद की गयी। एसपी वृन्दा शुक्ला द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत नानपारा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की हैं। एएसपी ग्रामीण पवित्र मोहन त्रिपाठी व सीओ राहुल पाण्डेय ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने पुलिस टीम गठित की। पुलिस ने मलंगपुरवा पुल के पास से बाइक सवार सुहेल पुत्र जमील निवासी रामनगर सुमेरा थाना नवाबगंज को गिरफ्तार किया।

# गढ़ीघाट पुल न बनने से 50 हजार की आबादी प्रभावित

## सरयू नदी पर बने पुल का अप्रोच मार्ग बाढ़ के पानी में बहा, दो दर्जन से अधिक गांवों के लोग परेशान

संवाददाता, बहराइच



शिवपुर विकासखंड में सरयू नदी पर बने पुल का कटा अप्रोच। अमृत विचार

**अमृत विचार :** शिवपुर विकासखंड में स्थित गढ़ीघाट पुल का अप्रोच सरयू नदी के उफान से कट गया। शिकायत के बाद भी कई माह से नहीं बन सका है। जिसके चलते 50 हजार की आबादी को आवागमन करने में दिक्कत हो रही है। इस बार के बाढ़ में पुल के पूरी तरह बहने की आशंका भी है।

जिले के नानपारा रामपुर मार्ग पर गढ़ीघाट पुल सरयू नदी पर बना हुआ है। इस पुल से दो दर्जन से अधिक गांवों के लोगों का आवागमन होता है। लेकिन वर्ष 2023 के अगस्त माह में आई बाढ़ के चलते पुल का अप्रोच दोनों तरफ से 80 प्रतिशत कट गया है। इसके चलते बड़े और छोटे चार पहिया वाहनों से आवागमन प्रभावित हो गया है। बस और ट्रक आवागमन इस मार्ग से नहीं कर पा रहे हैं। पीडब्ल्यूडी द्वारा बनवाए गए पुल से सिर्फ पैदल ही लोग आवागमन कर रहे हैं तो बाइक और साइकिल सवार लोग जान जोखिम में डालकर आवागमन करने को विवश हैं। मालूम हो कि अगर इस पुल से क्षेत्र के लोग आवागमन करते हैं तो नानपारा तहसील तक पहुंचने में मात्र 13 किलोमीटर की दूरी तय कर पहुंच जाते थे। लेकिन अप्रोच मार्ग कटने से लोगों को मटिहामोड़ से 45 किमी की दूरी तय कर अधिक समय में गंतव्य तक पहुंचने में लग जाता है। ग्रामीणों के मुताबिक अगर पुल का अप्रोच सही नहीं किया गया तो वर्ष 2024 के बाढ़ में पुल भी दरकने के साथ बहने की संभावना बढ़ जाएगी।

### अप्रोच मार्ग कटने की है जानकारी, जल्द होगी पटान

"गढ़ीघाट पुल के अप्रोच के बाढ़ में कटने की जानकारी है। इसका प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था। जिस पर मंजूरी मिल गई है। आचार संहिता के चलते कुछ दिक्कत आ रही है। जल्द ही अप्रोच का कटान सही कर दिया जायेगा। जिससे लोगों का आवागमन प्रभावित नहीं होगा।"

**-अमर सिंह**, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी

### इन गांवों का होता है आवागमन

गढ़ीघाट पुल से रामपुर, नेवादा, बैबाही, अरनवा, सम्मनपुरवा, गिरदा, डल्लापुरवा, एकघरा, बाजपुरवा, जरबदिहा, पिपरिया, बेलहन और महेशपुर समेत दो दर्जन से अधिक गांव के लोगों का आवागमन होता है।

### तो 30 किलोमीटर की दूरी तय कर जाते हैं अस्पताल

नानपारा ककरी रामपुर मार्ग पर सरयू नदी पर बने पुल से नानपारा सीएचसी पहुंचने के लिए 13 किलोमीटर की दूरी लगती है। जबकि मटिहामोड़ होते हुए 45 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। अगर गंभीर रोगी है तो 30 किलोमीटर की दूरी तय करने में ही उसे जान गंवानी पड़ सकती है। कुछ यही हाल जिला मुख्यालय स्थित मेडिकल कॉलेज पहुंचने के लिए भी दूरी तय करने में समय और खर्च अधिक उठाना पड़ेगा।

## सार-संक्षेप

### सीओ ने पैरामिलिट्री फोर्स के साथ किया फ्लैग मार्च



पैरा मिलिट्री फोर्स के साथ फ्लैग मार्च करते सीओ और थानाध्यक्ष।

**तेजवापुर, बहराइच, अमृत विचार :** महसी सीओ ने बौंडी पुलिस व एसएसबी जवानों के साथ फ्लैग मार्च कर लोगों को सुरक्षा का अहसास दिलाया। ईद व नवरात्र को लेकर महसी सीओ ने बौंडी पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स के साथ बौंडी, साईं गांव, नौशहरा, खैराबाजार, रामगढी.समेत विभिन्न कस्बों और गांवों में फ्लैग मार्च किया। महसी सीओ अनिल कुमार सिंह ने कस्बे व गांवों के लोगों से बात कर ईद पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। फ्लैग मार्च में वरिष्ठ उपनिरीक्षक राकेश पांडेय, उपनिरीक्षक दिनेश सिंह, लाल चंद, सुशील कुमार, धीरेंद्र कु मार, महिला si ज्योत्सना, हेड कांस्टेबल राम लखन, मंजेश यादव, महेश राय, कास्टेबल राम गोपाल वर्मा, अजय यादव, दुर्गा चौहान, रजनीश, सचिन सिंह आदि थे

### अखिलेश के सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं : दयालु

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री दया शंकर मिश्रा दयालु बुधवार को जिले के दौरे पर पहुंचे। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि अयोध्या में राम मंदिर सैकड़ों वर्षों का सपना था मंदिर बनने से करोड़ों लोगों का वो सपना पूरा हुआ है। पयागपुर विकास खंड के खुटेहना में कार्यक्रम में शामिल होने आए राज्य मंत्री ने बीते दिनों सपा प्रमुख अखिलेश यादव के मुख्तार अंसारी की मौत के बाद उनके घर पहुंच कर मौत की जांच की मांग वाले बयान पर प्रतिक्रिया दी। राज्यमंत्री ने कहा कि उनके सर्टिफिकेट की किसी को जरूरत नहीं है। इस दौरान जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे, अखंड प्रताप सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।



राज्यमंत्री का स्वागत करते लोग। अमृत विचार

### सोशल मीडिया वालंटियर सम्मेलन आयोजित

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** अशोक नगर खुटेहना स्थित बनवारी देवी इंटर कालेज में सोशल मीडिया वालंटियर का सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उ प्र सरकार के मंत्री दयाशंकर मिश्र 'दयालु' रहे। कार्यक्रम को सदर विधायक अनुपमा जायसवाल, सुभाष त्रिपाठ, लोकसभा प्रत्याशी आनंद गौंड, एमएलसी, एमएलसी प्रज्ञा त्रिपाठी, बलहा विधायक सरोज सोनकर, नानपारा रामनिवास वर्मा सहित जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय ने सम्बोधित किया।

### बिना परमिट 33 सागौन के पेड़ काट लिये गये

**विशेश्वरगंज, बहराइच, अमृत विचार :** श्रावस्ती वन प्रभाग के पयागपुर रेंज के डिप्टी रेंजर प्रताप नारायण यादव के नेतृत्व में वन महकमे की टीम ने विशेश्वरगंज के गांगू देवर गांव में दबिश दी। 33 सागौन के पेड़ों का अवैध कटान, लकड़ी गायब मिलने पर थाने में तहरीर देकर दो को नामजद कर केस दर्ज कराया गया है। पयागपुर डिप्टी रेंजर प्रताप नारायण यादव ने सोमवार देर शाम विशेश्वरगंज थाने के गांगू देवर मे दबिश दी। 33 सागौन के पेड़ों का अवैध कटान पाया गया है। डिप्टी रेंजर ने राम गुलाम सिंह व संजय सिंह को नामजद कर ग्रामीण वन संरक्षण अधिनियम के तहत केस दर्ज कराया गया है।

# डीएम ने कार्यालयों का किया निरीक्षण

संवाददाता, श्रावस्ती



कलेक्ट्रेट स्थित एक कार्यालय का निरीक्षण करतीं डीएम।

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने बुधवार को कलेक्ट्रेट के सभी कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कोषागार, केन्द्रीय अभिलेखागार एवं राजस्व अभिलेखागार, मालखाना, भू अभिलेख, आपदा प्रबन्धन, प्रशासनिक अधिकारी कार्यालय, कौशल विकास मिशन, खाद्य एवं रसद, समाज कल्याण विभाग, प्रोबेशन कार्यालय सहित अन्य कार्यालयों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिला पूर्ति अधिकारी, जिला बचत अधिकारी अनुपस्थित पाये गये, वहीं कौशल विकास मिशन कार्यालय के निरीक्षण करने पर कोई भी स्टाफ उपस्थित न पाये जाने पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी जताते हुए जवाब तलब करते हुए स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शासकीय कार्यों में लापरवाही क्षम्य नहीं की जायेगी। उन्होंने सभी कार्यालयों में जाकर उपस्थिति पंजिका सहित अन्य अभिलेखों को भी देखा। नजारत के निरीक्षण के दौरान सभी फाइलों एवं रजिस्टरों को हमेशा अपडेट रखने का निर्देश दिया। उन्होंने आरसी वसूली की पंजिका को अपडेट करने, आडिट आपत्तियों का निराकरण कराने का निर्देश दिया।

# तालाब के निकट दिखा हिमालयन गिद्धों का झुंड



तालाब के पास बैठा गिद्धों का झुंड।

**बहराइच, अमृत विचार।** जनपद के हरिहरपुर रैकवारी गांव के निकट तालाब के पास काफी संख्या में गिद्ध और हिमालयन ग्रिफन बुधवार को देखने को मिला। लोगों ने एकत्र पक्षियों की फोटो खींची।

जिले के बहराइच सदर रेंज के हरिहरपुर रैकवारी गांव के पास तालाब स्थित है। तालाब के निकट मैदान में बुधवार दोपहर में काफी संख्या में प्रवासी हिमालयन ग्रिफन और भारतीय गिद्ध बैठे दिखे। कुछ देर में काफी संख्या में गिद्धों का झुंड आ गया। प्रवासी हिमालयन देख ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह ने फोटो ग्राफी के साथ वीडियो ग्राफी की। काफी मात्रा में प्रवासी पक्षी और गिद्ध देखकर लोग काफी खुश दिखे। मालूम हो कि गिद्ध देश में विलुप्त प्राय पक्षी घोषित है। ऐसे में इनकी संख्या देख लोग काफी खुश दिखे।

## वर्ग पहेली-36

**बाएं से दाएं**

1. 1. कान के पास मुंह ले जाकर धीमी आवाज़ में की जाने वाली बातें, धीरे-धीरे बात करना, फुसफुसाना 2. कानाबाती, कानाफूसी।

5. 1. कीचड़, गारा, पंक 2. ऐसी गीली भूमि जिसपर खड़े होने पर गहराई में धंसते जाते हैं 3. वह संकट या परेशानी जिसमें से निकलना कठिन हो। [मु.] -में फंसना : मुसीबत में पड़ना।

7. 1. झील

8. बांस या बेंत का बना आसन, मूढ़ा।

9. 1. एक ऋतु 2. हिंदी माह आश्विन की ऋतु 3. वर्ष, वत्सर।

**ऊपर से नीचे**

2. दुर्गा।


3. 1. पोस्ते का फल 2. फलांकुर, कली 3. गांव या शहर में होने वाली मुनादी, डुगडुगी 4. टोंटी।

4. 1. स्वभाववश, अभ्यासवश 2. किसी कार्य को बार-बार करते रहने के कारण कार्य का आदत बन जाना।

5. 1. किसी सिद्ध पुरुष का समाधि-स्थल, मकबरा, मज़ार 2. दरबार; कचहरी 3. देहरी, चौखट।

6. 1. समूह 2. साधुओं की ज़मात या जमावड़ा।

8. 1. मन को प्राप्त, मुग्ध 2. मोह 3. आसक्त, लुभाया हुआ।



### वर्ग पहेली -35 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 पि | टा | ना | ■ | 2 सा | नु | 3 ज |
| सा | ■ | ■ | 4 त | न | ■ | ल |
| न | ■ | 5 ढी | ल | ना | ■ | म |
| ■ | 6 च | ■ | बा | ■ | ■ | य |
| ■ | 7 म | च | ना | ■ | 8 वे | ■ |
| ■ | र | ■ | ■ | ■ | दि | ■ |
| 9 सु | ख | दा | ता | ■ | 10 का | ज़ी |

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** भिनगा कोतवाली क्षेत्र के खरगौरा सेमरी मार्ग पर मंगलवार रात पटना गांव के पास तेज रफ्तार बाइक ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। इसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीर ने उसे बाइक से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची भिनगा कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गिलौला थाना क्षेत्र के ग्राम चेतियामुरार के मजरा लोहारी निवासी सुदीश कुमार पुत्र मैकू लाल मंगलवार की रात सेमरी चौराहा की ओर जा रहा था। जैसे ही वह बाइक लेकर भिनगा कोतवाली क्षेत्र के खरगौरा सेमरी मार्ग पर स्थित पटना गांव के निकट पहुंचा तभी उसकी बाइक ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। दुर्घटना में सुदीश गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी बीच वहां पहुंचे राहगीर ने बाइक से उसे संयुक्त जिला अस्पताल भिनगा पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जेब में मिले आधार कार्ड से युवक की पहचान हुई। उसके पास से बरामद मोबाइल से परिवार वालों को सूचना दी गई। प्रभारी निरीक्षक महिमा नाथ उपाध्याय का कहना है कि तहरीर मिली तो मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# फिट रहने को जवानों से लगवाई दौड़

संवाददाता, श्रावस्ती



पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों के साथ सीओ। अमृत विचार

**अमृत विचार :** बुधवार को क्षेत्राधिकारी जमुनहा सतीश कुमार शर्मा ने रिजर्व पुलिस लाइन में पहुंचकर परेड की सलामी ली एवं शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए जवानों की दौड़ लगवाई। तत्पश्चात पुलिस उपाधीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाइन में बने क्वार्टर गार्द, जीडी कार्यालय, कैश कार्यालय, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, डीसीआर शाखा, मालखाना स्टोर, आरक्षी बैरक तथा पुलिस लाइन आवास के आस-पास साफ-सफाई एवं स्वच्छता हेतु विशेष ध्यान देने हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया।

## सुडोकू -115

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | | | | 9 | | 2 |
| 8 | | 2 | | 1 | 5 | | | |
| | | | | 2 | | 8 | | 5 |
| | | 8 | | | 3 | | | |
| | | 1 | | | | 6 | | |
| 9 | | | 8 | | | 7 | | |
| | | 5 | | 9 | | | | |
| 3 | | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 2 | | 6 | | | | | 5 | |

### सुडोकू -114 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 8 | 7 | 9 | 5 | 1 | 4 | 3 |
| 5 | 3 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 2 |
| 9 | 1 | 7 | 2 | 3 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 8 | 2 | 3 | 9 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 7 | 3 | 6 | 8 | 4 |
| 8 | 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 7 | 5 | 1 |
| 3 | 9 | 5 | 1 | 8 | 7 | 4 | 2 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 अप्रैल गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-तृतीया 15.03 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

**मेष:** आज सहकर्मी आपको धोखा दे सकते हैं। कारोबार से संबंधित यात्रा होने के योग बन रहे हैं। धन सोच-समझकर ही खर्च करें। नए कार्यों की शुरुआत करना उचित नहीं है। अधिकारी वर्ग की आज्ञा का उल्लंघन न करें।

**वृष:** आज यदि आप नयी नौकरी ढूंढ रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। अपनी छुपी हुई प्रतिभा को विकसित करने का प्रयास करें। सम्मानित लोगों के बीच आपकी पैठ मजबूत होगी। समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा।

**मिथुन:** आज अपने प्रतिद्वंद्वियों को हल्के में न लें। आपका मन उदास हो सकता है। व्यवसाय में अपेक्षित परिणाम न मिलने के कारण कुछ बदलाव को लेकर सोच सकते हैं। विवाहेतर संबंधों से दूर रहें। परिवार व समाज में प्रतिष्ठा की चिंता रहेगी।

**कर्क:** आज आपकी एकाग्रता में वृद्धि होगी। सभी तरफ से शुभ समाचार मिलेंगे। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे। व्यापार में नए अनुबंध होने की संभावना बन रही है। धार्मिक क्रियाकलापों में आप भाग लेंगे।

**सिंह:** आज आय के साधनों में वृद्धि होगी। विवाह योग्य लोगों को उत्तम प्रस्ताव मिलेंगे। अपनी कार्यशैली से अधिकारी वर्ग संतुष्ट रहेंगे। प्रेम संबंधों में नजदीकियां बढ़ेगी। परिजनों के साथ अपने मन की बातें शेयर करेंगे।

**कन्या:** आज उच्च शिक्षा में सफलता मिलेगी। गुरुजनों से चर्चा और राय लेकर नया काम शुरू करें। आपके सद्गुणों की लोग प्रशंसा करेंगे। घर की बातें बाहर वाले लोगों से शेयर न करें। रिटेल व्यवसाय में उत्तम धन लाभ होगा। मन की नकारात्मकता दूर होगी।

**तुला:** आज धन से जुड़े मामलों में लापरवाही करना उचित नहीं है। अनावश्यक खर्चों में कटौती करें। अपने आसपास के लोगों से सावधान रहें। आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव कर सकते हैं। थकान की वजह से आप अपने कार्यों में ज्यादा ध्यान नहीं दे पाएंगे।

**वृश्चिक:** आज दिन का शुरुआती भाग बहुत शुभ रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों की प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। विद्युत उपकरणों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें। जिस किसी बात से आप प्रसन्न होंगे उसी बात पर आपको दुखी होना पड़ेगा।


**धनु:** आज आय के नए स्रोत विकसित होंगे। शेयर मार्केट से बड़ा लाभ हो सकता है। अपने काम दूसरों के भरोसे छोड़ने से बचें। अविवाहित लोगों के विवाह संबंधित बात आगे बढ़ सकती है। बहुत शुभ व उत्साहवर्धक रहेगा। आपके पक्ष में रहने वाला है।

**मकर:** आज अपने खर्चो पर धीरे-धीरे नियंत्रण पा लेंगे। प्रेमी जन के साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। व्यापार में अपेक्षा से अधिक लाभ होगा। जॉब में उच्चाधिकारी आपसे बेहद प्रसन्न रहेंगे। लोग आपके विचारों से सहमत होंगे।

**कुंभ:** आज व्यर्थ की बातों पर ज्यादा समय बर्बाद न करें। आपके स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। वैवाहिक जीवन में कुछ अनबन रहने की आशंका है। धैर्य और संयम के साथ काम करें। किसी पर भी आवश्यकता से अधिक भरोसा न करें।

**मीन:** आज पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों को बड़ी बिजनेस डील मिल सकती है। अपने मन की बातें प्रेमी जन से साझा कर सकते हैं। आपकी व्यवहार कुशलता की प्रशंसा होगी। अपने काम का विस्तार करने का विचार बनाएंगे।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-वसंत। चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ। ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-कृत्तिका 12 अप्रैल 01.38 तक तत्पश्चात रोहिणी।

## आज की फिल्में

**नजर के सामने** सुबह : 10.53
**धड़कन** रात : 07.00
**पुलिसगिरी** सुबह : 11.19
**जनहित में जारी** रात : 08.00
**मोर्टल कॉम्बेट** सुबह : 10.53
**स्पाइडर मैन** रात : 09.00
**बीवी हो तो ऐसी** सुबह : 10.45
**कंजूस मक्खी चूस** रात : 08.05
**मोना डार्लिंग** सुबह : 10.30
**ए थर्सडे** शाम : 06.45

### आज की सुपरहिट फिल्म




बी 4 यू पर रात : 07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

मास्टर जी क्लास में आए तो पप्पू हल्ला मचा रहा था।
मास्टर जी (पप्पू से) - गजल और भाषण में क्या अंतर होता है?
पप्पू ने कुछ देर सोचा फिर बोला- पराई स्त्री का हर शब्द गजल होता है और बीवी का हर शब्द भाषण...
पप्पू की बात सुनकर मास्टर जी दंग रह गए।

पत्नी- सुनो जी, आज से तुम रोजाना शराब पिया करो।
पति- क्यों?
पत्नी - क्योंकि, आप नशे में ज्यादा काम करते हो।
पति- मैं कुछ समझा नहीं?
पत्नी- अरे कल तुम शराब पीकर आए तो नशे में सारे गंदे पड़े बर्तन धो डाले और तो और आपने मेरे पांव भी दबाए...

# नवरात्र शुरू होते ही फलों के दाम में उछाल, केले का मूल्य हुआ दोगुना

**महंगाई की मार**

- दो दिन में ही संतरे के दाम भी हुए दोगुने, अंगूर भी पीछे नहीं
- व्रत में उपयोग किये जाने वाले आलू के दाम भी बढ़े

बहराइच

**अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र में व्रत रखने वाले लोगों पर फलों की महंगाई भारी पड़ रही है। केला और संतरा के रेट में जहां दोगुना इजाफा हुआ है। वहीं अनार और अंगूर के रेट भी बढ़ गए हैं। ऐसे में व्रत रखने वाले लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

चैत्र नवरात्र मंगलवार से शुरू हुए हैं। व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं को महंगाई से भी दो चार होना पड़ रहा है। आलम यह है कि फलों के साथ सब्जियों की कीमत आसमान छू रही है। व्रत में प्रयोग होने वाला आलू भी पांच रुपए प्रति किलो बढ़ गया है। वहीं 40 रुपये दर्जन बिकने वाला केला 80 रुपए दर्जन पहुंच गया है। कुछ यही सीजनल फल संतरे का है। 40 रुपये में दो दिन पूर्व बिक रहा संतरा बुधवार को 80 से 100 रुपये किलो पहुंच गया है। ऐसे में चैत्र नवरात्र में व्रत रखने वाले लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सभी महंगे दामों पर बिक रहे फल खरीदने को विवश है। इतना ही नहीं, मध्यम और गरीब वर्ग का व्यक्ति फल नहीं खरीद पा रहा है। फलों के साथ हरी सब्जियों के दाम में भी इजाफा हुआ है। इनमें खीरा, लौकी, कद्दू और कच्चा केला शामिल है।


शहर में ठेलिया पर फलों की बिक्री करता दुकानदार। अमृत विचार

**दो दिन में बढ़ गए फलों के दाम**

फल व्यवसाई अखिलेश पांडेय ने बताया कि चैत्र नवरात्र से दो दिन पहले संतरा, सेब, केला और अंगूर के दाम में वृद्धि नहीं हुई थी। लेकिन नवरात्र को देखते हुए बाजार का भाव चढ़ गया। जिसके चलते फल महंगे मिल रहे हैं और महंगे दामों में बिक्री की जा रही है। फलों के मूल्य प्रति किलो और दर्जन में दो दिन पहले और वर्तमान समय में।

| फल | दो दिन पूर्व का दाम | वर्तमान मूल्य |
|---|---|---|
| सेब | 120 | 140 |
| केला | 40 | 80 |
| अंगूर | 60 | 80 |
| संतरा | 60 | 100 |
| पपीता | 50 | 60 |
| खीरा | 30 | 40 |
| आलू | 20 | 25 |

## युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**नानपारा, बहराइच, अमृत विचार:** नगर के मोहल्ला जुबलीगंज निवासी एक युवक ने बुधवार को घर में फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली नानपारा के मोहल्ला जुबलीगंज निवासी मनीष गौतम (25) पुत्र राम हरख ने बुधवार को घर में कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी जानकारी परिवार में हुई तो कोहराम मच गया मनीष की मां ममता देवी ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी।

# आज मनेगी ईद, बाजारों में खरीदारों की उमड़ी भीड़

## मस्जिदों में ईद की नमाज का समय निर्धारित किया गया

बहराइच

**अमृत विचार :** जिले में गुरुवार को ईद मनायी जायेगी। बाजारों में खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित मस्जिद में नमाज के लिए ईद के लिए समय का निर्धारण किया गया है।

मुस्लिम समाज की से ईद पर्व गुरुवार को मनाया जाएगा। सऊदी अरब में बुधवार को ईद मनाने की जानकारी होते ही यहां के मुस्लिमों में खुशी दौड़ गई। ईद का चांद दिखाई पड़ते ही बाजार में रौनक बढ़ गई। महिलाएं, युवा,बच्चे सभी खरीदारी में जुट गए। चांद दिखते ही लोगों ने एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी।

स्टीलगंज तालाब, बिसात खाना, गुरु नानक मार्केट, अस्पताल तिराहा,डिगिहा, पानी टंकी हर तरफ कपड़ों ,बनियान,रुमाल, जूते चप्पल,चूड़ी,कास्मेटिक सामानों की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ लगी थी। इसी क्रम में दरगाह थानाध्यक्ष हरेंद्र कुमार मिश्रा ने मोहल्ले के सभासद प्रतिनिधि सुरेश गुप्ता और मुतवली के साथ सलारगंज ईदगाह का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जांच की। इसके बाद पुलिस ने नमाज़ और ईद मिलन समारोह के समय की जानकारी ली। इस दौरान ईदगाह के मुतवल्ली इशरत महमूद समेत अन्य मौजूद रहे।


ईद को लेकर सुरक्षा व्यवस्था की जांच करते थानाध्यक्ष। अमृत विचार

**ईद की नमाज का समय**

| | |
|---|---|
| मरकजी ईदगाह सालारगंज | 09 बजे |
| दरगाह शरीफ ईदगाह | 09 :30 बजे |
| दरगाह मस्ज़िद कदम रसूल | 08 :30 बजे |
| जामा मस्जिद काजीपुरा | 08 :30 बजे |
| नानपारा मस्ज़िद चौक बाजार | 07 :30 बजे |
| खस्यारी मस्ज़िद सालार गंज | 9 :30 बजे |
| चांद मस्ज़िद मेवातीपुरा | 07 :00 बजे |
| मक़बरा मस्ज़िद अलावल खां बड़ीहाट | 09 :00 बजे |
| साहू मस्ज़िद खत्तरीपुरा | 08 :00 बजे |
| चौहट्टा मस्ज़िद दीवानी कचेहरी | 08 :15 बजे |
| बम्बईया मस्ज़िद खत्रीपुरा | 08 :00 बजे |
| ताज मस्ज़िद महोलीपुरा | 08 :00 बजे |
| रंगरेंज मस्ज़िद बड़ीहाट | 08 :30 बजे |
| शफील वाली मस्ज़िद बड़ीहाट | 08 :00 बजे |
| मस्ज़िद हाफ़िज हैरत शाह बख्शीपुरा | 08 :30 बजे |
| मस्ज़िद खानकाह इनायत उल्ला शाह बड़ी तकिया | 08 :30 बजे |
| मुलशरिम मस्ज़िद शाह नईम उल्ला शाह शख़ैयापुरा | 08 :00 बजे |
| मस्ज़िद खानकाह बिस्मिल्लाह शाह छोटी तकिया | 08 :30 बजे |
| वक्फ मस्ज़िद कुरैशियान नाज़िरपुरा | |
| मोती मस्ज़िद कचेहरी रोड | 08 :00 बजे |
| सौदागर मस्ज़िद नाज़िरपुरा | 08 :00 बजे |
| काली मस्ज़िद नाज़िरपुरा | 08 :00 बजे |
| सलमा मस्ज़िद नाज़िरपुरा | 08 :00 बजे |
| मस्ज़िद मोलवी हबीब उल्ला बड़ीहाट | 08 :30 बजे |
| रिसिया ईदगाह | 09 :00 बजे |
| रिसिया मस्ज़िद | 08 :00 बजे |
| मस्ज़िद शाही कर्बला | 07 :30 बजे |
| जामा मस्ज़िद सैय्यदवाड़ा | 10 :00 बजे |
| इमामया मस्ज़िद अकबरपुरा | 09 :30 बजे |
| मस्ज़िद मो0 मुस्तफा चांदपुरा | 08 :00 बजे |

## एचटी लाइन की चपेट में आने से किसान की मौत


करंट लगने से किसान की मौत के बाद जमा भीड़। अमृत विचार

**राजीचौराहा, बहराइच, अमृत विचार :** जनपद के सिंगिया नसीरपुर बांध के किनारे तीन दिन से पड़े हाई टेंशन लाइन की चपेट में आकर बुधवार को किसान की करंट लगने से मौत हो गई। राजस्व पुलिस विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर बयान दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम सिंगिया नसीरपुर गांव में एचटी लाइन तीन दिनों से खेत में गिरा पड़ा था। इसकी जानकारी गांव के लोगों ने बिजली विभाग के अधिकारियों को दी, लेकिन सूचना के बाद भी बिजली विभाग की ओर से एचटी लाइन को जोड़ा नहीं गया। जिसकी कीमत गांव निवासी किसान को चुकानी पड़ी। गांव निवासी किसान सकटू (66) पुत्र पांचू बुधवार को नित्यक्रिया के लिए जा रहे थे। अंजाने में वृद्ध करंट की चपेट में आ गया। करंट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इससे परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पाकर आसपास के लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। घटना की जानकारी पुलिस के साथ एसडीएम को दी गई। जिस पर प्रभारी निरीक्षक संतोष सरोज, राजस्व निरीक्षक और लेखपाल मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंचे लेखपाल ने ग्रामीणों का बयान दर्ज किया। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# सड़क दुर्घटनाओं में बालक सहित पांच लोग घायल

- हालत गंभीर होने पर एक घायल को ट्रामा सेंटर लखनऊ किया गया रेफर

**बहराइच, अमृत विचार:** विभिन्न स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में बालक सहित पांच लोग घायल हो गए। मेडिकल कालेज से एक घायल को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है।

पयागपुर-कैसरगंज मार्ग पर मंगलवार को दोपहर मे अरकापुर गांव के पास किसी तेज रफ्तार वाहन ने बाइक मे टक्कर मार दी हादसे में बालक राम घायल हो गया। फखरपुर कस्बे के पास दो बाइकों की भिड़ंत में पिंटू गंभीर रूप से घायल हो गया। पीछे बैठा कद्दूस बाल बाल बच गया। मोतीपुर थाने के बस्थनवा में पेड़ के नीचे बैठे इसी गांव निवासी शिवम घायल हो गए। खैरीघाट थाने के संकल्पा मार्ग पर सोमवार रातवाहन की टक्कर से शिवम घायल हो गया। श्रावस्ती के गिलौला बाजार निवासी ललित शुक्ल बाइक से गांव जा रहे थे। धरसवा के पास विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक वाहन सहित फरार हो गया। लोगों ने घायल को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा। जहां डॉक्टर ने स्थिति गंभीर देखते हुए ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया है।

## अयोध्या के लिए 70 बसों का संचालन

**बहराइच, अमृत विचार:** बहराइच रोडवेज बस अड्डे से अयोध्या के लिए 70 बसों का संचालन हो रहा है। ऐसे में श्रद्धालु चैत्र नवरात्र में श्री राम के दर्शन और पूजा के लिए बस के साथ ट्रेन से भी यात्रा कर सकते हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए विभाग की ओर से परिवहन की सुविधाएं भी दी जा रही हैं।

अयोध्या में भगवान श्री राम लला की मूर्ति स्थापित होने के बाद लोगों की भीड़ काफी बढ़ी है। इसको देखते हुए परिवहन विभाग की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए बसों की संख्या बढ़ाई गई है। परिवहन विभाग के एआरएम प्रेम कुमार ने बताया कि रोडवेज डिपो से 70 बसों का संचालन अयोध्या के लिए हो रहा है। इनमें 14 बसें बहराइच डिपो की हैं।

# पार्टी व कार्यकर्ता हमारे साथ : बृजभूषण

- क्षेत्र व ग्राम पंचायत सदस्यों से बैठक करने पहुंचे सांसद बृजभूषण

जरवलरोड, बहराइच

**अमृत विचार :** भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह बुधवार को जरवल में क्षेत्र और ग्राम पंचायत सदस्यों की बैठक में शामिल होने के लिए पहुंचे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी और आप सभी लोग मेरे साथ हैं।

लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटे कैसरगंज से तीन बार रह चुके सांसद बृजभूषण शरण सिंह के जरवलरोड बाजार पहुंचने पर ब्लॉक प्रमुख जरवल विपेंद्र प्रताप के आवास पर स्वागत किया गया। स्वागत से अभिभूत सांसद ने कहा कि कैसरगंज की जनता से जन्म जन्मांतर का नाता है। सांसद ने एक बार फिर मोदी सरकार बनाने का संकल्प दिलाया। सांसद ने उपस्थित महिलाओं युवाओं एवं अन्य सभी लोगों से मिलकर हाल-चाल पूछा। ब्लॉक प्रमुख विपेंद्र सिंह ने बड़ी माला पहनाकर सांसद का स्वागत किया। इस अवसर पर लोकतंत्र सेनानी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमोद कुमार गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि सुनील सिंह, पूर्व जिला महामंत्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह, रघुनाथ प्रसाद श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार गुप्ता, अल्ताफ हुसैन एडवोकेट, जिला मंत्री संजय राव, राजन सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य, विनय सिंह अखंड प्रताप शाही, सौरभ कसौंधन, राहुल सिंह, कौशल किशोर सिंह, डा. अमरनाथ आदि थे।


जरवल रोड में सांसद का स्वागत करते पदाधिकारी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### आज बंदियों से नहीं होगी मुलाकात

**बहराइच, अमृत विचार :** ईद को लेकर गुरुवार को जेल में बंद बंदियों से उनके परिवार के लोगों से मुलाकात नहीं हो सकेगी। जेल अधीक्षक राजेश यादव ने बताया कि ईद उल फितर के मौके पर बंदियों से मुलाकात पूरी तरह बंद रहेगी। जबकि शुक्रवार को पहले की तरह मुलाकात होगी।

### पूजा करते समय सांप ने डसा

**बहराइच, अमृत विचार :** जनपद के थैलिया गांव निवासी एक व्यक्ति मंगलवार रात को पूजा करने के लिए आसन पर बैठा। तभी करैत सांप ने काट लिया। सांप को डिब्बे में बंद कर इलाज के लिए अस्पताल आए। यहां पर डॉक्टर ने इलाज शुरू किया। खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत थैलिया राम सरन यादव (45) पुत्र दुमल प्रसाद मंगलवार रात नौ बजे पूजा के लिए एक कमरे में गए। पूजा आसन पर बैठने के दौरान उनके हाथ में सांप ने काट लिया। इसके बाद सांप आसन के नीचे ही बैठ गया। राम सरन पूजा के लिए प्रसाद बनाने जा रहे थे। तभी उनके हाथ से खून निकलने और चुभन की जानकारी हुई। इस पर राम सरन ने अपने मित्र को बुलवाकर देखा कि आसन के नीचे ही सांप बैठा है। जिस पर सांप को पकड़कर उसे डिब्बे में बंद कर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज लाए। यहां पर डॉक्टरों की टीम ने सांप को देखकर इलाज शुरू किया। इलाज के बाद ग्रामीण के सेहत में सुधार है। इस मामले में डॉक्टर मनोज चौधरी का कहना है कि सांप के सामने होने से जहर की पहचान करने और इलाज करने में आसानी हो जाती है। जिला अस्पताल में भर्ती राम सरन यादव ने बताया कि तीन वर्ष पूर्व उसकी पत्नी को भी सांप ने काट लिया था। लेकिन सांप लेकर वह अस्पताल नहीं पहुंचे। जिसके चलते उस हिसाब से इलाज नहीं हो पाया और पत्नी की मौत हो गई। जिसके चलते इस बार वह सांप को पकड़कर लाए हैं।

### दबंगों ने बाप-बेटे को मार-पीटकर किया घायल

**बहराइच, अमृत विचार, अमृत विचार :** रामगांव इलाके के झिंगहा गांव में पारावारिक विवाद मे हमलावरों ने अपने चाचा व चचेरेयभाई पर ताबड़तोड़ लाठी डंडे बरसाए। हमले में बाप बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए। इसकी भनक लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। इस मामले में मारपीट व धमकी की धाराओं में केस दर्ज कराया है। रामगांव थाने के झिंगहा निवासी 55 वर्षीय समीउल्ला पुत्र मंसूर पर मंगलवार को शाम उसके बड़े भाई के बेटो ने ताबड़तोड़ लाठी डंडे बरसा कर घायल कर दिया। उसे बचाने आए बेटे नसीमुद्दीन को भी हमलावरों ने जानलेवा हमला कर लहुलुहान कर दिया। किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। पुलिस ने आनन फानन में घटना स्थल पर पहुंच कर घायलों को एंबुलेंस मे लदवा कर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

### खेत की रखवाली कर रही महिला को किया घायल

**बहराइच, अमृत विचार :** रामगांव इलाके के टेड़िया गांव के बाहर खेत में फसल की रखवाली कर रही अधेड़ महिला पर लावारिश मवेशियों ने हमला कर घायल कर दिया। पीड़िता की चीखें सुन गांव के लोग दौड़े। मवेशियों को भगाकर घायल को आनन फानन में एंबुलेंस मंगाकर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। रामगांव थाने के टेड़िया गांव निवासनी 60 वर्षीय रमकला पत्नी सिहौरे सोमवार रात रोजाना की तरह घर से भोजन कर खेत की रखवाली करने चली गई। अचानक देर रात में लावारिश मवेशियों का झुंड खेत में घुसा तो महिला डंडा लेकर खेत से भगाने लगी। इसी दौरान मवेशियों ने उस पर हमला कर दिया। जिसके चलते वह घायल हो गई।

### प्रशिक्षण ले रहे कर्मचारियों के बारे में डीएम ने ली जानकारी


प्रशिक्षण के बारे में जानकारी प्राप्त करतीं डीएम। अमृत विचार

**बहराइच, अमृत विचार :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए नियुक्त किये गये पीठासीन एवं मतदान अधिकारी प्रथम के लिए स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित 03 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तिम दिन की प्रथम पॉली में कोड संख्या 5001 से 6250 तक तथा द्वितीय पाली में कोड संख्या 6251 से 7000 तक के पीठासीन व मतदान अधिकारी प्रथम को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर व अन्य अधिकारियों के साथ महाविद्यालय के विभिन्न कक्षों में संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम का सघन निरीक्षण करते हुए मास्टर ट्रेनर्स, पर्यवेक्षणीय अधिकारियों तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पीठासीन एवं मतदान अधिकारी प्रथम से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षण कक्षों के निरीक्षण के दौरान डीएम मोनिका रानी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पीठासीन व मतदान अधिकारी प्रथम से मॉकपोल सर्टिफिकेट, सीयू में पावर पैक रिप्लेसमेन्ट, मतदान पूरा होने के बाद क्लोज बटन को दबाना, ईवीएम व वीवी पैट का रिप्लेसमेण्ट करने, मतदान प्रारम्भ होने के सम्बन्ध में पीठासीन अधिकारी की घोषणा, मशीन के प्रतिस्थापना के उपरान्त की जाने वाली घोषणा, मतदान समाप्ति पर घोषणा, मतदान के उपरान्त मशीन को मुहरबन्द करने की प्रकिया के बारे में जानकारी दी।

# घर में आग से डेढ़ लाख का नुकसान

विशेश्वरगंज, बहराइच

**अमृत विचार :** जनपद के ग्राम बेचईपुरवा पुरैना बाजार निवासी एक ग्रामीण के फूस के मकान में बुधवार को अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिसमें डेढ़ लाख से अधिक का नुकसान हुआ है।

विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के पुरैना बाजार बेचई पुरवा निवासी में रामदीन पुत्र शीतल प्रसाद के घर में अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। आग की चपेट में आने से घर में रखा सामान जलकर खाक हो गया। जिसमें दो साइकिल, एक ठेलिया, तीन फाइबर की कुर्सी, 25 हजार रूपये नगद रुपए ,पांच बोरी सीमेंट ,दो पलंग व बिस्तर, व पूरे परिवार का कपड़ा ,खाने-पीने का राशन वा सामान ,एक सिलाई मशीन, सारा बर्तन, पानी की पाइप, एक सिलाई मशीन,जलकर खाक हो गया। आग के लगने से लगभग डेढ़ लाख रूपये मूल्य की हानि हुई है। आग से किसी को जान की हानि नहीं हुई। स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाया। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है।


आग लगने से जला मकान। अमृत विचार

## चोरी से सामान ले जा रही महिला को पकड़ा

**बहराइच, अमृत विचार:** शहर के घंटाघर चौक बाजार में एक दुकान पर नकापबोश महिला मंगलवार रात को दुकान से चोरी का सामान लेकर जाने लगी। तभी दुकानदार ने पकड़ लिया। महिला के साथ दुकानदार की हरकत देख लोग नाराज भी हुए। ईद को लेकर जिले के बाजार में रौनक है। भीड़ का कुछ लोग नाजायज फायदा भी उठा रहे हैं। कुछ यही हाल मंगलवार रात को कोतवाली नगर के घंटाघर चौक बाजार में देखने को मिली। यहां एक दुकान पर नकाबपोश महीला पहुंची। उसने इंडेक्शन चूल्हा और एक अन्य समान लिया। इसके बाद समान को पैक करवाकर अपने दूसरे साथी से घंटाघर के निकट भेज दिया।

# 50 ग्राम स्मैक के साथ दबोचा गया तस्कर

**रूपईडीहा, बहराइच, अमृत विचार:** भारत नेपाल सीमा पर एसएसबी और पुलिस ने संयुक्त जांच के दौरान एक तस्कर को 50 ग्राम स्मैक के साथ पकड़ा है। उसके विरुद्ध केस दर्ज कर पुलिस ने जेल भेज दिया है।

रूपईडीहा में स्थित एसएसबी 42वीं वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर जवान मंगलवार रात में गश्त कर रहे थे। एसएसबी जवानों के साथ रूपईडीहा थाने की पुलिस भी लगी हुई थी। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि टीम ने सीमा स्तम्भ संख्या 651/11 से एक युवक को भारत से नेपाल की ओर आते हुए दिखाई दिया। दल को देखते ही युवक ने भागने की कोशिश की, लेकिन भागने में असफल रहा। उसके पास से 50 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने अपना नाम-शाहिद पुत्र मुन्ना ग्राम मुनीरगंज केवलपुर थाना रूपईडिहा बताया इस पर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। तस्कर के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर बरामद स्मैक को सीज कर दिया गया है। टीम में निरीक्षक अनूप रावत, सहायक निरीक्षक बिप्लब कुमार घोष, आरक्षी- शक्तिधर सिंह, सुनील कुमार, थोरात प्रशांत कुमार आदि थे।

**निर्देश** | कलेक्ट्रेट में आयोजित किया गया फ्लाइंग स्क्वायड दल का प्रशिक्षण

# सी विजिल एप पर आयी शिकायतों का समय से हो निस्तारण

बहराइच

**अमृत विचार :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से व्यय अनुवीक्षण हेतु गठित फ्लाइंग स्क्वायड दल के प्रभारी व सहायकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को जिलाधिकारी ने सम्बोधित किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने कहा कि आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन कार्य को सम्पन्न कराने के लिए गठित फ्लाइंग स्क्वायड दल की आंख, नाक व कान हैं। टीम के सदस्यों को निर्देश दिया गया कि पूरी तरह से तटस्थ रहते हुए निष्पक्ष ढंग से नियमानुसार कार्रवाई करेंगे। डीएम ने प्रशिक्षण के दौरान टीम के सदस्यों को टीमों को सचेत किया कि निर्वाचन की ड्यूटी को पूरी संजीदगी से लेते हुए अपने पदेन उत्तरदायित्वों का निवर्हन भारत निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन के अनुसार करें। एफएसटी का यह उत्तरदायित्व होगा कि वह आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से सम्बन्धित प्रकरणों में त्वरित कार्रवाई करेंगे। टीम के सदस्यों को यह भी हिदायत दी गयी कि निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन कराते समय उन्हें संयमित रहकर लोगों से मधुर व्यवहार रखना होगा। व्यय अनुवीक्षण के सम्बन्ध में कार्यवाही करते समय आप लोगों को इस प्रकार तटस्थ रहना है कि आपकी बाडी लैग्वेज से भी आपकी तटस्था झलकनी चाहिए। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान फ्लाइंग स्क्वायड दल को राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र के जिला सूचना विज्ञान अधिकारी योगेश यादव, नेटवर्क फील्ड अभियन्ता संदीप द्विवेदी, आईटी टीम के सदस्यों विजय द्विवेदी व कीर्ति श्रीवास्तव ने सी-विजिल एप्प व इलेक्शन सीज़र मैनेजमेन्ट सिस्टम एप्प के बारे में जानकारी दी। कोई भी व्यक्ति आचार संहिता के उल्लंघन से सम्बन्धित अपनी विजुअल शिकायत तत्काल खींची गयी फोटो अथवा वीडियो के माध्यम से सी-विजिल ऐप पर कर सकता है। शिकायतकर्ता की पहचान को गोपनीय रखा जायेगा।


कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक को सम्बोधित करतीं जिलाधिकारी। अमृत विचार

## बीडीओ दफ्तर में युवक का हंगामा

**बहराइच, अमृत विचार :** हुजूरपुर की खंड विकास अधिकारी अनुभा श्रीवास्तव के दफ्तर मे घुस कर एक युवक ने हंगामा काटा। यही नही उन्हे देख लेने की धमकी तक दो डाली। जिसके चलते दफ्तर मे मौजूदा स्टाफ में दहशत रही। बीडीओ ने इसकी जानकारी डीएम को देते हुए थाने में नामजद कर केस दर्ज कराया है।

बीडीओ अनुभा श्रीवास्तव की ओर से थाने में तहरीर दी गई कि वह अपने दफ्तर मे सोमवार दोपहर मे लगभग एक बजे शासकीय कार्य कर रही थी। उसी समय रानीपुर थाने के रामपुर निवासी बृजनरेश सिंह उर्फ मिंटू ने उनके कक्ष में घुस अमर्यादित भाषा मे हंगामा काटा और देख लेने की धमकी दी। बीडीओ की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है।

निषेवते प्रशस्तानी निन्दितानी न सेवते।
अनास्तिक : श्रद्धान एतत् पण्डितलक्षणम्॥

सद्गुण, शुभ कर्म, भगवान के प्रति श्रद्धा और विश्वास, यज्ञ, दान, जनकल्याण आदि, ये सब ज्ञानीजन के शुभ-लक्षण होते हैं।

## संपादकीय

# सहयोग बढ़ाना जरूरी

दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला भारत स्वास्थ्य के कई मसलों से जूझ रहा है। हालांकि दुनिया की आधी से अधिक आबादी को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं तक पूर्ण पहुंच की आवश्यकता है। भारत में समावेशी स्वास्थ्य सेवा प्राप्त करने की राह की चुनौतियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। इनमें संक्रामक रोगों से लेकर गैर संक्रामक बीमारियां शामिल हैं। टीबी और मलेरिया जैसी संक्रामक बीमारियां तो बनी ही हुई हैं। इनके साथ साथ जीवनशैली से जुड़े रोगों जैसे कि डायबिटीज़ और दिल की बीमारियों के मरीजों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। कुपोषण और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच का अभाव, खासतौर से ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी बना हुआ है। वास्तविक स्वास्थ्य समानता, गरीबी, भेदभाव, उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक सीमित पहुंच, स्वस्थ आहार, स्वच्छ जल, स्वच्छ हवा और आवास जैसी स्वास्थ्य असमानताओं के मूल कारणों को संबोधित करती है तथा स्वास्थ्य देखभाल तक समान पहुंच प्रदान करती है। स्वास्थ्य समानता यह सुनिश्चित करती है कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी उच्चतम स्वास्थ्य क्षमता प्राप्त करने का समान अवसर मिले, चाहें उनकी परिस्थितियां कुछ भी हों। यह स्वीकार करते हुए कि सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय कारक स्वास्थ्य परिणामों को प्रभावित करते हैं, यह विचार आनुवंशिकी तक सीमित नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का मिशन विभिन्न सामाजिक और आर्थिक श्रेणियों के बीच स्वास्थ्य क्षेत्र में विद्यमान अनुचित एवं निवारण योग्य असमानताओं को समाप्त करना है।

भारत सरकार ने 2013 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की शुरुआत की थी। इसकी रूपरेखा में पहले यानी 2005 में स्थापित किए गए राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन और 2013 में शुरू किए गए राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन को शामिल किया गया है। स्वास्थ्य की तमाम चुनौतियों के बावजूद जनता की सेहत को बेहतर बनाने का लक्ष्य लेकर शुरू की गई आयुष्मान भारत योजना दुनिया में स्वास्थ्य की सबसे महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। इसके तहत दो मुख्य कार्यक्रमों-हेल्थ ऐंड वेलनेस केंद्रों और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के जरिए देश के 50 करोड़ कमजोर लोगों को वित्तीय संरक्षण देना है। फिर भी भारत जैसे बहुसांस्कृतिक देश में विशेष रूप से स्वास्थ्य समानता की राह कठिनाइयों से भरी है जिसमें गहराई तक व्याप्त सामाजिक अन्याय से लेकर वैश्विक प्रणालीगत स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं शामिल हैं। भारत के लिए ये सुनिश्चित करना जरूरी है कि आम लोगों को उचित कीमत पर स्वास्थ्य की देख-रेख की अच्छी सुविधा मिल सके। स्वास्थ्य सेवा के मूलभूत ढांचे में निवेश और कर्मचारियों की तादाद बढ़ाने और सरकारी संस्थाओं, नागरिक संगठनों और निजी भागीदारों के बीच सहयोग बढ़ाना भी जरूरी है।

# पूरक आहार के सेवन से भी होती है विषाक्तता



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

लोगों में डिब्बा बंद या पैक्ड पूरक आहार के सेवन की आवृत्ति क्या बढ़ गई थी और इसके प्राकृतिक और बाहरी अन्य क्या कारण क्या हो सकते थे, ऐसी जांच की गई? मालूम हुआ कि पूरक आहार की श्रेणी में शामिल खाद्य पदार्थों के निर्माण के दौरान विशुद्ध हार्मोन्स की 15.1, बोटैनिकल स्रोत से ली गई सामग्री की 31.9 और अन्य पूरक पदार्थों का इस्तेमाल की गयी कुल मात्रा का प्रतिशत हिस्सा 5.1 था।

जर्नल ऑफ़ मेडिकल टॉक्सिकोलॉजी के सन 2017 के अंक 13 में छपे हुए एक शोधपत्र से मालूम हुआ है कि सन् 2000 से 2012 तक के अरसे के बीच अमरीका में पूरक आहार (डाइटरी सप्लीमेंट्स) का सेवन करने से हुई विषाक्तता के 2,74,998 व्यक्ति-मामले 'पाइजन कण्ट्रोल सेंटर्स' में रिपोर्ट हुए थे। सन् 2000 से 2002 के बीच के तीन वर्षों के समय में अमेरिका में प्रति एक लाख व्यक्तियों में विषाक्तता के मामलों में पिछले आंकड़ा के दृष्टिगत 46.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी, लेकिन अगले चार वर्षों में यह घटकर 8.8 प्रतिशत हुई लेकिन 2005 से लेकर 2012 के बीच यह फिर आश्चर्यजनक रूप से अधिक होकर 49.3 प्रतिशत हो गई।

लोगों में डिब्बा बंद या पैक्ड पूरक आहार के सेवन की आवृत्ति क्या बढ़ गई थी और इसके प्राकृतिक और बाहरी अन्य क्या कारण क्या हो सकते थे, ऐसी जांच की गई? मालूम हुआ कि पूरक आहार की श्रेणी में शामिल खाद्य पदार्थों के निर्माण के दौरान विशुद्ध हार्मोन्स की 15.1, बोटैनिकल स्रोत से ली गई सामग्री की 31.9 और अन्य पूरक पदार्थों का इस्तेमाल की गयी कुल मात्रा का प्रतिशत हिस्सा 5.1 था। शरीर में पहुंचने के बाद रासायनिक विघटन होकर इनके पदार्थ जब विलग हो जाते हैं और चयापचयी प्रक्रिया-एब्जॉर्प्शन और एडजॉर्प्शन, शुरू हो जाती है तब इनके घटक विषाक्तता पैदा करते हैं।

भारत में पूरक आहार (हेल्थ फ़ूड सप्लीमेंट्स-न्युट्रास्युटिकल्स) का सेवन करने की प्रवृत्ति तेज़ हो चुकी है। 1850 आदि दशक से ही अमीर परिवारों में बच्चों को इसे दिया जाता रहा है,लेकिन प्रोटीन और विटामिन रिच न्युट्रास्युटिकल्स का इस्तेमाल खिलाड़ियों (पहलवान, वेट लिफ्टर्स, धावक) में अब अधिक है। इनमें ग्लुटामीन और ट्रिप्टोफेन जैसे एमिनो एसिड्स, एनाबोलिक एण्ड्रोजैनिक स्टेरॉयड्स एवं एम्फिटामीन्स जैसे स्टिमुलैंट्स के अलावा संश्लेषित 'ब्रांच्र्ड-चेन एमिनो एसिड्स' शामिल हैं। विज्ञापनों के प्रभाव में संभावित कुपोषण के दुष्प्रभाव से बचाने या फिर तेज़ी से शारीरिक वृद्धि होने एवं खेल और अध्ययन दोनों में मेधावी बनाने के लिए पेरेंट्स में किशोर वय के अपने बच्चों को पूरक आहार और न्युट्रास्युटिकल्स देने का चलन बढ़ा है। ट्रेंड डॉक्टर या फिजिशियन की सलाह के बिना या एक समय बाद सलाह की उपेक्षा करके जो जहां मिला या जिसने बता दिया, प्रकार के फ़ूड सप्लीमेंट्स खरीदकर बच्चों को दिए जा रहे हैं। यह द्रुतगति से बढ़ कर अब चिंताजनक स्तर तक पहुंचा हुआ है। देश में ही नहीं दुनिया भर में न्युट्रास्युटिकल्स और फ़ूड सप्लीमेंट्स का कारोबार और सेवन कुलांचे भर रहा है।

सभी देशों के 'फ़ूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन' के डिपार्टमेंट और अथॉरिटीज संबंधित नियमों के अंतर्गत इनकी प्रोडक्शन और गुणवत्ता को कंट्रोल करने के अलावा लोगों को नियमित रूप से इनसे होने वाले संभावित खतरों से सावधान करने के लिए सार्वजनिक मीडिया पर सक्रिय होकर और परोक्ष रूप से पोस्टर और बिलबोर्ड लगवाकर शैक्षिक कार्यक्रम चलाते हैं। परन्तु विज्ञापन और घरेलू स्टार की डायरेक्ट मार्केटिंग का पुश इतना जबरदस्त है कि लोगों में पूरक आहार को एक चिकित्सकीय जरूरत के हिसाब से इन्हें न लेने या हिदायतों की उपेक्षा करके दीर्घावधि तक इनका नियमित सेवन या आवृत्ति बढाकर सेवन करने की प्रवृत्ति धीरे-धीरे बढ़ कर एक दिन महामारी की रूप धर लेगी, ऐसी आशंका शोधकर्ताओं द्वारा निकाले गए नतीजों के आधार पर व्यक्त की जा चुकी है। संबंध में भारत में टॉक्सिकोलॉजी से संबंधित केस रिपोर्टिंग और डेटा मिलने और जमा होने की बाबत कुछ अधिक एनालिसिस उपलब्ध नहीं है,लेकिन पेस्टिसाइड, इंसेक्टिसाइड और अन्य प्रकार के अनेक जहर और जहरीले जीव-जंतुओं द्वारा शरीर में एक्सीडेंटल स्थिति में जहर प्रवेश हो जाने मामले तो रिपोर्ट होते हैं, जैसे कि सांप और बिच्छू का दंश। इसके अलावा विषाक्त प्रभाव पैदा करने वाली धातुओं जैसे कि वायु, पानी और खाद्य प्रणाली के जरिये मरकरी, लेड, आर्सनिक और चाय बनाने वाले बर्तन के जरिये से भी एल्युमिनियम टॉक्सिसिटी होने के केस अस्पताल के डाक्टरों द्वारा दर्ज किये जाते रहे हैं। अस्पताल से यह जानकारी डेटा कलेक्शन सेंटर की मार्फ़त नई दिल्ली के एम्स में नेशनल पाइजन्ज़ इनफार्मेशन सेंटर के संग्रह में चली जाती है जिसकी स्थापना सन् 1995 में की गई थी। इसका काम देश में ज़हर से प्रभावित होने वाले व्यक्तियों के संबंध में सभी किस्म की सूचना यथा, ज़हर की किस्म, इसका प्रभाव, ज़हर के स्रोत और इसकी किस्म, मात्रा, और प्रत्येक किस्म की विषाक्तता को तोड़ने वाले बायो-केमिकल मेथड्स और उपचार पद्धितियों पर काम करना भी है।

सभी देशों के 'फ़ूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन' के डिपार्टमेंट और अथॉरिटीज संबंधित नियमों के अंतर्गत इनकी प्रोडक्शन और गुणवत्ता को कंट्रोल करने के अलावा लोगों को नियमित रूप से इनसे होने वाले संभावित खतरों से सावधान करने के लिए सार्वजनिक मीडिया पर सक्रिय होकर और परोक्ष रूप से पोस्टर और बिलबोर्ड लगवाकर शैक्षिक कार्यक्रम चलाते हैं।

समस्याएं विकट है और अनेक प्रकार की हैंः आमजन को ऐसा आभास जर्राभर नहीं है कि भारत सरकार के स्तर पर अनजानी और अनदेखी समस्याओं की पूर्ति और समाधान के लिए ही नहीं बल्कि शोधकार्य के लिए भी करोड़ों रुपया खर्च करके एक बड़ा तंत्र खड़ा किया जाता है। इस खतरे से निपटने के लिए अमरीका ने सन 1994 में 'डाइटरी सप्लीमेंट हेल्थ एंड एजुकेशन एक्ट ऑफ़ 1994-पब्लिक लॉ 103-117' को कांग्रेस के 103-वें सत्र में पास कर दिया था। भारत में इस एक्ट जैसी कार्रवाई ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट एवं फ़ूड सेफ्टी एंड स्टैण्डर्ड आर्गेनाईजेशन के अंतर्गत ली जाती है। लेकिन ग्राउंड स्तर पर यह पर्याप्त नहीं है क्योंकि फ़ूड इंडस्ट्री के लिए आगे बढ़ने और नियंत्रित और कंट्रोल करने की दो परस्पर जुड़वां स्थितियों के मद्दे नज़र भारत की राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति के साथ इनका आपस में 'कनफ्लिक्ट ऑफ़ इंटरेस्ट' अनेक नुक्तों पर मौजूद है जिसके लिए फिलहाल कोई समाधान नहीं है। अर्थात जिसकी जैसी मर्जी है वैसा चलेगा या दौड़ेगा। पाइजनिंग और एंटीडॉट्स (विषहर) के मामले में बिना जानकारी के, अनुमान भर से, निंदा कार्य में लगे रहना अब आमजन की मानसिकता हो गयी है, जबकि ऐसे ही और अन्य छिपे-दबे कार्य के लिए देश में बहुत ही कम एक्सपर्ट्स हैं। बावजूद इसके, बड़े अस्पतालों में क्रिटिकल केयर में दक्ष फिजिशियन इस कार्य के लिए उपलब्ध हैं जो कोशिश करके विषाक्तता की चपेट में आये व्यक्तियों की जान बचाने की कोशिश तो करते ही हैं।

शोध के नतीजों के अनुसार न्युट्रास्युटिकल्स और फ़ूड सप्लीमेंट्स के सेवन से स्वास्थ्य के लिए सीमित फायदे हासिल होते हैं। इनकी कम्पोजीशन में खनिजों का मिश्रण करके यह आभास दिया जाता है कि इनके नियमित सेवन से शारीरिक ताकत और क्षमता, अर्थात स्टेमिना बढ़ाया जा सकता है। जिस पैकेट या डिब्बे में ये पेश किये जाते हैं इनके लेबल पर इनके प्रतिकूल प्रभाव के बारे में कुछ खास नहीं लिखा जाता और न ही यह सूचना होती है की सेवन से अगर गड़बड़ महसूस हो तो उपचार क्या हो सकता है। 'न्यूट्रीएंट्स' जर्नल के सन् 2002के अंक-14 में प्रकाशित लेख 'मिनरल कंपोजीशन ऑफ़ डाइटरी सप्लीमेंट्सः एनालिटिकल एंड कीमोथेरेपी एप्रोच' में बताया गया है कि न्युट्रास्युटिकल्स और फ़ूड सप्लीमेंट्स एक सघन कंसंट्रेट में सूखे, दानेदार या अवलेह के रूप में बाज़ार में मिलते हैं जिनमें 22 मिनरल एलिमेंट्स, जैसे कि सोडियम, कैल्शियम, पोटेशियम, मैग्निशियम, सिल्वर, सेलेनियम, जिंक, कॉपर, आर्सेनिक, निकल, मोलिब्डेनम, एल्युमीनियम, मैंगनीज, लिथियम, पारा और कैडमियम की मिलावट हो सकती है। मिनरल्स के नाम पर यह मिलावट उन वानस्पति स्रोतों से आती है जो खेत की धरती से इन्हें ग्रहण करते हैं। विषाक्तता पैदा करने का संबंध न्युट्रास्युटिकल्स और फ़ूड सप्लीमेंट्स में इनकीमात्रात्मक मौजूदगी से होता है जिसे जानने या टेस्ट करने के लिए कीमो-मीट्रिक पद्धति का इस्तेमाल किया जाता है। तत्पश्चात यह निर्धारित किया जाता है मनुष्य उपभोग हेतु ये सुरक्षित हैं। अगर उक्त वैल्यूज (मात्रात्मक) मनुष्य के लिए 'रिक्मेंडेड डाइटरी अलाउंसेस' (आरडीए) के भीतर हैं तो चिंता की बात नहीं। लेकिन भरोसा तभी होता जब ऐसे प्रोडक्ट्स को देश में फ़ूड सेफ्टी एंड स्टैण्डर्ड अथॉरिटी जैसी एजेंसी सत्यापित करे।

## प्रसंगवश

# जश्न-ए-ईद



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार रमजान का महीना 9 वां महीना है। इस दृष्टि 10 वां महीने के स्वागत का महीना है रमजान। अंक के हिसाब से देखें तो 9 का अंक इकाई ही है और 10 वां माह इकाई से दहाई में बदल जा रहा है।

इसके सूक्ष्मभाव पर नजर डालें तो रमजान का महीना व्यक्ति को समूह में जीने का संदेश भी दे रहा है। समूह में जीने के लिए स्नेह,प्रेम, दया की जरूरत होती है। 10 वें माह में आने वाले ईद पर्व के लिए तन-मन को तैयार करने हेतु रमजान महीने के कुछ नियम बने ताकि व्यक्ति अपने निजी जीवन में भी नियम के साथ रह सके। इस समय में शरीर की तंत्रिका प्रणाली आंतरिक सफाई का काम करती हैं। उसके बाद सूरज डूबने के समय मगरिब की नमाज के समय अफ्तार (सूरज डूबने के पहले) का वक्त भी बहुत महत्वपूर्ण है।

इस समय वातावरण में ऐसी तरंगें होती हैं जिसमें किए गए भोजन से तन और मन स्वस्थ रहता है। विभिन्न धर्मावलंबी भी सूर्य डूबने के पहले भोजन कर लेते हैं। रमजान महीने में रात को एशा के नमाज में कुरान पढ़ी और सुनी जाती है। इसमें तीस "पारे",छोटी -बड़ी 114 "सूरतें", 6640 'आयतें' और 540 'रकूअ' हैं। एक रकूअ में एक बार खड़े होकर बैठने तक शामिल है जिसमें 2 सजदे (जमीन पर माथा टेकना) भी किए जाते हैं। ईद के आने के पहले मन-मस्तिष्क में आनंद का सैलाब पैदा करने के पीछे पूरा विज्ञान शामिल है।

एक माह कुरान को पढ़ या सुनकर शव्वाल महीने में आने वाले ईद के लिए पूरी तरह दुरुस्त होने का यह रिहर्सल का महीना है। ईद भी 'ऊद' शब्द से बना है जिसका मतलब सुगंध है। जीवन को सुगंधित बनाने का रमजान का माह यह संदेश लेकर हर साल आता है कि इस्लाम धर्मावलंबी ऐसा कार्य करें जिससे वह जहां रहे और जहां जाएं खुशबू बिखेर दें।

ईद की नमाज़ के वक्त दिए जाने वाले खुतबे में 'या अल्लाह-नेकी में लगाओ और बुराइयों से बचाओ' का को संकल्प दिलाया जाता है,उसे लागू करना भी त्योहार का मकसद है। संकल्पों को सुनकर भूल जाना नींद की स्थिति है और अपना लेना ईद पर्व का जश्न है।

# हथियारों के निर्यात में भारत की कूटनीतिक पहल



ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर,
केआईटी, कानपुर

सबसे बड़ी बात तो यह है कि भारत दुनिया में हथियारों का सबसे बड़ा खरीददार देश होते हुए भी रक्षा के क्षेत्र में अब स्वयं को आत्मनिर्भर बनाने की ओर अग्रसर है।

स्वतंत्र भारत के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब भारत ने रक्षा निर्यात के मामले में 21 हजार करोड़ रुपये का आंकड़ा छुआ है। पिछले एक वर्ष में इसमें 32.5 प्रतिशत और पिछले नौ वर्षों में इसमें लगभग तीन हजार प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत ने कुल मिलाकर 21 हजार 83 करोड़ रुपए के हथियारों का निर्यात किया है। जबकि पिछले साल भारत ने 15920 करोड़ रुपए के हथियारों का निर्यात किया था। हमारा देश दुनिया के 85 से ज्यादा देशों को हथियारों का निर्यात कर रहा है।

इस सूची में भारत से सबसे ज्यादा 31 प्रतिशत हथियार म्यांमार खरीद रहा है तो वहीं 19 प्रतिशत श्रीलंका, 12 प्रतिशत मॉरीशस, 6 प्रतिशत नेपाल, 5.1 प्रतिशत अर्मेनिया, 4.3 प्रतिशत वियतनाम, 4.2 प्रतिशत मालदीव और 2.2 प्रतिशत अफगानिस्तान खरीद रहा है। इसके अलावा भारत जिन हथियारों को दूसरे देशों को बेच रहा है उनमें सबसे ज्यादा 61 प्रतिशत समुद्री युद्धपोत हैं,20 प्रतिशत लड़ाकू विमान तेजस हैं,14 प्रतिशत सेंसर्स हैं, 2.9 प्रतिशत बख्तर बंद गाड़ियां,1.1 प्रतिशत तोप और 0.9 प्रतिशत मिसाइल्स हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इस समय दुनिया के 42 से ज्यादा देश भारत से आर्टिलरी गन्स, ब्रह्मोस मिसाइल्स, आकाश मिसाइल्स सिस्टम, पिनाका रॉकेट्स एंड लॉन्चर्स, गोला-बारूद, बॉडी आर्मर्स और तेजस जैसे लड़ाकू विमान खरीदने की डील करने के लिए आगे आ रहे हैं।

इस समय रक्षा निर्यात में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी भारत की प्राइवेट कंपनियों की है और 40 प्रतिशत हिस्सेदारी सरकारी कंपनियों की है। भारत की 'हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड' (एचएएल) इस क्षेत्र में दुनिया की 41 वीं सबसे बड़ी कंपनी बन चुकी है। भारत जिन देशों को अपने हथियार निर्यात कर रहा है उनमें से कुछ हमारे पड़ोसी देश हैं। जबकि बाकी के छोटे-छोटे देश हैं।

अमेरिका और रूस जैसे पश्चिमी देश बड़ी डील्स पर नजर लगाकर रखते हैं,क्योंकि उन्हें ज्यादा पैसा और ज्यादा लाभ का सौदा चाहिए होता है। इसलिए वे बड़े देशों को अपना ग्राहक (क्लाइंट्स) बनाने की सोचते हैं जिसके फलस्वरूप वो इन छोटे देशों को कभी इतना ज्यादा महत्व नहीं देते और न ही इन छोटे देशों को उनसे कोई अच्छी डील मिलती है। यानी कि जो बड़ी शक्तियां (अथवा बड़े देश) हैं,जो कि हथियारों के बड़े निर्यातक अथवा सौदागर हैं,वे इन छोटे देशों को कभी भी गंभीरता से नहीं लेते हैं। इसलिए यहां पर हथियारों के व्यापार के स्तर पर एक बड़ा खालीपन (गैप) बन जाता है।

हथियारों के बाजार में इन छोटे देशों को भी ऐसे लोग चाहिए,जो इन्हें गंभीरता से लें और इन्हें सस्ते दामों पर अच्छे हथियार दे सकें और अब भारत इस कमी को पूरा करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस समय दुनिया में हथियार बनाने और बेचने वाले सिर्फ 48 देश हैं और इनमें से भी प्रमुख पांच देश ही हैं,जो कि दुनिया के लगभग 76.5 प्रतिशत हथियार निर्यात करते हैं जिसमें पूरी दुनिया के बाजार में अमेरिका 40 प्रतिशत,रूस 16 प्रतिशत, फ्रांस 11 प्रतिशत,चीन 5.2 प्रतिशत और जर्मनी 4.2 प्रतिशत हथियारों का निर्यात करता है। जबकि भारत इन 48 देशों की सूची में वैसे तो अभी 40 वें स्थान पर है और अभी भी हम दुनिया के 0.0003 प्रतिशत हथियार ही निर्यात कर पा रहे हैं।

ये आंकड़ा वैसे तो अभी काफी हद तक कम ही माना जाएगा,लेकिन जिस देश ने यूपीए की दस वर्षों की सरकार के दौरान सिर्फ 4300 करोड़ हथियार ही निर्यात किए थे वो देश अब अगर सिर्फ एक साल के भीतर 21 हजार करोड़ से ज्यादा के हथियार निर्यात कर रहा है और इस वर्ष 35 हजार करोड़ रुपये के हथियार निर्यात करने का लक्ष्य तय करने वाला है तो ये उस देश के लिए वाकई में एक अभूतपूर्व बात है।

सबसे बड़ी बात तो यह है कि भारत दुनिया में हथियारों का सबसे बड़ा खरीददार देश होते हुए भी रक्षा के क्षेत्र में अब स्वयं को आत्मनिर्भर बनाने की ओर अग्रसर है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिप्री) की पिछले साल की रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2018 से 2022 के बीच भारत ने दुनिया में सबसे ज्यादा 11 प्रतिशत हथियार खरीदे, लेकिन इसी के साथ वर्ष 2013 से 2017 के मध्य एवं 2018 से 2022 के मध्य भारत ने अपने रक्षा आयात को 11 प्रतिशत तक कम कर लिया है और ऐसा इसलिए संभव हो सका,क्योंकि भारत अब अपने स्वनिर्मित हथियार बना रहा है। जिसे हमारी सेनाएं भी इस्तेमाल कर रही हैं। साथ ही हम इन हथियारों को दूसरे देशों को भी निर्यात कर रहे हैं।

## सोशल फोरम

# भारतीय संस्कृति के गुण

पिछली दो सदियों से भारत जिस बुद्धिपरक,राष्ट्रीय और मानवीय संस्कृति की खोज में है,वह धर्मों की विरोधी नहीं है। उसमें सिर्फ धार्मिक अंधविश्वास, असहिष्णुता और कुप्रथाओं से एतराज है।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

भारतीय संस्कृति के चार मुख्य गुण हैं-निरंतरता,पुनर्रचनात्मकता, आलोचनात्मक समावेशिकता और नवोन्मेष। इन गुणों को पहचाने बिना भारतीय संस्कृति को जाना नहीं जा सकता। इस देश की संस्कृति सिर्फ प्राचीन नहीं है। इसने अपने को बार-बार रचा है। इसका शुद्धतावाद की जगह ज्ञान की विभिन्न धाराओं से संबंध बना है। वह एक या दो परंपराओं में कैद रहने वाली न होकर विविधतापूर्ण,परिवर्तन-संवेदी और नवोन्मेषशील है। रामकथा भवभूति और तुलसीदास के यहां बिल्कुल वही नहीं है,जो वाल्मीकि की रामायण में थी। भारत का मनुष्य गहरा है। निश्चय ही वह अपने 'प्राचीन' से विच्छिन्न होना नहीं चाहता,पर वह नवोन्मेषों को पसंद करता रहा है। किसी प्रदेश में नवोन्मेषों की ग्राह्यता ज्यादा रही है,किसी में कम। दरअसल भारत की सांस्कृतिक बहुलता किसी डिपार्टमेंटल स्टोर या कबाड़खाने की बहुलता नहीं है। उसमें संवाद, अंतर्क्रिया और अंतर्मिश्रण की प्रवृत्तियां पहले भी रही हैं और अब भी है। भारत एक देश भर नहीं है। वह एक विजन है जिसमें हमेशा खुलापन रहा है। हम जानते हैं कि हमारे देश ने पुनर्निर्माण की अपनी क्षमता का परिचय ध्वंसावशेषों पर खड़ा होकर भी दिया है। इसने शून्य से भी शुरू किया है। भारत लंबे-लंबे समय तक बौद्धिक मूर्च्छा में रहा हो,पर इसने बार-बार उठकर नया इतिहास रचा है। पिछली दो सदियों से भारत जिस बुद्धिपरक, राष्ट्रीय और मानवीय संस्कृति की खोज में है,वह धर्मों की विरोधी नहीं है। उसमें सिर्फ धार्मिक अंधविश्वास, असहिष्णुता और कुप्रथाओं से एतराज है। इसमें सभी धर्मों के प्रति आदर भाव है। पहले भी उदारवादी भारतीय संस्कृति में मनुष्य और मनुष्य के बीच 'कृत्रिम भिन्नता' का विरोध हुआ। आज भी जहां भारतीय संस्कृति के गुण बचे हैं, वहां कृत्रिम भिन्नता का विरोध किया जा रहा है।

-फेसबुक वॉल से

# कम्युनिकेशन का बदलता चरित्र



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

संचार रूपों के बारे में विचार करते समय वर्तमान अपरिहार्य और निर्णायक संदर्भ है। संचार या मीडिया के समस्त विमर्श इसी अर्थ में वर्तमान से जुड़े होते हैं। इस परिप्रेक्ष्य में देखें तो संचार,अंतर्वस्तु और अवधारणाएं वर्तमान में संचार की अवस्था से पुनर्परिभाषित होती हैं।

इंटरनेट आने के साथ ही मीडिया और कम्युनिकेशन का समूचा परिवेश बुनियादी रूप से बदल गया है। इससे मानवीय व्यवहार में बुनियादी बदलाव भी आ रहे हैं। पुरानी दूरियां घटी हैं। नई दूरियों ने जन्म लिया है। पुरानी पहचान नष्ट हुई है। नई पहचान सामने आई है। बातचीत की पुरानी आदतों को नई आदतों ने अपदस्थ करना आरंभ कर दिया है। कहने का अर्थ यह है कि नए संचार माध्यमों ने नए मानवीय व्यवहार,आदतें, संस्कार, एटीट्यूड आदि को जन्म दिया है। इसने संचार के नए असंख्य नए संकेतों को जन्म दिया है। संकेतों के कम्युनिकेशन को नई ऊंचाईयां दी हैं। कैरोलिन मारविन द्वारा किए गए अध्ययन के अनुसार 'इलेक्ट्रॉनिक संचार का इतिहास संचार में तकनीकी क्षमताओं के विकास के बजाय सामाजिक जीवन के व्यवहार संबंधी प्रश्नों पर विचार अधिक करता है। इन प्रश्नों में शामिल हैं,कौन बोल सकते हैं और कौन नहीं, किसके पास अधिकार हैं और किस पर विश्वास करना चाहिए, इत्यादि जैसी समस्याएं।'

कैरोलिन दर्शाती हैं कि टेलीफोन के प्रयोग से मात्र दूर-स्थित लोगों के बीच बातचीत ही संभव नहीं हुई : इससे परस्पर बातें करने वालों के बीच की सीमाएं समाप्त होने लगीं अर्थात् कौन किससे बातें कर सकता है और किससे नहीं और इस प्रकार वर्तमान वर्ग-संबंधों पर खतरा पैदा हो गया। इसने प्रेम-संबंध स्थापित एवं विकसित करने के तौर-तरीकों में भी परिवर्तन ला दिया। इसी प्रकार बिजली के बल्बों ने जन-पैमाने के मनोरंजन के स्वरूपों एवं संस्कृति में बदलाव ला दिए। उदाहरण के लिए इन बल्बों के कारण रात में खेलों का आयोजन संभव हुआ जिसका जन-संस्कृति पर गहरा प्रभाव पड़ा। स्पष्ट है कि इलेक्ट्रॉनिक महत्वपूर्ण सामाजिक प्रश्न खड़े करता है। मारविन ने लिखा नई इलेक्ट्रॉनिक टेक्नोलॉजी का उद्देश्य हमारी सामान्य सामाजिक गतिविधियां बढ़ाना,उन्हें सरल बनाना और अधिक चुस्त-दुरुस्त करना होता है,लेकिन वे उन्हें इस प्रकार पुनर्गठित करते हैं कि वे स्वयं ही नई घटनाएं बन जाते हैं। मारविन की उपरोक्त धारणाएं महत्वपूर्ण हैं,लेकिन संचार माध्यमों के स्वामित्व के सवाल को दरकिनार नहीं किया जा सकता।

संकेत, संचार और व्यवहार के अंतस्संबंध की खोज करते हुए मार्क पोस्टर ने लिखा है "हर युग में संकेतों के विनिमय के अपने आंतरिक और बाहरी ढांचे होते हैं तथा संकेतीकरण के माध्यम व संबंध भी। सूचना पद्धति की निम्नलिखित मंजिलें दर्शायी जा सकती हैं। आमने-सामने मौखिक विनिमय,छपाई के जरिए लिखित विनिमय और इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों के जरिए विनिमय। पहले वाले में संकेतों का आदान-प्रदान होता है तो दूसरे में संकेतों के प्रतिनिधि का,तीसरे में सूचना का चित्रण होता है। प्रथम,मौखिक मंजिल में आत्म का निर्माण आमने-सामने के संबंधों की संपूर्णता में उसके स्थान के निर्णय से होता है। दूसरी अर्थात् छपाई की मंजिल में आत्म का निर्माण तार्किक काल्पनिक स्वायत्तता के माध्यम के रूप में होता है,लेकिन तीसरी अर्थात् इलेक्ट्रॉनिक मंजिल में व्यक्ति का मनोगत अस्तित्व निरंतर अस्थिरता में विकेंद्रित,छितराया हुआ और संख्या में बढ़ता हुआ होता है।" प्रत्येक मंजिल में भाषा और समाज,विचार और कार्य, आत्म (अस्तित्व) तथा इतर-अस्तित्व के परस्पर संबंध अलग-अलग होते हैं। संचार माध्यमों की खूबी है कि इसमें हमेशा वर्तमान काल में रखकर विचार कर सकते हैं। मसलन आप कितनी ही पुरानी किताब पढ़ें,पढ़ते समय बार-बार वर्तमान के नजरिए से पढ़ते हैं। यानी कम्युनिकेशन के रूप एक ही साथ ऐतिहासिक और वर्तमान दोनों ही स्थितियों से बंधे होते हैं। संचार के नए और पुराने रूप एक ही साथ वर्तमान में अवस्थित रहते हैं। संचार रूपों पर विचार करते समय यह भी ध्यान रहे कि नया रूप हमेशा पुराने रूप के पूरक के रूम में जन्म लेता है,वह पुराने को अपदस्थ या नष्ट नहीं कर देता। इस तरह संचार रूपों में निरंतरता बनी रहती है। एक-दूसरे के बीच में अंतर्क्रिया चलती रहती है।

संचार रूपों के बारे में विचार करते समय वर्तमान अपरिहार्य और निर्णायक संदर्भ है। संचार या मीडिया के समस्त विमर्श इसी अर्थ में वर्तमान से जुड़े होते हैं। इस परिप्रेक्ष्य में देखें तो संचार,अंतर्वस्तु और अवधारणाएं वर्तमान में संचार की अवस्था से पुनर्परिभाषित होती हैं। सूचना को समकालीन जीवन की सफलता की कुंजी के रूप में पेश किया जाता है। समाज को सूचना में धनी और सूचना में गरीब के बीच विभाजित किया जाता है।

# उत्तराखंड कला जगत को आघात





प्रमोद साह
पुलिस उपाधीक्षक
चमोली

प्रह्लाद मेहरा जो की अपनी जड़ों से बेहद गहराई से जुड़े कुमाऊं के प्रसिद्ध लोक गायक थे, मात्र 53 वर्ष की आयु में उनकी मृत्यु हो गई। इस समय दुखद समाचार के साथ ही सार्वजनिक जीवन में बेहद सक्रिय रहे उन बहुत से मित्रों एवं आदरणीय जन भी स्मरण स्मृति में उभर रहे हैं, जिन्होंने अपनी सक्रियता के कारण स्वास्थ्य की उपेक्षा की, जिस कारण समाज की बेहद महत्वपूर्ण पूंजी समय से पहले हमने खो दी। अब जबकि श्री मेहरा की रचनाओं में वेग के साथ, एक गंभीर ठहराव दिखाई दे रहा था, जब वह लोक और लोक की खुशहाली के लिए संगीत और उसकी परंपरा के महत्व को बड़ी शिद्दत से समझ रहे थे। उनकी विदाई दुखदाई है। उनके कर्ण प्रिय गीत "तू एजा मेरा दानपुरा" में ऐतिहासिक दानपुर क्षेत्र की समृद्ध लोकसंस्कृति के साथ ही, क्षेत्र की वर्तमान प्राथमिकताओं का मार्मिक आह्वान भी छिपा था।

इन दिनों क्षेत्र में हो रहे विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रमों, जैसे किताब कौतिक आदि में भी एक लोक कलाकार के रूप में प्रहलाद मेहरा की लगातार सक्रियता इस बात का संकेत दे रही थी कि भविष्य में उनकी प्रतिभा के पिटारे से कुछ बेहद महत्वपूर्ण लोक महत्व की रचनाएं निकलने वाली हैं। मैं बीते 25 वर्षों से प्रहलाद मेहरा से आत्मीय रूप से जुड़ा था और उनकी रचना यात्रा को नजदीक से देख रहा था। बीते कुछ वर्षों में जिन महत्वपूर्ण शख्सियतों ने स्वास्थ्य के कारणों से हमसे बिछोह लिया, उनमें पूर्व में भिक्यासैण के विधायक रहे प्रताप बिष्ट, विपिन त्रिपाठी, शमशेर सिंह बिष्ट व गिरीश तिवारी गिर्दा के नाम स्मृति में उभर रहे हैं। हालांकि जीवन और मृत्यु विधि के हाथ है, यह भी परम सत्य है, लेकिन सार्वजनिक जीवन की हमारी व्यस्तता हमें स्वास्थ्य के कारणों की उपेक्षा करने का अभ्यस्त बना देती है, जिस कारण हमारे मन में एक पश्चाताप रह जाता है कि समाज की यह महत्वपूर्ण पूंजी कहीं उपेक्षा के कारण समय से पहले काल कवलित तो नहीं हो गई? एक बहुत महत्वपूर्ण, लोक गायक की मात्र 53 वर्ष की आयु में इस प्रकार विदाई बेहद दुखद है। तमाम सामाजिक विभूतियों और सक्रिय व्यक्तित्वों से अनुरोध है कि स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें और समझे आप स्वयं से ज्यादा समाज की जरूरत और धरोहर हैं।

## एक नजर

### गर्मी के चलते बदला गया स्कूलों का समय

**संतकबीरनगर।** भीषण गर्मी और आग उगलती धूप के चलते बच्चों को स्कूल आने-जाने में हो रही पीड़ा को देखते हुए डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने स्कूलों के समय में बदलाव कर दिया है। जारी प्रेस बयान में जिलाधिकारी ने बताया कि परिषदीय विद्यालयों समेत कक्षा प्रथम से आठवीं कक्षा तक के सभी विद्यालय सुबह 7 .30 बजे से 12 .30 बजे तक ही संचालित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि निर्देशों की अवहेलना करने वाले विद्यालयों के प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### चरस बरामदगी के मामले में दोषी को सजा

**बलरामपुर।** करीब दो साल पहले चरस बरामदगी के मामले में न्यायालय ने दोषी को एक साल 4 महीने की सजा सुनाई है। दोषी के ऊपर 10 हजार का जुर्माना भी लगाया गया है। वर्ष 2022 में हरैया थाने की पुलिस ने होमपुर गणेशपुर निवासी इस्लाम को 1 किलोग्राम 300 ग्राम चरस के साथ पकड़ा था। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। विवेचक प्रशांत शुक्ला ने मामले की विवेचना कर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। सत्र परीक्षण के दौरान पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों तथा गवाहों के बयान के आधार पर न्यायालय ने इस्लाम को एक साल 4 महीने की सजा सुनाई है। इस्लाम के ऊपर 10 हजार का जुर्माना भी लगाया गया है।

### अज्ञात कारणों से लगी आग में जली गृहस्थी

**बलरामपुर।** थाना कोतवाली जरवा अंतर्गत ग्राम मोकमपुर के मजरा टंडवा में अज्ञात कारण से लगी आग में एक परिवार की घर -गृहस्थी तबाह हो गई। ईद त्यौहार की तैयारी कर रहे परिवार पर दु:खों का पहाड़ टूट पड़ा है। पीड़ित ताहिर ने बताया कि वह दैनिक श्रमिक है। स्थानीय बाजार बालापुर से चावल लेने गया था तभी अचानक फोन पर सूचना मिली कि मेरा घर जल रहा है ।मैं मौके पर पहुंचा तब तक मेरा घर जलकर खाक हो चुका था। मेरी पत्नी व बच्चे ग्रामीणों की सहायता से आग को बुझाने का प्रयास कर रहे थे। मेरे घर में रखा गृहस्थी का पूरा सामान बिस्तर व चारपाई सहित जलकर खाक हो चुका था। क्षति का आंकलन कर उच्च अधिकारियों को सूचना दी गई है।

### एसपी ने देवी पाटन मेले की सुरक्षा का लिया जायजा

**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक केशव कुमार द्वारा थाना तुलसीपुर अंतर्गत आदिशक्ति मां पाटेश्वरी देवी मंदिर तुलसीपुर में लगने वाले चैत्र नवरात्र मेला में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत मेला परिसर का निरीक्षण किया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान मेला कंट्रोल रूम, पुलिस सहायता केंद्र, बैरियर एवं पार्किंग व्यवस्था आदि को सुदृढ़ करने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### फाइलेरिया की रोकथाम के लिए होगा नाइट ब्लड सर्वे

**बलरामपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी की अध्यक्षता में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के लैब टेक्नीशियन एवं अन्य वेक्टर बार्न स्टाफ का प्री एमडीए एक्टिविटी के तहत नाइट ब्लड सर्वे हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में बुधवार को किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि इसके लिए टीमें बनाई गई हैं, जो रात में लोगों के खून का सैंपल लेकर फाइलेरिया संक्रमण का पता लगाएंगे । माइक्रोफाइलेरिया रात में सक्रिय होता है। सीएमओ ने बताया कि हर ब्लॉक के दो क्षेत्रों से रक्त के नमूने लिए जाएंगे। इसमें एक क्षेत्र वह होगा, जिसमें पूर्व में फाइलेरिया रोगी मिले हों।

# ईद पर खरीदारी में देर रात तक जुटे रहे लोग

**मगहर, अमृत विचार।** बुधवार की शाम को ईद का चांद दिखते ही लोग एक दूसरे को मुबारकबाद देने में जुटे रहे। बाजारों में रौनक बनी रही। सेंवइयों की दुकानों पर खरीदारों की भारी भीड़ देखी गई। सभी इमामों ने ईद की नमाज निश्चित ईदगाहों व मस्जिदों में समय से पहुंचकर अदा करने की अपील किया।

चांद दिखाई देने के बाद अब ईद आज गुरुवार को मनाई जाएगी। नगर पंचायत प्रशासन द्वारा मस्जिदों व ईदगाहों की साफ सफाई करायी गई है ।रोजेदार बुधवार की शाम तक सेवईयां सहित अन्य सामान खरीदते रहे। ईद पर विशेष पकवान सेवई, मेवा, सूखा फल, बच्चों के कपड़े, जूते आदि सामानों की खरीदारी होती रही ।प्रमुख चैराहों पर दुकानें देर रात तक खुली रहीं। कारी अख्तर हुसेन ने बताया कि ईद की विशेष नमाज अदा करने का समय सुबह 7 बजे से सुबह 8 बजे के बीच रखा गया है ।मदरसा दारुलउलूम बरकातिया अहलेसुन्नत के प्रधानाचार्य व शीशा जामा मस्जिद शेरपुर के पेश इमाम मोहम्मद अख्तर नसीम बरकाती ने बताया कि शेरपुर स्थित दक्षिणी ईदगाह में सुबह 7 बजे ईद की नमाज अदा की जाएगी। शाही जामा मस्जिद के इमाम ने बताया कि शेरपुर स्थित उत्तरी ईदगाह पर सुबह 6.45 बजे व शाही जामा मस्जिद काजीपुर में सुबह 7.15 बजे ईद की नमाज अदा की जायेगी।

## नमाज के लिए स्थान व समय निर्धारित

**बलरामपुर।** ईदुल फित्र की नमाज के बारे में जानकारी देते हुए जामा मस्जिद के मौलाना अख्तर रजा ने बताया कि नगर के बड़ी ईदगाह में ईद की नमाज चांद रात्रि की सुबह 8-30बजे अदा की जाएगी जिसकी इमामत मौलाना अख्तर रजा करेंगे। अल जामेतुल गौशिया अरबी कालेज में ईद की नमाज सुबह 7-30बजे पढ़ी जाएगी जिसकी इमामत मौलाना बैतुल्लाह साहब करेंगे ।जामिया अहले सुन्नत अली हसन बरदही बाजार में ईद की नमाज 8-30बजे अदा की जाएगी जिसकी इमामत मौलाना कारी नसीमुल कादिरी करेंगे। इसी तरह श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहे पर स्थित रजा मस्जिद मे ईद की नमाज चांद रात्रि की सुबह 7-05 बजे पढ़ी जाएगी। जिसकी इमामत हाफिज शाह आलम करेंगे। चांद मस्जिद में ईद की नमाज चांद रात्रि की सुबह 8-00 बजे पढ़ी जाएगी ईमामत मौलाना अतीबुर्रहमान कादिरी करेंगे। ग्रामीण इलाकों में सभी ईदगाहों पर ईद की नमाज चांद रात्रि की सुबह 7-30बजे से 8-00 बजे तक अदा की जाएगी।

# द्वितीय ब्रह्मचारिणी के पूजन के लिए उमड़े श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता, बलरामपुर


देवीपाटन शक्तिपीठ तुलसीपुर मंदिर में मां पाटेश्वरी के दर्शन के लिए लगी श्रद्धालुओं की कतार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजन के लिए भक्तों के जयघोष से देवीपाटन शक्तिपीठ गुंजायमान रहा। शक्तिपीठ में भक्तों की भारी-भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर जय घोष करते हुए मां ब्रह्मचारिणी का पूजन किय। श्रद्धालुओं के भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक इंतजाम किया गया।

देवीपाटन शक्तिपीठ पर मां ब्रह्मचारिणी जी का पूजन करने के लिए भक्त बड़ी संख्या में देवीपाटन मंदिर पहुंचे। भोर से ही श्रद्धालुओं की लम्बी लाइन लगी रही। श्रद्धालुओं ने दर्शन करते हुए परिवार के लिए मंगल कामनाएं की । तेज धूप देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा निशुल्क पेयजल का कैंप लगाया गया है। इसके साथ ही जिलाधिकारी के निर्देश पर कैंप लगाकर पूजन के लिए जा रहे श्रद्धालु को निशुल्क पूजन सामग्री का वितरण कराया गया। लाइन में लगे श्रद्धालु को भी पूजन सामग्री दिया गया। श्रद्धालुओं के भारी भीड़ के चलते तुलसीपुर-हरैया सड़क मार्ग पर पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रही।

मेला मजिस्ट्रेट अभय कुमार सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं को लेकर पेयजल, साफ-सफाई सहित विभिन्न व्यवस्थाओं पर व्यापक इंतजाम किया गया है।

# जागरूकता से कम होंगे अग्निकांड : डीएम

## जिला आपदा विभाग ने जनसामान्य को जारी की एडवाइजरी

कार्यालय संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** तेजी से बढ़ रही गर्मी के दृष्टिगत संभावित अग्नि काण्डों से बचाव को लेकर डीएम ने जनसामान्य को बचाव के टिप्स देते हुए सचेत किया है। उन्होंने कहा कि गर्मी बढ़ने के साथ ही अग्निकाण्ड की घटनाएं भी प्रारम्भ हो गई हैं। गर्मी के दिनों में जब तेज पछुआ हवा चलती है तो गांवों में अग्निकांड की घटनाएं बड़े पैमाने पर घटित होती हैं जिसके फलस्वरूप हमारे घर, खेत, खलिहान एवं जान-माल को भारी क्षति पहुंचती है। जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण इन घटनाओं से होने वाली क्षति को कम करने के लिए जागरूकता अभियान चला रहा है।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष/जिलाधिकारी अरविन्द सिंह ने इस सम्बन्ध में बताया कि बहुत छोटी-छोटी सावधानियां बरत कर हम अग्निकांड की घटनाओं को रोक सकते हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी में लगने वाली आग से गांव अत्यधिक प्रभावित होते हैं। ऐसे में रसोई घर यदि फूस का हो तो उसकी दीवाल पर मिट्टी का लेप अवश्य लगा दें। रसोई घर की

**दिशा-निर्देश**

**जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण चला रहा जागरूकता अभियान**

छत ऊंची रखी जाए। आग बुझाने के लिए घर में बोरे में भरकर बालू अथवा मिट्टी तथा दो बाल्टी पानी अवश्य रखें। हवन आदि का काम सुबह नौ बजे से पहले सम्पन्न कर लें। शार्ट सर्किट की आग से बचने के लिए बिजली वायरिंग की समय पर मरम्मत करा लें। मवेशियों को आग से बचाने के लिए मवेशी घर के पास पर्याप्त मात्रा में पानी का इंतजाम रखें एवं उनकी निगरानी अवश्य करते रहें।

गर्मी के दिनों में दिन में तेज व गर्म हवाएं चलती हैं इसलिए जहां तक सम्भव हो गर्मियों में दिन का खाना 09 बजे सुबह से पूर्व बना लें तथा रात का खाना शाम 06 बजे के बाद बनाएं। बिजली के ढीले तारों से निकली चिंगारी भी आग लगने का कारण बन जाती है। इसलिए जहां कहीं भी ढीले तार दिखें उसकी सूचना बिना देर किए बिजली विभाग को दें। आग लगने पर सर्वप्रथम समुदाय के सहयोग से आग बुझाने का प्रयास करें। आवश्यकता होने पर आग बुझाने के लिए फायर बिग्रेड एवं प्रशासन को तुरंत सूचित करें। अगर कपड़ों में आग लगे तो जमीन पर लेटकर या लुढ़क कर उसे बुझाने का प्रयास करें।

जिला आपदा विशेषज्ञ अरूण सिंह ने जनसामान्य को आग से बचाव के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि दीपक, लालटेन, मोमबत्ती को ऐसी जगहों पर न रखें जहां से गिरकर आग लगने की संभावना हो। कटनी के बाद खेत में छोड़े डंठलों में आग नहीं लगाएं। भोजन बनाने का कार्य तेज हवा के समय न करें। जलती हुई माचिस की तीली अथवा अधजली बीड़ी एवं सिगरेट पीकर इधर-उधर न फेंकें। खाना बनाते समय ढीले-ढाले और पॉलिस्टर के कपड़े न पहनें। हमेशा सूती कपड़े पहनकर ही खाना बनाएं। सार्वजनिक स्थानों, ट्रेनों एवं बसों आदि में ज्वलनशील पदार्थ लेकर न चलें। अपर जिलाधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि गांवों में आग न लगे, इससे बचाव के लिए प्रचार-प्रसार के लिए क्षेत्रीय लेखपालों को भी निर्देशित किया गया है।

## डीएम ने मेले में थारू जनजाति की महिलाओं का किया उत्साहवर्धन


थारू जनजाति की महिला के स्टाल पर उत्पादों को परिवार सहित देखते डीएम।

**बलरामपुर।** चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर मां पाटेश्वरी के दर्शन करने के लिए आने वाले देश विदेश से लाखों श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराए जाने एवं देवीपाटन मेल को भव्य एवं सकुशल रूप से संपन्न कराए जाने हेतु डीएम अरविंद सिंह द्वारा देवीपाटन मंदिर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था, साफ सफाई व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, पेयजल, भीड़ प्रबंधन आदि का जायजा लिया गया।

महिला शक्ति की आराधना के विशेष पर्व चैत्र नवरात्रि पर डीएम एवं उनकी पत्नी द्वारा थारू महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए अभिनव पहल की गई हैं। डीएम एवं उनकी पत्नी के पहल पर थारू जनजाति की विभिन्न महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा मंदिर परिसर में पूजा सामग्री एवं अन्य उत्पादों का स्टॉल लगाया गया है जिससे आमदनी के साथ-साथ उत्पादों का प्रचार-प्रसार भी हो रहा है। डीएम ने सपरिवार थारू जनजाति महिला स्वयं सहायता समूह के स्टॉल का अवलोकन एवं निरीक्षण किया, डीएम के नन्हे मुन्ने बच्चों ने थारू महिलाओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने स्टॉल से पूजा सामग्री खरीदा एवं उनके उत्पादों की सराहना भी की। डीएम ने सपरिवार माता का दर्शन किया एवं उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रमोद कुमार, एसडीएम तुलसीपुर व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### द्वितीय तिथि पर मां ब्रह्मचारिणी की हुई आराधना

**संतकबीरनगर।** चैत्र नवरात्र की द्वितीया तिथि पर मां ब्रह्मचारिणी की आराधना की गई। भक्तों ने सुबह मंदिरों में दर्शन और पूजन कर अपनी दिनचर्या का शुभारंभ किया। मां ब्रह्मचारिणी का पूजन भक्तों को अभीष्ट लाभ प्रदान करता है। मां की कृपा से भक्तों को सुख समृद्धि आरोग्य ऐश्वर्य और दीर्घायु की प्राप्ति होती है। नवरात्र के चलते मंदिर भक्तों से गुलजार दिखाई देने लगे हैं। मंदिर समितियों के द्वारा भक्तों के दर्शन पूजन और प्रसाद की उत्तम ब्यवस्था कराई गई है। खलीलाबाद के ग्राम लहुरादेवा स्थित प्राचीन काली माता मंदिर की शोभा देखते ही बन रही है। नवरात्र में इस मंदिर पर दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। ऐसी मान्यता है कि सच्चे दिल से मांगी गई मुरादें मां जरुर पूरी करती हैं। नवरात्र में सुबह से शाम तक इस मंदिर में मेले जैसा नजारा दिखाई देता है। सैकड़ों वर्ष पुराने इस मंदिर से लोगों की विशेष आस्था जुड़ी है। देश की आजादी के आंदोलन में भी आंदोलनकारी यहां आकर मां काली का आशीर्वाद लेकर अंग्रेजी हुकूमत से लोहा लेते थे। मंदिर की आभा भक्तों को बरबस ही अपनी ओर आकर्षित करती रहती है। विजय दशमी पर्व पर यहां भक्तों की भारी भीड़ पहुंचती है।

### अध्यक्ष ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण


**बलरामपुर।** बलरामपुर आदर्श नगर पालिका परिषद क्षेत्र के अंतर्गत जल निकासी की व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु नव निर्माणाधीन नाले का निरीक्षण अध्यक्ष डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू किया एवं मानक अनुरूप कार्य समय सीमा से पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि आदर्श नगरपालिका क्षेत्र के विकास कार्यों का मानक भी आदर्श होना चाहिये। कार्यों मे गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस, सभासद संदीप मिश्र, संजय शुक्ल, अक्षय शुक्ल, गौरव मिश्र, अम्बरीष शुक्ल, उपस्थित रहे।

### अज्ञात कारणों से लगी आग में 38 परिवार तबाह


बलरामपुर के रेहटावल गांव में आग लगने से जली घर की गृहस्थी। अमृत विचार

**बलरामपुर।** हरैया थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत लंबीकोहल के मजरे रेहटावल में बुधवार की दोपहर अज्ञात कारणों से आग लग गई। ग्राम प्रधान प्रानपति के प्रतिनिधि विजय कुमार यादव ने बताया कि दोपहर करीब एक बजे निजाम के घर अज्ञात कारणों से आग लग गई। तेज हवा के कारण देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास के घरों को भी अपनी आगोश में ले लिया। आग लगने की सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई। सूचना मिलने पर गांव में दो फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंच गई और ग्रामीणों की मदद से आग बुझाना शुरू कर दिया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जब तक आग बुझाई गई तब तक निजाम, नजीर, फखरूद्दीन, मोहम्मद शरीफ, जयपत्र, मुंशरीफ, किन्ने, राजू, नूरुसलाम, फूल मोहम्मद, हसन शरीफ, मोहर्रम अली, शफीक, रफीउल्ला, मिट्ठू, हनीफ, तिवारी, जिकरी, सबूर, कैय्यूम, रज्जाक, फारूख पुत्र मोहम्मद सिद्दीक, अब्दुल लतीफ, हफीज, फारूख पुत्र मोहम्मद उमर, शाहिद, असलम, कादिर, वली मोहम्मद, हैदर, मजीद, बड़का, हसीब, रकीब, सलमान, अब्दुल्ला, नान्हू व हकीकुल सहित 38 लोगों का घर जलकर खाक हो गया। आग में झुलसने से मोहम्मद शरीफ की चार बकरियां मर गई। हनीफ व नफीस का एक-एक बीघे गेहूं की फसल भी जलकर खाक हो गई। लेखपाल संतोष कुमार पांडेय ने बताया कि क्षति का आकलन किया गया है। करीब 20 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान है। रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है। जल्द ही पीड़ितों का आर्थिक सहायता दिलाई जाएगी।

### हालैंड से कबीर स्थली का दर्शन करने पहुंचे प्रताप छोटकन


कबीर दास की समाधि पर चादर चढ़ाते हालैंड निवासी प्रताप छोटकन।

**मगहर।** सदगुरू कबीर साहेब ने मानव को ही धर्म माना था ।उसकी पूजा से मानवता का संदेश पूरे विश्व को दिया है। उनके सन्देशों को आत्मसात करने से मानव जीवन को सफल बनाया जासकता है। उक्त विचार हालैण्ड देश के रोटर डेम निवासी प्रताप छोटकन सपत्नी के साथ अपने भाई, भाभी और भाई की बेटी के साथ बुधवार को कबीर की निर्वाण स्थली पर मगहर के कबीरचौरा स्थित कबीर की समाधि व मजार का दर्शन करने के बाद भेंटवार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि कबीर ने अपने पूरे जीवन काल में समाज में व्याप्त कुरीतियों और बाहरी आडंबरों का प्रबल विरोध किया था। कबीर ने अपनी भाषा और अक्खड़पन की बदौलत समाज की दिशा और दशा को बदलने का जीवन भर प्रयास किया ।जिससे मानव में आपसी प्रेम व सद्भाव हमेशा बना रहे। कबीर ने समाज से ऊंच नींच, जाति पांति को मिटा कर एक सूत्र में बांधने की वकालत किया था ।ताकि मानवता को सही दिशा मिल सके। उनके कहे एक एक शब्द हमे प्रेरणा देते नजर आते हैं। इस मौके पर कबीर समाधि के महंत विचार दास ने उन्हें कबीर के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। इस दौरान महंत विचार दास, केशव, भागीरथी दास, देवेंद्र दास, राम शरण दास, रोहित दास, प्रकाश छोटकन, सुदेश सीताराम, मारसा छोटकन, आउड्री छोटकन, फूलमती सीताराम, पुजारी शांतिदास आदि मौजूद रहे।

### गौरक्षा प्रकोष्ठ के बस्ती मंडल प्रभारी बने श्याम नारायण

**संतकबीरनगर।** विश्व हिन्दू महासंघ गोरक्षा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रहे श्याम नारायण तिवारी को संगठन का बस्ती मण्डल का प्रभारी मनोनीत किया गया है। जिले में भगवा बाबा के नाम से मशहूर श्याम नारायण तिवारी गोवंश से बेहद प्रेम रखते हैं। सड़कों पर घायल होने वाले और बीमार गोवंशीय पशुओं के उपचार को श्री तिवारी ने अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लिया है। आलम यह है कि जिले में कोई गोवंश बीमारी की चपेट में आ जाता है तो लोग मदद के लिए सरकारी कर्मचारी की बजाय श्याम नारायण तिवारी को ही फोन करते हैं। विश्व हिंदू महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश नेतृत्व ने मंगलवार की देर शाम इनके मनोनयन की घोषणा किया।

# भाजपा ने कार्यशाला में बताए सोशल मीडिया के लाभ


कार्यशाला के मुख्य अतिथि को माल्यार्पण कर सम्मानित करते भाजपाई।

**बलरामपुर, अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से तुलसीपुर मे सोशल मीडिया लोकसभा वालंटियर्स सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष मंत्री दया शंकर मिश्र दयालु ने लोगों को सोशल मीडिया की उपयोगिता के बारे में बताया।

आयुष मंत्री दया शंकर ने कहा कि लोग अपने विचारों, मन की बातों सहित सरकार की योजनाओं को सोशल मीडिया के माध्यम से रख सकते हैं। लोक सभा संयोजक अवधेश श्रीवास्तव व सह संयोजक शंकर दयाल पाण्डेय ने सोशल मीडिया को जीवन का अभिन्न अंग बताया। उन्होंने कहा कि आज सोशल मीडिया के माध्यम से हर व्यक्ति अपनी बातों को जन-जन तक पहुंचा सकता है। अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सोशल मीडिया की धूम है।

## दस डाक्टर समेत 23 कर्मचारी मिले गैरहाजिर

**बलरामपुर।** बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने जिला संयुक्त चिकित्सालय तथा जिला मेमोरियल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में चिकित्सक समेत कुल तेईस कर्मी अनुपस्थित पाए गए। जिला संयुक्त चिकित्सालय में तैनात चिकित्सक डॉ अरविंद कुमार यादव , डॉ आर डी रमन, डॉ तेजवीर सिंह, डॉ पी के त्रिपाठी सहित पन्द्रह कर्मी अनुपस्थित पाए गए। जिला मेमोरियल अस्पताल में डॉ हीरा लाल, डॉ एस के मिश्रा , डॉ वी के राय , डॉ एस एच जैदी , डॉ शिव कुमार , डॉ रवि लाल सहित कुल आठ कर्मी अनुपस्थित पाए गए। सभी अनुपस्थित पाए गए चिकित्सक तथा मेडिकल स्टाफ से स्पष्टीकरण प्राप्त कर कार्रवाई के लिए संबंधित चिकित्सालयों के सीएमएस को सीएमओ ने निर्देशित किया। जिला मेमोरियल अस्पताल में साफ सफाई की व्यवस्था संतोषजनक नही पाया गया। ड्रग कंसंप्शन रजिस्टर अपूर्ण पाया गया , औषधियों का रख रखाव भी संतोषजनक नही था। सी एल रजिस्टर भी इनकंप्लीट पाया गया।

# सीडीओ ने झंडी दिखा कर रवाना की मतदाता रैली


मतदाता जागरूकता वाहन रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते सीडीओ। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** डीएम के निर्देशन में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मुख्य विकास अधिकारी बलरामपुर संजीव कुमार मौर्य द्वारा मतदाता जगरूकता के लिए विकास भवन परिसर से हरी झंडी दिखा कर दो पहिया वाहन रैली को रवाना किया गया। मतदाता जागरूकता रैली विकास भवन परिसर से होते हुए वीर विनय चौराहा, भगवतीगंज चौराहा फुलवरिया बाईपास होते हुए सुहागिन पुरवा से विकास भवन में संपन्न हुई।

कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी संजीव मौर्य ने कहा कि देश के लोकतंत्र में आपको अपने मताधिकार के प्रयोग करने का अमूल्य उपहार दिया है। सभी मतदाता आयोजित होने वाले मतदान के महापर्व में अपने मताधिकार का प्रयोग करके देश के लोकतंत्र को मजबूत करें । उन्होंने कहा कि देश के मतदाता का

## उपलब्धि

**कई महीनों की मेहनत के बाद मिली सफलता : रागिनी सोनी**

# बलरामपुर की बेटी बनीं मिसेज उत्तर प्रदेश


मिस उत्तर प्रदेश बनीं रागिनी सोनी (बाएं से)। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** बलरामपुर की बेटी रागिनी सोनी ने मिसेज उत्तर प्रदेश बनने का गौरव हासिल किया। उसने बताया कि बचपन से मेरा सपना मिस इंडिया बनने का था लेकिन सही मार्गदर्शन न मिलने की वजह से मैं वहां तक नहीं पहुंच सकी। एक समय ऐसा लगा शायद मेरा यह सपना एक सपना ही रह जायेगा। फिर बीते वर्ष मेरी शादी हो गई और इस कॉन्टेस्ट के बारे में मुझे सोशल मीडिया के माध्यम से पता चला कि मिस इंडिया की तर्ज पर आप मिसेज उत्तर प्रदेश बन सकती हैं और अपने सपनों को सच कर सकती हैं। फिर मैंने डा. आकांक्षा गोगना द्वारा आयोजित मिसेज उत्तर प्रदेश क्वींस आफ एक्सीलेंस 2024 सीजन -2 कॉन्टेस्ट में हिस्सा लिया और कई महीनों की मेहनत के बाद मुझे इसमें सफलता मिली।

इस कॉन्टेस्ट को जीतने के बाद मैं रुकने वाली नहीं, अब मैं मिसेज इंडिया कॉन्टेस्ट और मिसेज वर्ल्ड कॉन्टेस्ट में हिस्सा लूंगी और अपने जिले के साथ साथ पूरे प्रदेश व देश का नाम रोशन करूंगी। इसके साथ मैं सभी महिलाओं को ये संदेश देना चाहती हूं, आपको अपने जीवन में कभी रुकना नहीं चाहिए बल्कि अपने पंखों को उड़ान देना चाहिए। इस तरह के कॉन्टेस्ट में हिस्सा लेके आपका आत्मविश्वास बहुत ज्यादा बढ़ता है, और आप समाज में अपनी खुद की एक नई पहचान बना सकती हैं। कभी ये नहीं सोचना चाहिए कि आप जीतेंगे या हारेंगे, हमें बस अपना शत प्रतिशत देना है और नया कुछ सीखना है। ऐसे प्लेटफार्म को पाने के बाद आप या तो जीतते या सीखते हैं।

उन्होंने कहा कि अंत में मैं डा. आकांक्षा गोगना और उनकी पूरी टीम को बहुत धन्यवाद देना चाहूंगी की उन्होंने ऐसा मंच बनाया जहा महिलाएं शादी के बाद भी ब्यूटी पेजेंट का इस्तेमाल कर विजेता बन सकती हैं और समाज में अपना नाम रोशन कर सकती हैं। रागिनी पेशे से अध्यापिका हैं। विदित हो कि रागिनी के पिता जयगोपाल सोनी तुलसीपुर तहसील के ग्राम काशीराम मनकौरा के निवासी हैं। जयगोपाल वरिष्ठ सपा नेता भी हैं और वर्तमान समय में लखनऊ में रहते हैं।

## नव विक्रमी संवत पर विशिष्ट लोगों का हुआ सम्मान

**बलरामपुर।** क्रांतिकारी विचार मंच, बलरामपुर द्वारा अपने 24वें वार्षिक उत्सव में भारतीय नववर्ष विक्रम संवत 2081 के अवसर पर श्री अवध पैलेस, टेढ़ी बाजार में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री राम जन्मभूमि अयोध्या मुकदमे में विजयी पक्षकार रहे बाबू राजेन्द्र सिंह ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में नगरपालिका परिषद अध्यक्ष डॉ धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू उपस्थिति रहे। क्रांतिकारी विचार मंच द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में अग्रवाल महासभा द्वारा संचालित "महाराजा अग्रसेन रसोई" समिति के प्रतिनिधि विनोद बंसल, निर्मल कुमार अग्रवाल , "दीप नेत्रालय" के डॉ कुलदीप विश्वकर्मा व "शास्वत सेवार्थ समिति" के योगेश त्रिपाठी एवं यू ट्यूब पर धमाल मचाने वाले "शुक्ला फिल्मस" के कलाकारों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बौद्धिक संगोष्ठी में समिति के संयोजक इंदुभूषण जयसवाल व संरक्षक हरिवंश सिंह ने कहा कि भारतीय पंचांग विश्व का सबसे प्राचीन एवं तर्कसंगत पंचांग है।



## चुनावी गतिविधियां

● **कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बूथ पर दिया जोर :** बूथों की संख्या बढ़ाने के साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गठबंधन उम्मीदवार के लिए घर-घर जाकर प्रचार किया और लोगों से गठबंधन उम्मीदवार को जिताने का आग्रह किया। जिला कांग्रेस श्रम प्रकोष्ठ चेयरमैन नरेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता मतदाताओं के बीच जाकर उनके दुख-दर्द को बांट रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा से परेशान है और सत्ता परिवर्तन चाह रहीं हैं। आटा, दाल से लेकर रोजमर्रा की वस्तुएं मंहगी होती जा रही है। जनता अबकी बार भाजपा को मुहतोड़ जवाब देगी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं की संख्या बूथों पर बढ़ाई जा रही है जिससे लोकसभा चुनाव में सभी मतदाता अपने मत का प्रयोग कर सके और किसी भी मतदाता का नाम सूची से वंचित न रहें। उन्होंने आगे कहा कि जनता भाजपा के झूठे वादों को जान गई है। सरकार किसान और बेरोजगार विरोधी है। सेवानिवृत्त व्यक्ति का पेंशन एक सहारा होता है जो कई राज्यों में लागू भी है लेकिन उत्तर प्रदेश की सरकार पेशनरों की समस्या को अनदेखा कर रहीं है। जबकि कई बार पेंशनर प्रदेश से लेकर दिल्ली के जंतर-मतर पर धरना दे चुके है। अब जनता ने सरकार बदलने का मन बना लिया है।

## पहले चरण में कुल 80 उम्मीदवार, महिलाएं मात्र सात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में उप्र. के आठ निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने वाले सभी 80 उम्मीदवारों के शपथपत्रों का विश्लेषण किया गया है। उत्तर प्रदेश इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स का यह विश्लेषण बिजनौर, कैराना, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, नगीना, पीलीभीत, रामपुर और सहारनपुर से चुनाव लड रहे उम्मीदवारों पर हैं। इन सीटों पर केवल सात महिला प्रत्याशी चुनाव लड़ रही हैं।

उम्मीदवारों की उम्र को देखें तो 80 में से 23 (28.75 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी आयु 25 से 40 वर्ष के बीच घोषित की है, जबकि 47 (58.75 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी आयु 41 से 60 वर्ष के बीच घोषित की है। मात्र 10 (12.50 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी उम्र 61 से 80 वर्ष के बीच घोषित की है। इसी प्रकार 80 में से 30 (38 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता 5वीं और 12वीं के बीच घोषित की है, जबकि 41 (51 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता स्नातक और इससे ज्यादा घोषित की है।

एक उम्मीदवार ने अपनी शैक्षिक योग्यता डिप्लोमाधारक, एक उम्मीदवार ने अपनी शैक्षिक योग्यता असाक्षर घोषित जबकि सात उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता साक्षर और घोषित की है।




## लोकतंत्र के महापर्व में नाव का लेते सहारा

### मतदान केंद्र पहुंचने के लिए जंगल और नदी पार करते हैं मतदाता

राजू जायसवाल, बहराइच

**अमृत विचारः** जिले के मतदान केंद्र भरथापुर में मतदान करना किसी युद्ध के जीतने से कम नहीं हैं। इस मतदान केंद्र पर दो नदियों को पार कर मतदाता नाव से मतदान के लिए जाते हैं। कुछ तो जान का हवाला देकर मतदान करने के लिए ही नहीं जाते हैं। जिसके चलते यहां मत प्रतिशत भी नहीं बढ़ रहा है।

जनपद के मोतीपुर तहसील का मतदान केंद्र भारथापुर जंगल के बीच में स्थित है। इस मतदान केंद्र पर पहुंचने के लिए मतदान कर्मियों के साथ मतदाताओं को नाव का सहारा लेना पड़ता है। इसका मुख्य कारण राजस्व ग्राम भरथापुर जंगल के अंदर बसा हुआ है। इस गांव के पूरब में गेरुआ नदी और पश्चिम में नेपाल से आने वाली कौड़ियाला नदी है। गांव में ही पोलिंग केंद्र बना है। यहां मतदान कर्मियों को नाव के द्वारा ड्यूटी के लिए जाना पड़ता है। भवानीपुर, बिछिया और तेला गौढ़ी, आंबा ग्राम के मतदाताओं को ऐसे में जंगल और दो नदियों के बीच में बसे इस गांव में जाकर मतदान करना किसी युद्ध जीतने से कम नहीं है। एसडीएम संजय कुमार ने बताया कि बिछिया के लोग पांच किलोमीटर तो दूसरे मजरे के 10 किलोमीटर की दूरी तय कर मतदान के लिए जाते हैं। नदी होने के चलते इस गांव में नाव के द्वारा ही जाना पड़ता है।


भरथापुर गांव को नाव से जाते लोग। अमृत विचार

### जंगल के बाहर केंद्र बनाने की उठ रही मांग

भरथापुर गांव मतदान जाने के लिए नाव का ही एकमात्र सहारा है। ऐसे में हादसे और वन्य जीवों के हमले को देखते हुए यहां के मतदान केंद्र को गिरिजापुरी और बिछिया में स्थापित करने की मांग की गई है, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों की इस समस्या को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन जंगल के बाहर मतदान केंद्र बनवाना चाहिए। यह हम सभी की मांग की है।


जंग हिंदुस्तानी
सामाजिक कार्यकर्ता

### खतरे के चलते नहीं जाते मतदाता

मतदान केंद्र भरथापुर को जंगल और नदी के बीच से जाना पड़ता है। ऐसे में लोगों को अपने जीवन का भी भय सताने लगता है। इसको देखते हुए लोग यहां कम ही मतदान के लिए जाते हैं। जिसके चलते 20 से 25 प्रतिशत मतदान ही इस केंद्र पर हो पाता है। यह प्रतिशत जिले में सबसे कम है।

### मशक्कत

- मतदान करने के लिए10 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है
- मतदान केंद्र भारथापुर जंगल के बीच में है स्थित

## एक मंच पर दिखेंगे राजा भैया और अखिलेश

### राजा भैया की पार्टी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक और समाजवादी पार्टी के गठबंधन की सुगबुगाहट

आरपी सिंह प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। चुनाव की तारीखों का भी ऐलान हो चुका है। लेकिन सियासत का ऊंट किस करवट बैठेगा अभी इसकी जद्दोजहद जारी है। कौशाम्बी सीट से भाजपा प्रत्याशी के घोषणा के बाद सुगबुगाहट है कि जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कुण्डा विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया को सपा समर्थन दे सकती है। जल्द ही इसकी घोषणा भी हो जाएगी।

कौशाम्बी सीट से भाजपा और राजा भैया की पार्टी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के समझौते की चर्चा थी। बुधवार को कौशाम्बी सीट से भाजपा ने सांसद विनोद सोनकर को उम्मीदवार बनाये जाने की घोषणा की। इसके बाद एक नई सुगबुगाहट शुरू हो गई कि राजा भैया की पार्टी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक और समाजवादी पार्टी एक हो सकती हैं।

जनसत्ता दल लोकतांत्रिक गठबंधन से ही कौशाम्बी सीट से चुनाव में ताल ठोंक सकती है। इसकी पूरी कार्य योजना भी बन गई है।

सूत्रों की माने तो प्रत्याशी उतारने के बारे में मंथन चल रहा है, जल्द ही ऐलान हो जाएगा। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अगर ऐसा हुआ तो कौशाम्बी, प्रतापगढ़, फूलपुर समेत प्रदेश की कई सीटों पर इसका लाभ समाजवादी पार्टी को मिलेगा।



### 2018 में गठित जनसत्ता दल के हैं एक एमएलसी व दो विधायक

जनसत्ता दल लोकतांत्रिक का गठन 30 नवंबर 2018 को हुआ। 2019 के लोकसभा चुनाव में पहली बार पार्टी ने अपने प्रत्याशियों को मैदान में उतारा था। प्रतापगढ़ लोकसभा से पूर्व सांसद अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी और कौशांबी लोकसभा सीट से पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार को प्रत्याशी बनाया। जिसमें अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी चौथे और शैलेंद्र कुमार तीसरे स्थान पर रहे थे। हालांकि अक्षय प्रताप भाजपा प्रत्याशी को शिकस्त देकर एमएलसी निर्वाचित हुए। इसके बाद जब 2022 के विधानसभा चुनाव हुए तो पार्टी ने प्रतापगढ़, प्रयागराज, अमेठी समेत अन्य जनपद की सीटों से अपने दावेदारी ठोंकी। कुंडा और बाबागंज में पुन: रिकॉर्ड बना। रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया यहां से सातवीं और विनोद सरोज चौथी बार विधायक बने।



### राज्यसभा के चुनाव से बदली हवा

● बीते दिनों राज्यसभा सदस्य के लिए हुए चुनाव में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक ने भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में वोट किया था। इसके बाद से सियासी गलियारों में गठबंधन की चर्चा बढ़ गई थी। हालांकि लोकसभा चुनाव में भाजपा ने दोनों सीटें प्रतापगढ़ और कौशाम्बी पर पिछली बार जीते उम्मीदवारों पर भरोसा जताया है।

- **सियासत का ऊंट किस करवट बैठेगा अभी इसकी जद्दोजहद**
- **भाजपा और राजा भैया की पार्टी की समझौते की थी चर्चा**

"हमारी पार्टी लोकसभा चुनाव में अपने प्रत्याशी को उतारेगी। पार्टी कुल कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी, इसका निर्णय संगठन करेगा। पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता चुनाव के लिए तैयार हैं। कार्ययोजना बनाई जा रही है, जल्द ही घोषणा की जाएगी।


–**विनोद सरोज,** विधायक, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक

### तीन बार सांसद निर्वाचित हुए शैलेंद्र

जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के प्रधान राष्ट्रीय महासचिव शैलेंद्र कुमार राजा भैया के साथ लंबे समय से राजनीति में सक्रिय हैं। वह कौशांबी संसदीय सीट से तीन बार सांसद चुने गए हैं, जबकि दो बार से लगातार सांसद विनोद सोनकर हैं। शैलेंद्र कुमार पहली बार 1998 में 12 वीं लोकसभा के लिए सदस्य निर्वाचित हुए। वर्ष 2004 में दूसरी बार 14 वीं लोकसभा के लिए सदस्य निर्वाचित हुए। 2009 में 15 वीं लोकसभा के लिए तीसरी बार सदस्य निर्वाचित हुए। उसके बाद 2014 में भाजपा से विनोद सोनकर सांसद बने। वर्ष 2019 में वह दोबारा लोकसभा का चुनाव जीतकर सांसद बने।


## आईना : बहराइच लोकसभा सीट

### 2019 चुनाव का लेखा जोखा




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| अक्षयबर लाल | 5,25,982 |
| शब्बीर अहमद | 3,97,230 |
| सवित्री बाई फुले | 34,454 |

### 2014 में किसको कितने वोट




| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | सवित्री बाई फुले | 4,32,392 |
| सपा | शब्बीर अहमद | 3,36,747 |
| बसपा | डॉ.विजय कुमार | 96,904 |
| कांग्रेस | कमल किशोर | 24,421 |

बहराइच के क्षेत्र





### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1952 | रफी अहमद किदवई | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1957 | जोगेंद्र सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1962 | कुँवर राम सिंह | स्वतंत्र पार्टी |
| 1967 | केके नायर | भारतीय जनसंघ |
| 1971 | बदलू राम शुक्ला | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | ओम प्रकाश त्यागी | जनता पार्टी |
| 1980 | सैयद मुजफ्फर हुसैन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1984 | आरिफ मोहम्मद खान | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | आरिफ मोहम्मद खान | जनता दल |
| 1991 | रूद्रसेन चौधरी | भारतीय जनता पार्टी |
| 1996 | पदमसेन चौधरी | भारतीय जनता पार्टी |
| 1998 | आरिफ मोहम्मद खान | बहुजन समाज पार्टी |
| 1999 | पदमसेन चौधरी | भारतीय जनता पार्टी |
| 2004 | बाब सईदा | समाजवादी पार्टी |
| 2009 | कमल किशोर | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 2014 | सवित्री बाई फुले | भारतीय जनता पार्टी |
| 2019 | अक्षयबर लाल | भारतीय जनता पार्टी |

2019 नोटा
13,189

2014 नोटा
13,498

### 2009 चुनाव के आंकड़े




## पहले रैली बाद में चुनाव पाठशाला से देंगे संदेश

अमृत विचार : जिले में ग्रामीण इलाकों में मतदान फीसद बढ़ाने के लिए हर शनिवार को चुनाव पाठशाला लगेगी। इसकी शुरुआत 13 अप्रैल से होगी। पंचायती राज विभाग ने तैयारी कर ली है। जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशू शेखर ठाकुर ने बताया कि चुनाव पाठशाला के माध्यम से मतदाताओं को 20 मई को मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्हें मतदान करने के अधिकार बताएंगे। जिनके सूची में नाम नहीं इसकी जानकारी इस आयोजन से होगी और नाम दर्ज कराएंगे। पाठशाला मतदेय स्थलों पर लगेगी। जो 909 प्राथमिक विद्यालय, 151 पूर्व माध्यमिक विद्यालय, 52 पंचायत भवन, पांच सामुदायिक केंद्र व सात आंगनबाड़ी केंद्र बनाए गए हैं। मतदेय स्थल से सबसे पहले सुबह 9 से 10 बजे तक जागरूकता रैली निकलेगी। इसके बाद सुबह 10 से दोपहर 12 :50 तक पाठशाला लगेगी।



## निवासी बाराबंकी के, चुनते हैं अयोध्या का सांसद

### अयोध्या लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र

### चार लाख से अधिक मतदाता निभाते हैं अहम रोल

काशीनाथ दीक्षित दरियाबाद, बाराबंकी

**अमृत विचारः** जिले की दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र के 4 लाख 17 हजार 751 मतदाता अपना सांसद रामनगरी अयोध्या का चुनते हैं।

अयोध्या लोकसभा क्षेत्र में आने वाला दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र सांसद चुनने में एक अहम भूमिका अदा करता है। सभी दलों की निगाहें इस क्षेत्र के वोटरों पर रहती हैं, क्योंकि इस विधानसभा क्षेत्र में 4,17,751 मतदाता अयोध्या का सांसद चुनने में अहम भूमिका निभाता हैं। यही वजह है कि भाजपा, कांग्रेस, सपा और बसपा प्रत्याशियों की रैलियों के साथ इस विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान तेजी से चलता है। इस बार भी चार लाख से अधिक वोटर अयोध्या के सांसद का चुनाव करेंगे।


यह सीट एक मामले में और भी सुर्खियों में है, क्योंकि इस सीट से जहां लगातार दूसरी बार भाजपा के सतीश चंद्र शर्मा विधायक हैं वहीं योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल में राज्यमंत्री भी हैं। पिछले दो बार से अयोध्या लोकसभा चुनाव में भाजपा सांसद लल्लू सिंह की तरफ यहां के आधे से ज्यादा वोटरों का रुझान रहा है।




### आंकड़ों पर एक नजर

| | |
|---|---|
| लोकसभा क्षेत्र | 54, अयोध्या |
| वि.स. क्षेत्र | दरियाबाद, बाराबंकी |

| | |
|---|---|
| मतदान केंद्र | 295 |
| मतदेय स्थल | 458 |
| जोन | 03 |
| सेक्टर | 31 |
| मतदान तिथि | 20 मई |




## कांग्रेस के घोषणा पत्र को घर- घर ले जाएंगे पार्टी कार्यकर्ता

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ:** लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों को जिताने के लिए पार्टी कार्यकर्ता शहरों व गावों में लोगों के घर-घर जाएंगे और उन्हें पार्टी का घोषणा पत्र देकर उन्हें पार्टी पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। प्रदेश कांग्रेस की ओर से इस सिलसिले में जिला व शहर अध्यक्षों को निर्देश जारी किये गये हैं।

प्रदेश कांग्रेस ने प्रदेश के पांच करोड़ से ज्यादा लोगों तक पार्टी का घोषणा पत्र पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। कांग्रेस अपने घोषणा पत्र को चुनाव अभियान का आधार स्तंभ बनाने में जुटी है। पार्टी सूत्रों के अनुसार कांग्रेस ने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में पार्टी नेता प्रियंका गांधी के पत्र को घर-घर पहुंचाने का अभियान चलाया था। इसी तर्ज पर इस बार भी चुनाव अभियान को चलाने के लिए कार्यकर्ताओं को कहा गया है। विधानसभा चुनाव में भले ही पार्टी लोगों को अपने पक्ष में न कर पाई हो, पर इस बार घोषणा पत्र में दी गई बातों को ज्यादा प्रभावी ढंग से लोगों तक पहुंचाने में की तैयारी है, ताकि मतदाता पार्टी के पक्ष में आ सकें। कांग्रेस का अभियान इंडिया गठबंधन में मिली 17 सीटों के साथ ही बाकी सीटों पर भी चलेगा। इसके लिए गठबंधन में शामिल सपा नेताओं-कार्यकर्ताओं से समन्वय बनाकर अभियान को चलाने के निर्देश दिये गये हैं।

## गोंडा : सियासत में विरासत की दखल

शिव अंकम ओझा, गोंडा

**अमृत विचार :** इस बार का गोंडा संसदीय सीट का सियासी सफर विरासत संभालने के दांव से शुरू हो रहा है। आजादी के बाद से मनकापुर राजघराने की आम चुनाव में दखल रहा। संसदीय चुनावों में राजा आनंद सिंह की बादशाहत 18 सालों तक कायम रही। 1977 में कांग्रेसी विरोधी लहर को छोड़ दें तो वह 1971 से 1989 तक सांसद रहे। उनकी विरासत 1996 में बेटे कीर्तिवर्धन सिंह ने संभाली, उस साल तो हार गए लेकिन 1998 के चुनाव में जीत हासिल कर ली। इसके बाद उन्होंने तीन चुनावों में बाजी मारी और वर्तमान में भी भाजपा से मैदान में हैं। वह राजघराने की विरासत को आगे बढ़ा रहें हैं, जिससे सियासत में विरासत की दखल कायम रख सकें।


यह तो बात राजघराने की हुई, जो कई दलों का साथ लेते हुए साल 2014 से भाजपा की झोली में आ चुका है। इसी कड़ी में गोंडा के सियासी समर में साल 2009 में संसदीय सीट की नुमाइंदगी कर चुके बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा भी बाबा की सियासी विरासत को संभालने को आगे आईं हैं। सपा के कद्दावर नेताओं में शुमार रहे बेनी प्रसाद वर्मा ने 2009 में पार्टी से रूठ कर कांग्रेस का दामन थाम लिया था और गोंडा से संसद पहुंचे थे। कांग्रेस ने भी बेनी बाबू के कद को देखते हुए केंद्रीय इस्पात मंत्री बनाया था। यही नहीं 2014 में उन्हें फिर गोंडा से टिकट दिया, यह अलग बात रही कि बेनी प्रसाद वर्मा मोदी लहर में पार्टी की नैय्या को पार नहीं लगा सके। उसके बाद उन्होंने फिर सपा में वापसी कर ली थी। अब सपा ने अपने पार्टी के संस्थापक सदस्यों में शामिल बेनी प्रसाद वर्मा के परिवार पर एक बार फिर भरोसा जताया है।

गोंडा से बाबा की विरासत को कायम करने की जिम्मेदारी पौत्री को सौंपी है। उनके पिता राकेश वर्मा भी अपने पिता के संसदीय सीट पर परिवार की वापसी के लिए बेटी के साथ खड़े हैं। संयोग ही है कि सपा के साथ ही कांग्रेस का साथ भी पौत्री को मिल रहा है।

इस तरह दोनों दलों के नेता रहे बेनी प्रसाद वर्मा के परिवार को टिकट मिलने से दोनों दलों में उत्साह है। फिलहाल अभी बसपा ने टिकट तय नहीं किया, उस पर दोनों दलों की निगाहें टिकी हैं।

### राजा आनंद सिंह की बादशाहत 18 सालों तक रही कायम


कुंवर आनंद सिंह


कीर्तिवर्धन सिंह



श्रेया वर्मा


बेनी प्रसाद वर्मा

### बसपा के दांव से तय होगी सियासी दिशा

सपा व भाजपा के टिकट तय होने के बाद बसपा की चुप्पी पर सियासतदान निगाहें टिकाए हैं। माना जा रहा है कि जातीय समीकरण साधने में बसपा का दांव काफी अहमियत रखेगा। प्रत्याशी तय होने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि वह किस दल को चोट देगा और किस दल के लिए संजीवनी बनेगा या फिर वह दोनों दलों के बीच अपना रास्ता निकाल सकेगा। अभी बसपा जिले की स्थितियों और समीकरणों की समीक्षा कर रही है। प्रत्याशी का इंतजार दोनों दलों के साथ ही आम लोग भी बेसब्री से कर रहे हैं।

- **राजघराने की विरासत का कारवां आगे बढ़ा रहे कीर्तिवर्धन**
- **तो बाबा की विरासत संभालने की सपा ने पौत्री को सौंपी कमान**





## दूसरे चरण के रण में ये सूरमा

| | |
|---|---|
| **मेरठ** | |
| भाजपा | अरुण गोविल |
| सपा | सुनीता वर्मा |
| बसपा | देवव्रत त्यागी |
| **बागपत** | |
| सपा | मनोज चौधरी |
| रालोद | राजकुमार सांगवान |
| बसपा | प्रवीण बैसला |
| **गाजियाबाद** | |
| भाजपा | अतुल गर्ग |
| कांग्रेस | डॉली शर्मा |
| **गौतमबुद्ध नगर** | |
| भाजपा | डॉ. महेश शर्मा |
| सपा | डॉ. महेंद्र सिंह नागर |
| बसपा | राजेंद्र सिंह सोलंकी |
| **मथुरा** | |
| भाजपा | हेमा मालिनी |
| कांग्रेस | मुकेश धनगर |
| बसपा | सुरेश सिंह |
| **अलीगढ़** | |
| भाजपा | सतीश कुमार गौतम |
| सपा | चौधरी बिजेंद्र सिंह |
| बसपा | हितेंद्र कुमार बंटी |
| **बुलंदशहर** | |
| भाजपा | डॉ. भोला सिंह |
| कांग्रेस | शिवराम वाल्मीकि |
| बसपा | गिरीश चंद |
| **अमरोहा** | |
| कांग्रेस | कुंवर दानिश अली |
| भाजपा | कंवर सिंह तंवर |
| बसपा | मुजाहिद हुसैन |

### अमरोहा में त्रिकोणात्मक संघर्ष का फायदा उठाना चाहती भाजपा

- भाजपा त्रिकोणात्मक संघर्ष का फायदा उठाने की जुगत भिड़ा रही है। भाजपा 2019 में अमरोहा सीट पर चुनाव हार गई थी, इसलिए पार्टी इस बार यह सीट जीतने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ना चाहती है। बागपत सीट पर समाजवादी पार्टी ने मनोज चौधरी को प्रत्याशी बनाया है। भाजपा के साथ समझौते में मिली इस सीट पर राष्ट्रीय लोकदल ने राजकुमार सांगवान को उतारा है, तो बसपा ने प्रवीण बैसला को प्रत्याशी बनाया है। तीनों ही दल बड़ी ही मजबूती से यहां समर में उतरे हुए हैं।

प्रदेश में दूसरे चरण में जिन आठ सीटों पर चुनाव होगा, उसमें चार सीटों मेरठ, बागपत, गौतम बुद्ध नगर व अलीगढ़ में समाजवादी पार्टी तथा चार सीटों अमरोहा, गाजियाबाद, बुलंदशहर और मथुरा में कांग्रेस की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। 2019 के चुनाव में इन आठ सीटों में सपा केवल गाजियाबाद लोकसभा सीट पर ही चुनाव लड़ी थी और वह भाजपा से पांच लाख से अधिक मतों से हार गई थी। अबकी के चुनाव में मेरठ और गौतम बुद्ध नगर सीट पर सपा ने तीन बार अपने प्रत्याशी बदले तो बागपत में दो बार प्रत्याशी बदला गया। बार-बार टिकट बदलने से अंदरखाने नेताओं में गुटबाजी व नाराजगी है।

# दूसरे चरण में बसपा का त्रिकोण, सपा की चुनौती प्रत्याशी बदलने से बढ़ी

दिग्विजय सिंह

दूसरे चरण के चुनाव में अगर सिने तारिका हेमा मालिनी के कारण मथुरा सीट पर सबकी निगाहें रहेंगी तो मेरठ लोकसभा सीट सबसे हॉट सीट मानी जा रही है। मेरठ में भाजपा ने अपने वर्तमान सांसद राजेन्द्र अग्रवाल का टिकट काटकर टीवी धारावाहिक रामायण में राम का किरदार अदा करने वाले अरुण गोविल को उम्मीदवार बनाया है। उनके सामने सपा ने मेरठ सीट पर दो बार अपना प्रत्याशी बदला। पहले भानु प्रताप सिंह को टिकट दिया। बाद में भानु प्रताप का टिकट काटकर सपा विधायक अतुल प्रधान को टिकट थमा दिया। प्रधान के नामांकन के बाद उनका टिकट काटकर पूर्व विधायक योगेश वर्मा की पत्नी सुनीता वर्मा को टिकट दे दिया। ऐसे में सपा को इस सीट पर अपनी ही कलह भारी पड़ सकती है। बसपा ने मेरठ सीट पर देवव्रत त्यागी को उतारा है। इस बार अमरोहा सीट भी चर्चा में है। यहां कांग्रेस ने मौजूदा सांसद कुंवर दानिश अली को प्रत्याशी बनाया है। दानिश अली 2019 के चुनाव में बसपा से चुनाव जीते थे। लेकिन कुछ दिन पहले कांग्रेस में शामिल हो गए थे। भाजपा ने कंवर सिंह तंवर को उतारा है। बसपा ने फिर अमरोहा सीट पर मुस्लिम कार्ड खेलते हुए मजाहिद हुसैन को टिकट दिया है। बसपा के मुस्लिम उम्मीदवार उतारने से इंडिया गठबंधन के दानिश अली मुश्किल में फंसते नजर आ रहे हैं।

### मथुरा में हेमा मालिनी की राह फिर दिख रही आसान

- मथुरा सीट पर भी भाजपा ने फिर से हेमा मालिनी पर भरोसा जताया है। हेमा मालिनी का मुकाबला कांग्रेस के मुकेश धनगर और बसपा के सुरेश सिंह से होगा। उनकी राह आसान दिख रही है। पहले कांग्रेस यहां से बॉक्सर विजेंदर सिंह को उतारने वाली थी, लेकिन वह प्रत्याशी घोषित होने से पहले भाजपा में शामिल हो गए थे।

- २०१९ के चुनाव में दूसरे चरण के मतदान वाली आठ सीटों में सपा केवल गाजियाबाद सीट पर ही चुनाव लड़ी थी
- मेरठ व गौतम बुद्ध नगर में सपा ने तीन बार प्रत्याशी बदले, तो बागपत में भी दो बार टिकट बदलने से उपजा असंतोष



### अलीगढ़ और बुलंदशहर में त्रिकोणीय चुनौती

- सपा का साथ मिलने से कांग्रेस मथुरा सीट पर भाजपा को टक्कर देने की उम्मीद कर रही है। अलीगढ़ सीट पर भाजपा ने दोबारा सतीश कुमार गौतम को उम्मीदवार बनाया है। उनके मुकाबले सपा ने चौधरी बिजेंद्र सिंह और बसपा ने हितेंद्र कुमार बंटी को मैदान में उतारा है। बुलंदशहर लोकसभा सीट पर भाजपा के डॉ. भोला सिंह का मुकाबला कांग्रेस के शिवराम वाल्मीकि और बसपा के गिरीश चंद से है। इस सीट पर जानकार त्रिकोणीय मुकाबला होने की संभावना जता रहे हैं।

### बागपत में भाजपा ने झोंकी ताकत


- बागपत सीट रालोद के खाते में होने के बावजूद भाजपा यहां जीत के लिए पूरी ताकत लगा रही है। बात गाजियाबाद लोकसभा सीट की करें तो यहां भाजपा ने जनरल वीके सिंह का टिकट काटकर विधायक अतुल गर्ग को उम्मीदवार बनाया है। यहां अतुल गर्ग का मुकाबला कांग्रेस की डॉली शर्मा से होगा।

### गौतमबुद्ध नगर में भी कलह

- गाजियाबाद के बगल में स्थित गौतमबुद्धनगर सीट भी सपा के टिकट बदलने से कलह में घिरी है। सपा ने इस सीट पर डॉ. महेंद्र सिंह नागर को उम्मीदवार बनाया फिर उनका टिकट काटकर राहुल अवाना को टिकट थमा दिया। बाद में फिर से डॉ. महेंद्र सिंह नागर पर भरोसा जताया। भाजपा ने डॉ. महेश शर्मा को यहां एक बार फिर मैदान में उतारा है, बसपा से राजेंद्र सिंह सोलंकी मैदान में हैं।

### मथुरा और गौतम बुद्ध नगर में 15-15, गाजियाबाद-अलीगढ़ में 14-14 प्रत्याशी

प्रदेश की मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, अमरोहा, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा लोकसभा सीटों पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को वोट पड़ेंगे। दूसरे चरण की आठ सीटों पर कुल 91 प्रत्याशी मैदान में हैं। मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट पर भाजपा के अरुण गोविल सहित आठ प्रत्याशी हैं। बागपत में सात, गाजियाबाद और अलीगढ़ में 14-14, गौतम बुद्ध नगर में 15, बुलंदशहर में छह, अमरोहा सीट पर 12 जबकि मथुरा से भाजपा प्रत्याशी फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी समेत 15 प्रत्याशी हैं।




# पर्चा रद फिर भी सपा का बसपा को समर्थन नहीं

**खजुराहो संसदीय क्षेत्र**

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

**अमृत विचारः** मध्य प्रदेश की खजुराहो सीट इंडिया गठबंधन के लिए मुसीबत बनती जा रही है। यह सीट कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी को दी थी। लेकिन सपा उम्मीदवार का नामांकन रद होने के बाद साझा उम्मीदवार को लेकर दोनों दलों में तकरार सामने आई है। सपा ने पूर्व आईएएस अधिकारी राजा भैया को समर्थन दिया है।

सपा ने बसपा उम्मीदवार कमलेश पटेल को समर्थन देने से मना कर दिया है। जबकि कांग्रेस का तर्क है कि यदि बसपा उम्मीदवार को समर्थन दिया जाए तो प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा की जीत मुश्किल हो जाएगी। सपा ने कहा है कि निर्दलीय राजा भैया को पार्टी इसलिए समर्थन दे रही है क्योंकि राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन में बसपा शामिल नहीं है। किसी एक सीट पर बसपा को समर्थन करना सैद्धांतिक रूप से गलत होगा।

राजा भैया शहडोल में आयुक्त थे। वह बांदा जिले से लगे हुए ग्राम खड्डी के निवासी हैं। उन्हें ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक ने उम्मीदवार बनाया है। लेकिन अब इंडिया गठबंधन का कोई उम्मीदवार न होने की वजह से सपा उनका समर्थन करेगी। जबकि बसपा के कमलेश पटेल ने भी कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी से मुलाकात कर समर्थन मांगा है। कुल मिलाकर सपा, बसपा कांग्रेस में एकजुटता न होने से अब यह सीट बीजेपी के लिए बहुत आसान हो गई है। क्योंकि 14 उम्मीदवारों के बीच मत विभाजन की संभावना है और त्रिकोणीय संघर्ष होगा जिसका लाभ भाजपा को मिलेगा।

### भाजपा को भितरघात का अंदेशा

- भाजपा को यहां पर भितरघात का भी बहुत अंदेशा है। जिसके चलते छतरपुर और पन्ना में नुकसान हो सकता है लेकिन अब यह वोट बसपा और इंडिया गबंधन के साझा उम्मीदवार के बीच विभाजित होगा। भाजपा को दूसरा नुकसान यहां पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं इसी संसदीय क्षेत्र से चार बार सांसद रहीं उमा भारती की चुप्पी से भी है। लेकिन इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार मीरा यादव का नामांकन निरस्त होने के बाद अब भाजपा के लिए यहां ज्यादा दिक्कत नहीं है।
- इसी क्षेत्र के पूर्व बसपा उम्मीदवार अवधेश राठौर ने बसपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद रामजी गौतम से बात करके खजुराहो में कमलेश पटेल की स्थिति को मजबूत बताया है और वह अभी भी इसी प्रयास में है कि बसपा उम्मीदवार को इंडिया गठबंधन का समर्थन मिल जाए।

# मीनाक्षी को चंडीगढ़ से भी निराशा हाथ लगी

नई दिल्ली, ब्यूरो

**अमृत विचार।** नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र से दो बार की सांसद और केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी को चंडीगढ़ संसदीय क्षेत्र से भी निराशा हाथ लगी है। वहां से मौजूदा सांसद किरण खेर का टिकट काटकर संजय टंडन को दिया है। नई दिल्ली से मीनाक्षी का टिकट पहले ही कट चुका था। पश्चिम बंगाल की आसनसोल सीट से भाजपा ने एसएस अहलूवालिया को टिकट दिया है उनका मुकाबला फिल्म अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा से होगा। भाजपा हाई कमान ने बुधवार को ९ उम्मीदवारों की सूची जारी की है। जिसमें चंडीगढ़ की सीट पर सबको यह उम्मीद थी कि यहां से मीनाक्षी लेखी को टिकट मिलेगा क्योंकि मीनाक्षी का चंडीगढ़ और पंजाब से काफी ताल्लुक रहा है। नई दिल्ली से टिकट कटने के बाद उन्होंने चंडीगढ़ से भी टिकट का दावा किया था।

पश्चिम बंगाल की आसनसोल सीट से एसएस अहलूवालिया को उम्मीदवार बनाया है। उनका मुकाबला पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं फिल्म अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा से होगा। अहलूवालिया पहले दार्जिलिंग से सांसद थे। पहले यहां से भोजपुरी गायक पवन सिंह को टिकट दिया गया था पर उन्होंने उसे वापस कर दिया था। उत्तर प्रदेश से बीजेपी ने सात उम्मीदवार घोषित किए हैं। रीता बहुगुणा सहित पांच वर्तमान सांसदों के टिकट काट दिए गए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के पुत्र नीरज बलिया से उम्मीदवार बनाए गए हैं।




**जीत को भरी हुंकार**

बुधवार को मुजफ्फरनगर में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान व संगीत सोम ने उन्हें सम्मानित किया।

### बैतूल में अब सात मई को पड़ेंगे वोट

**भोपाल।** बैतूल लोकसभा सीट से 26 अप्रैल को प्रस्तावित मतदान था लेकिन बसपा के उम्मीदवार अशोक भलावी के निधन के बाद अब यहां इस तिथि पर मतदान नहीं होगा। निर्वाचन आयोग ने नई तिथि की घोषणा कर दी है। अब 12 अप्रैल को चुनाव की अधिसूचना जारी होगी और 19 अप्रैल को बसपा प्रत्याशी अपना नामांकन कर सकते हैं। 20 अप्रैल को नामांकन पत्र की जांच और 22 अप्रैल को नाम वापसी का मौका मिलेगा। अब इस सीट पर तीसरे चरण में सात मई को मतदान होगा।

**सियासत** — मुरादाबाद मंडल में सपा-बसपा का किला ढहाने की कोशिश में जुटी भाजपा

# भाजपा का धुआंधार प्रचार, गठबंधन की नहीं हुई अभी कोई सभा

इरफान अहमद, मुरादाबाद

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के गढ़ रहे मुरादाबाद मंडल की छह लोकसभा सीटों पर इस बार आम चुनाव में भाजपा ने जीत के लिए पूरा जोर लगा रखा है। राष्ट्रीय लोकदल का साथ मिलने से भाजपा को संभावनाएं भी नजर आ रही हैं। मंडल में बिजनौर की नगीना सीट से भाजपा-रालोद के संयुक्त प्रत्याशी ओम कुमार और बिजनौर सीट से रालोद के प्रत्याशी चंदन सिंह चौहान चुनाव मैदान में हैं। इसलिए जयंत चौधरी बिजनौर और अमरोहा में सभाएं कर चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संभल में सभा कर चुके हैं। गृहमंत्री अमित शाह मुरादाबाद में जोश भर गए हैं। रामपुर व बिजनौर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सभाएं कर चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अमरोहा, रामपुर, संभल, बिजनौर और मुरादाबाद में कई सभाएं संबोधित चुके हैं। दोनों उपमुख्यमंत्री कार्यकर्ताओं सम्मेलनों में आ चुके हैं। भाजपा प्रदेश के अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह भी जुटे हैं। इसके मुकाबले सपा, बसपा और कांग्रेस के कार्यक्रम सिर्फ औपचारिक तौर पर हुए हैं। बसपा सुप्रीमो का कोई कार्यक्रम नहीं हुआ है। उनके भतीजे आकाश आनंद जरूर नगीना में सभा कर गए हैं। अखिलेश यादव की अभी कोई सभा नहीं हुई है।

भाजपा की कोशिश राजग गठबंधन को 400 पार ले जाने के लिए यूपी की सभी ८० लोकसभा सीटों पर कमल खिलाने की है। मुकाबले में कांग्रेस-सपा गठबंधन और बसपा है। बात सपा की करें तो रामपुर से सांसद और विधायक रहे आजम खां सीतापुर की जेल में होने के चलते सपा मुखिया अखिलेश यादव अकेले पड़ते दिख रहे हैं। उधर, बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को चुनाव मैदान में उतार कर अपनी जीती हुई सीटों को बचाने के साथ ही सपा की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।



सपा प्रमुख अखिलेश यादव।



बसपा प्रमुख मायावती।

### नगीना में आकाश आनंद ने की पहली जनसभा

आकाश नगीना में बसपा के उम्मीदवार सुरेंद्र पाल के समर्थन में अपने राजनीति करियर की पहली जनसभा कर चुके हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में बसपा के प्रत्याशियों के सामने अमरोहा, बिजनौर की सीटों पर भाजपा के उम्मीदवारों को हार का सामना करना पड़ा था। अमरोहा लोकसभा सीट पर बसपा के टिकट से चुनाव लड़े कुंवर दानिश अली जीते थे। बिजनौर में नगीना सीट से बसपा के गिरीश चंद्र और बिजनौर सीट से मलूक नागर के सामने भाजपा उम्मीदवारों को हार का समना करना पड़ा था। इस बार बसपा ने अमरोहा और बिजनौर की दोनों सीटों पर अपने प्रत्याशी बदले हैं। दानिश अली बसपा से निष्कासित होने पर कांग्रेस का हाथ थामकर चुनाव लड़ रहे हैं तो बसपा ने मुसाहिद चौधरी को टिकट थमाया है। इन दोनों प्रत्याशियों के बीच मुसलमान और जाटव वोटरों का बिखराव होने पर भाजपा के कंवर सिंह तंवर की राह आसान होती दिख रही है। बिजनौर सीट पर सपा ने युवा चेहरे पर दांव लगाया है। नूरपुर सीट से सपा विधायक रामअवतार सैनी के बेटे दीपक सैनी सपा के प्रत्याशी हैं।

### बसपा और सपा ने बदले अधिकतर प्रत्याशी

लोकसभा चुनाव में मंडल की कई सीटों पर सपा और बसपा ने अपने पुराने व मौजदा सांसदों को टिकट नहीं दिया। दोनों पार्टियों ने नए चेहरों पर भरोसा जताया है। बसपा ने नगीना से सांसद गिरीश चंद्र और बिजनौर से सांसद मलूक नागर, अमरोहा से सांसद कुंवर दानिश अली का टिकट काटा है। सपा ने भी मुरादाबाद, रामपुर, संभल, बिजनौर की दों सीटों पर अपने प्रत्याशी बदले हैं। हालांकि गठबंधन होने पर अमरोहा की सीट कांग्रेस के खाते में गई है। गठबंधन की वजह से रामपुर में नवाब खानदान इस लोकसभा चुनाव से दूर हो गया है। हालांकि सपा-कांग्रेस का गठबंधन नहीं होने तक नवाब घराने की बहू बेगम नूरबानो मजबूती से चुनाव लड़ रही थीं। वह जिताऊ प्रत्याशी मानी जा रही थीं। लेकिन गठबंधन होने से वह प्रत्याशी नहीं बन सकीं।

### रामपुर और संभल में सपा ने उतारे नए चेहरे

- रामपुर और संभल में स्थिति कुछ अलग है। यहां सपा ने भाजपा को टक्कर देने के लिए दो नए चेहरों पर दांव खेला है। रामपुर में नामांकन के अंतिम समय तक अखिलेश यादव और आजम खां के बीच प्रत्याशी को लेकर सहमति नहीं बन सकी थी। हालांकि बाद में रामपुर के ही रहने वाले मौलाना मोहिबुल्लाह को प्रत्याशी बनाया गया। वह राजनीति में नए हैं। उनका सामना भाजपा के मौजूदा सांसद घनश्याम सिंह लोधी से है।
- संभल में सपा ने सांसद डॉ. शफीकुर्रमान बर्क का निधन होने पर उनके विधायक पौत्र जियाउर्रमान बर्क को टिकट दिया गया। वह भाजपा के अनुभवी नेता परमेश्वर सैनी के सामने करियर का पहला लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। मुरादाबाद सीट पर सपा ने प्रत्याशी बदला है। सांसद डॉ. सैयद तुफैल हसन का टिकट काटकर बिजनौर की रहने वाली रुचि वीरा को प्रत्याशी बनाया है। रुचि वीरा का मुकाबला भाजपा के दिग्गज नेता कुंवर सर्वेश सिंह से है। सर्वेश सिंह मुरादाबाद की राजनिति में बड़ा नाम है। लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्हें सपा के एसटी हसन ने हराया था।

## लखनऊ मंडी

| अनाज (प्रति क्वि.) | |
|---|---|
| गेहूं (आरआर 21) | 2360–2800 |
| गेहूँ (के 65) | 3500–3800 |
| बाजरा | 2200–2300 |
| मक्का | 2700–2800 |
| जौ | 2900–3000 |
| चावल सेल्हा | 2800–3100 |
| चावल बासमती | 7000–8000 |
| चावल मोटा | 2800–3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200–3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800–5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600–8600 |
| चावल राजरानी | 7000–7500 |
| चना देशी | 6800–7000 |
| चना फार्मी | 7200–7500 |
| चना काबली | 14500–17000 |
| मटर हरा | 6000–6200 |
| मटर सफेद | 6100–6500 |
| दाल चना | 8000–8400 |
| दाल मटर | 6400–6500 |
| उड़द हरा | 12000–12500 |
| उड़द काला | 9000–9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500–16000 |
| दाल उड़द काली | 10500–11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000–12500 |
| मूँग खड़ा | 10000–10500 |
| मूँग दाल | 10500–11000 |
| मूँग धोवा | 12000–13000 |
| मसूर | 8800–9000 |
| मलका | 9000–9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000–17000 |
| दाल स्पेशल | 13000–14000 |
| राज्मा सफेद | 13000–14000 |
| राज्मा काला | 11500–12500 |
| मूँगफली का दाना | 11000–12000 |
| अलसी | 5310–5510 |
| लाही | 4800–5200 |
| काली सरसों | 4900–5300 |
| पीली सरसों | 5600–5800 |
| तेल सरसों (प्रति 15) | 1475–1900 |
| तेल अलसी | 2600–2700 |
| तेल तिल्ली | 2600–2700 |
| मूँगफली रिफाइन्ड | 3400–3500 |
| तेल नारियल | 2700–2800 |
| तेल सोयाबीन | 1650–1700 |
| बावर्ची | 1900 |
| रथ | 1950 |
| चीनी (एम 30) | 4250 |

## मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक– 1010, फ्लैग– 1110, बोल्ड– 1160, डीएमओ– 890
रामपुर : शिवालिक–1000, फ्लैग– 1110, डीएमओ–890, बोल्ड–1170

## सर्राफा

| कानपुर | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | ....... |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73750 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 55000–55200 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 73,650 |
| सोना रवा | 73,500 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 81,300 |
| चांदी (999) | 81,200 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 73000 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 72000 |
| सिल्वर (पक्की) | 800 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,900 |
| चांदी आभूषण | 80,800 |

### हार्टेक पावर को 474 करोड़ की सौर परियोजना का मिला ठेका

**नई दिल्ली।** हार्टेक पावर को राजस्थान में 300 मेगावाट की सौर परियोजना के विकास के लिए 474 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। कंपनी ने कहा, एक प्रमुख वैश्विक नवीकरणीय स्वतंत्र बिजली उत्पादक से यह ठेका मिला है। परियोजना में राजस्थान में 1,209 एकड़ में फैले 300 मेगावाट के 'ग्राउंड-माउंट' सौर पीवी बिजली संयंत्र शामिल है। कंपनी हार्टेक समूह की बिजली प्रणाली व नवीकरणीय ढांचा शाखा है। हार्टेक की स्थापना 1991 में की गई थी। यह सबसे तेजी से बढ़ती कंपनियों में से एक है जो इंजीनियरिंग, निर्माण, नवीकरणीय ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, ईंधन और विनिर्माण क्षेत्र में सेवाएं प्रदान करती हैं।

# 'कलेक्टिव न्यूजरूम' के साथ बीबीसी का पुनर्गठन पूरा

## भाषा आधारित कंटेंट को बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया का लिया स्थान

**नयी दिल्ली/लंदन, एजेंसी**




भारत के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नियमों के अनुपालन के लिए ब्रिटेन की मीडिया कंपनी ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) का पुनर्गठन एक स्वतंत्र इकाई 'कलेक्टिव न्यूजरूम' की शुरुआत के साथ पूरा हो गया है। बीबीसी इसकी पहली ग्राहक है।

भारतीय के स्वामित्व वाली कलेक्टिव न्यूजरूम ने भाषा आधारित कंटेंट (सामग्री) उपलब्ध कराना जारी रखने के लिए बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया का स्थान लिया है। पुनर्गठन के तहत, प्रसारणकर्ता लंदन में मुख्यालय वाले अपने अंग्रेजी भाषा के डिजिटल, टेलीविजन और रेडियो खंड के लिए भारत में समाचार एकत्र करने वाली टीम को बनाए रखेगा। यह कदम कथित एफडीआई उल्लंघनों के मामले में पिछले साल फरवरी में भारत में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और कर अधिकारियों द्वारा बीबीसी के कार्यालयों पर तलाशी अभियान के करीब एक साल बाद उठाया गया है।

कलेक्टिव न्यूजरूम की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रूपा झा ने कहा कि मैं रोमांचित हूं कि कलेक्टिव न्यूजरूम ने आधिकारिक तौर पर सबसे विश्वसनीय, रचनात्मक और साहसी पत्रकारिता के लिए एक स्पष्ट, महत्वाकांक्षी मिशन शुरू किया है। कलेक्टिव न्यूजरूम ने कहा कि वह अपने पहले ग्राहक बीबीसी के लिए कार्यक्रम और कंटेंट तैयार करेगी लेकिन भारत व दुनियाभर के अन्य समाचार प्रदाताओं के लिए भी कंटेंट तैयार करने के लिए उपलब्ध है। कलेक्टिव न्यूजरूम के निदेशकों में मुकेश शर्मा, संजय मजूमदार और सारा हसन शामिल हैं।

## एनआईआईएफ ने आईबस में किया 20 करोड़ डॉलर का निवेश

**मुंबई।** नेशनल इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (एनआईआईएफ) ने डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर प्लेयर आईबस नेटवर्क एंड इंफ्रास्ट्रक्चर में 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर (करीब 1,660 करोड़ रुपये) के निवेश की बुधवार को घोषणा की।

बयान के अनुसार, आईबस अपनी क्षमताओं का विस्तार करने के लिए परिचालन बढ़ाने और अधिग्रहण के जरिए वृद्धि को गति देने को लेकर कोष का इस्तेमाल करेगी। एनआईआईएफ ने अपने 'मास्टर फंड' से कंपनी में निवेश किया है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी (समूह) राम सेल्लारत्नम ने कहा, हम सही निवेश साझेदार की तलाश में थे। मास्टर फंड के मुख्य कार्यकारी विनोद गिरी ने कहा कि यह इंफ्रास्ट्रक्चर फंड द्वारा आठवां और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में दूसरा निवेश है।

# मॉल, व्यावसायिक में खुदरा की मांग 15% तक हो सकती है कम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- सीबीआरई ने रिपोर्ट में कहा 2024 में खुदरा स्थान का पट्टा 60-65 लाख वर्ग फुट के बीच रहने का अनुमान

शॉपिंग मॉल और व्यावसायिक (हाई-स्ट्रीट) क्षेत्र में खुदरा स्थानों की मांग इस साल 15 प्रतिशत तक घट सकती है। कैलेंडर वर्ष 2023 में यह रिकॉर्ड 71 लाख वर्ग फुट रही थी। रियल एस्टेट सलाहकार सीबीआरई ने अपनी रिपोर्ट '2024 इंडिया मार्केट आउटलुक' में 2024 में खुदरा स्थान का पट्टा 60-65 लाख वर्ग फुट के बीच रहने का अनुमान लगाया है।

रिपोर्ट के अनुसार, देश के आठ प्रमुख शहरों में शॉपिंग मॉल और व्यावसायिक (हाई-स्ट्रीट) क्षेत्र में खुदरा स्थान का पट्टा 2023 में 48 प्रतिशत बढ़कर 71 लाख वर्ग फुट रहा था जबकि कैलेंडर वर्ष 2022 में यह 48 लाख वर्ग फुट था। सीबीआरई के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (भारत, दक्षिण-पूर्व एशिया, पश्चिम एशिया तथा अफ्रीका) अंशुमन मैगजीन ने कहा कि मजबूत उपभोक्ता मांग से भारत के खुदरा क्षेत्र में 2023 में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। 2024 को देखते हुए, खुदरा विक्रेता और उपभोक्ता दोनों सावधानी बरत रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहां बड़े शहर प्रमुख विस्तार केंद्र बने हुए हैं, वहीं मझोले बाजार नई कंपनियों को आकर्षित कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में खुदरा श्रेणियों के बीच 'होम डेकोर' (घर सजावट) खंड का ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह विस्तार होने की संभावना है।

# मार्च में इक्विटी म्यूचुअल फंड में आया 22,633 करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**




इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश मार्च में एक महीने पहले की तुलना में 16 प्रतिशत घटकर 22,633 करोड़ रुपये रहा है। म्यूचुअल फंड कंपनियों के निकाय एम्फी ने मार्च महीने के आंकड़े जारी किए।

आंकड़ों के मुताबिक, इक्विटी फंड में शुद्ध प्रवाह का सिलसिला लगातार 37वें महीने यानी मार्च में भी जारी रहा। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के मुताबिक, म्यूचुअल फंड उद्योग ने कुल मिलाकर फरवरी में 1.2 लाख करोड़ रुपये का प्रवाह देखा गया था, जबकि मार्च में 1.6 लाख करोड़ रुपये की बड़ी निकासी हुई। इस निकासी की बड़ी वजह यह रही कि ऋण-आधारित म्यूचुअल फंड योजनाओं में 1.98 लाख करोड़ रुपये की निकासी की गई। आंकड़ों के मुताबिक, इक्विटी-आधारित म्यूचुअल फंड योजनाओं में मार्च में 22,633 करोड़ रुपये का प्रवाह देखा गया जबकि फरवरी में यह 26,866 करोड़ रुपये था।

## एनएसई ने मुखिया के डीपफेक वीडियो पर निवेशकों को किया सजग

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने अपने प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आशीष कुमार चौहान के उस डीपफेक वीडियो को लेकर निवेशकों को आगाह किया है जिसमें वह कथित तौर पर कुछ शेयरों की सिफारिश करते हुए नजर आ रहे हैं।

एनएसई ने बुधवार को कहा कि प्रौद्योगिकी का दुरुपयोग कर बनाए गए कुछ निवेश एवं सलाह संबंधी ऑडियो-वीडियो क्लिप में चौहान के चेहरे एवं आवाज और एनएसई के प्रतीक चिह्न का इस्तेमाल किया गया है। एक्सचेंज ने कहा कि ऐसा लगता है कि ऐसे वीडियो चौहान की आवाज और चेहरे के भावों की नकल करने के लिए परिष्कृत प्रौद्योगिकी की मदद से बनाए गए हैं। डीपफेक का आशय कृत्रिम मेधा (एआई) का इस्तेमाल कर किसी व्यक्ति को गलत ढंग से पेश करना है। इसमें हेराफेरी के जरिए किसी व्यक्ति को ऐसी हरकत करते हुए या ऐसी बात कहते हुए दिखाया जाता है जो उसने कभी कहा और किया ही नहीं है। इस तरह गलत सूचना फैलने और प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचने का खतरा होता है।




## राष्ट्रीय

## एक नजर

### भावनगर में ट्रेन की टिकट चेकिंग से वसूले 5.04 लाख

**भावनगर।** पश्चिम रेलवे में गुजरात के भावनगर मंडल ने मात्र एक ट्रेन की टिकट चेकिंग से 5.04 लाख रुपये वसूल किए हैं। मंडल रेल प्रवक्ता ने बताया कि टिकट जांच टीम द्वारा ट्रेन नंबर 12941 भावनगर–आसनसोल सुपरफास्ट ट्रेन में हाल ही में विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया, जिसमें कुल सात कर्मचारियों ने मिलकर 627 मामलों में जुर्माना सहित 503750 रुपये प्राप्त किए है। पश्चिम रेलवे के भावनगर मंडल पर ट्रेनों में बिना टिकट/अनियमित टिकटों पर यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार गहन टिकट जांच अभियान चलाए जा रहे हैं। भावनगर मंडल पर मंडल रेल प्रबंधक रवीश कुमार के दिशा–निर्देशों के अनुसार वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक माशूक अहमद एवं सहायक वाणिज्य प्रबंधक कल्पेश जी दवे की निगरानी में विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

### महिला कलाकारों ने 100 मधुबनी पेंटिंग में पूरी रामायण चित्रित की

**नई दिल्ली।** बिहार के मिथिला क्षेत्र के लोगों की मान्यता है कि राजा जनक ने अपनी बेटी सीता के भगवान राम के साथ विवाह का जश्न मनाने के लिए राज्य के कलाकारों और नागरिकों से दीवारों पर तस्वीरें बनाने के लिए कहा था। मधुबनी कला केंद्र की संस्थापक मनीषा झा ने कहा कि वर और वधू के विवाह की तस्वीरें चटक रंगों से बनाने की परंपरा से मथिला कला का जन्म हुआ जिसे मधुबनी पेंटिंग भी कहते हैं। हिंदू महाकाव्य रामायण की कहानियों और घटनाओं को दर्शाने वाली ऐसी करीब 100 पेंटिंग यहां ललित कला अकादमी की एक प्रदर्शनी में प्रदर्शित की गई हैं। मधुबनी कला केंद्र और अकादमी द्वारा आयोजित प्रदर्शनी 'मिथिला रामायण' में बिहार की अनुभवी और युवा महिला कलाकारों की कला को प्रदर्शित किया गया है और इसे मूर्त रूप देने में झा को 20 साल का समय लगा।

### नाबालिग गर्भवती को कोर्ट ने दी सरकारी अस्पताल में उपचार कराने की अनुमति

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने बुधवार को एक 17 वर्षीय गर्भवती लड़की को मुंबई के सरकारी जेजे अस्पताल में इलाज कराने की अनुमति दी। लड़की को कुछ अस्पतालों ने चिकित्सा सहायता देने से इनकार कर दिया था। लड़की ने अपनी मां के माध्यम से उच्च न्यायालय में दायर की गई याचिका में कहा कि अस्पतालों ने इसलिए उसका इलाज करने से इनकार कर दिया क्योंकि वह उस लड़के के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराना चाहती है जिसके साथ उसके संबंध थे। याचिका में कहा गया है कि लड़की और लड़के के बीच सहमति से संबंध थे। लड़के की उम्र भी 17 वर्ष है। याचिका में कहा गया कि चिकित्सकीय उपचार से इनकार लड़की के उन मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है जो संविधान में दर्ज हैं। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि लड़की शुक्रवार तक अपने वकील के माध्यम से आपात पुलिस रिपोर्ट के रूप में अपना बयान प्रस्तुत करे। अदालत ने उसे सरकारी जेजे अस्पताल में उपचार कराने की अनुमति दी।

### कर्नाटक हाईकोर्ट ने 'खतरनाक कुत्तों' पर पाबंदी वाले केंद्र के निर्देश को पलटा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने कुत्तों की कुछ नस्लों के आयात, प्रजनन और बिक्री पर प्रतिबंध लगाने वाले केंद्र सरकार के निर्देश को बुधवार को पलट दिया। पशुपालन मंत्रालय के अंतर्गत एक विशेषज्ञ समिति ने कुत्तों की कुछ नस्लों को खतरनाक करार दिया है। अदालत ने इस तरह की पाबंदी लागू करने से पहले पशु पालकों और प्रासंगिक संगठनों से संपर्क करने के महत्व को उजागर किया। नस्लों की एक विस्तृत श्रृंखला को प्रतिबंधित किया गया है जिनमें आमतौर पर बैन डॉग या बैंडोग, रॉटवीलर और टेरियर्स के रूप में संदर्भित नस्लें शामिल हैं।

## प्रधानमंत्री का द्रमुक पर हमला, बोले- घृणा और विभाजनकारी राजनीति करती है यह पार्टी

# भ्रष्टाचार का दूसरा नाम द्रमुक : नरेन्द्र मोदी

**वेल्लोर (तमिलनाडु), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) पर तीखा हमला बोलते हुए उस पर घृणा और विभाजनकारी राजनीति में लिप्त होने, भ्रष्टाचार का पर्याय होने और राज्य के विकास की कोई चिंता नहीं करने का आरोप लगाया।

लोकसभा चुनाव के तहत 19 अप्रैल को होने वाले मतदान से पहले राज्य के वेल्लोर और मेट्टुपलयम में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कांग्रेस की भी कड़ी आलोचना की तथा उसे और द्रमुक को पारिवारवादी दल बताया। उन्होंने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर द्रमुक को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि इस मुद्दे पर पहला कॉपीराइट सत्तारूढ़ पार्टी के पास है तथा मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के परिवार का इरादा राज्य को लूटने का है। उन्होंने द्रमुक पर एक पारिवारिक कंपनी होने का आरोप लगाया, जो पुरानी सोच के कारण राज्य के युवाओं की प्रगति में बाधा बन रही है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार करते हुए उन्होंने वेल्लोर की रैली में कहा, भ्रष्टाचार पर द्रमुक का पहला कॉपीराइट है, पूरा परिवार तमिलनाडु को लूट रहा है।


तमिलनाडु में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करते नेतागण। ● एजेंसी

द्रमुक पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि इसके तीन मानदंड हैं- पारिवारिक राजनीति, भ्रष्टाचार और तमिल संस्कृति का विरोध। उन्होंने कहा कि द्रमुक लोगों को भाषा, क्षेत्र, धर्म और जाति के आधार पर बांटती है। वह जानती है कि जिस दिन लोग इसे पहचान जाएंगे, उसे एक भी वोट नहीं मिलेगा। मैंने द्रमुक की दशकों पुरानी खतरनाक राजनीति का पर्दाफाश करने का फैसला किया है। मोदी ने आरोप लगाया कि एक तरफ देश मेक इन इंडिया पहल के साथ प्रगति कर रहा है लेकिन द्रमुक उन लोगों के साथ खड़ी है जो देश में निवेश को खत्म करना चाहते हैं। मोदी ने कांग्रेस पर भेदभाव और बंटवारे का खतरनाक खेल खेलने का आरोप लगाया और कहा कि यही काम तमिलनाडु में द्रमुक करती है।

उन्होंने दावा किया कि केंद्र सरकार ने तमिलनाडु में करोड़ों घरों में पाइप से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की है लेकिन सत्तारूढ़ द्रमुक ने इसे पार्टी के कार्यकर्ताओं या मतदाताओं के लिए प्राथमिकता दी। द्रमुक ने हमेशा नफरत और विभाजनकारी राजनीति की है। मैं विश्वास दिलाता हूं कि राजग अपने तीसरे कार्यकाल में कोंगू क्षेत्र के विकास के लिए और अधिक उत्साह के साथ काम करेगा। तमिलनाडु के पश्चिमी क्षेत्र को कोंगु क्षेत्र कहा जाता है। द्रमुक और 'इंडी' गठबंधन के घटक दल तुष्टीकरण के अलावा कुछ नहीं कर रहे हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने लॉटरी किंग सेंटियागो के धनशोधन मामले पर लगाई रोक

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- ईडी के मामले की सुनवाई के स्थगन के अनुरोध को भी विशेष अदालत ने कर दिया था खारिज

उच्चतम न्यायालय ने 'लॉटरी किंग' सेंटियागो मार्टिन के खिलाफ एक विशेष अदालत में जारी धनशोधन के एक मामले की कार्यवाही पर बुधवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने मार्टिन की याचिका पर नोटिस जारी किया, जिसमें केरल के एर्नाकुलम में एक विशेष पीएमएलए अदालत के 16 मार्च के आदेश को चुनौती दी गई थी।

इस आदेश में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज धनशोधन के एक मामले में सुनवाई के स्थगन संबंधी उनकी याचिका को खारिज कर दिया गया था। मार्टिन की ओर से पेश वरिष्ठ वकील आदित्य सोंढी और वकील रोहिणी मूसा ने दलील दी कि विशेष अदालत को इस पर विचार करना चाहिए था कि धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) मामले में सुनवाई मूल मामले में मुकदमे के समाप्त होने के बाद ही शुरू हो सकती है। विशेष अदालत ने 16 मार्च को मार्टिन की उस अर्जी को खारिज कर दिया था जिसमें ईडी के मामले की सुनवाई के स्थगन का अनुरोध किया गया था। मार्टिन ने सीबीआई की ओर से दाखिल आरोपपत्र विधेय (मूल) मामला है जिसके आधार पर ईडी ने उसके और अन्य के खिलाफ धनशोधन का मामला दर्ज किया है। ईडी आमतौर पर सीबीआई और आयकर विभाग जैसी संबंधित केंद्रीय एजेंसियों द्वारा भ्रष्टाचार या कर चोरी के मामलों में की गई प्राथमिकी या जांच के आधार पर धनशोधन का मामला दर्ज करता है।

## मलाप्पुरम में मंदिर बना हिंदू मुस्लिम सद्भावना की मिसाल

**मलाप्पुरम (केरल), एजेंसी**

केरल के मुस्लिम बहुल मलाप्पुरम में सदियों पुराना मंदिर हिंदू-मुस्लिम सद्भावना की मिसाल पेश कर रहा है जिसके जीर्णोद्धार में मुस्लिम समुदाय से खुलकर दान दिया और अब मंदिर में स्थापित देवी की नई प्रतिमा की अगले महीने प्राण प्रतिष्ठा होगी।

एक अधिकारी ने बताया कि कोंडोट्टी के मुथुवल्लूर स्थित 400 साल पुराने श्रीदुर्गा भगवती मंदिर के जीर्णोद्धार में हिंदुओं और मुस्लिमों ने कंधे से कंधा मिलाकर काम किया है। मंदिर प्रशासन ने बताया कि मंदिर के जीर्णोद्धार पर अब तक करीब 50 लाख रुपये खर्च किए गए हैं और इनमें से करीब आधी राशि मुस्लिम समुदाय ने दान में दी है। जीर्णोद्धार के पहले चरण का काम पूरा हो गया है और 173 सेंटीमीटर लंबी देवी दुर्गा की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा के लिए सात मई को तीन दिवसीय समारोह का आयोजन किया जाएगा।

### केरल में चर्च ने ईद की नमाज के लिए अपने द्वार खोले

**मलप्पुरम (केरल)।** सांप्रदायिक सौहार्द को बढ़ावा देने वाले एक कदम के तहत केरल के मलप्पुरम जिले में एक चर्च ने बुधवार को अपने द्वार खोल दिए ताकि उसके परिसर में मुसलमान ईद की नमाज अदा कर सकें। मंजेरी स्थित निकोलस मेमोरियल सीएसआई चर्च के विशाल मैदान में बुधवार सुबह सैकड़ों मुस्लिम एकत्र हुए। वे संयुक्त ईद समिति, मंजेरी द्वारा आयोजित ईद की नमाज में भाग लेने के लिए एक साथ आए थे। ईद की नमाज के लिए चर्च के दरवाजे खोलने का फैसला उस सरकारी स्कूल के मैदान को बंद किए जाने के कारण लिया गया, जहां आमतौर पर मुस्लिम ईद की नमाज अदा करते थे। स्कूल का मैदान आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों के सिलसिले में बंद किया गया है।

## माकपा के 80 अघोषित खाते व 100 अचल संपत्तियां

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- ईडी ने निर्वाचन आयोग को लिखा पत्र केरल की सत्तारूढ़ पार्टी के खिलाफ धनशोधन जांच में सच आया सामने

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर दावा किया है कि धनशोधन से संबंधित जांच में पाया गया है कि केरल में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के पास लगभग 80 अघोषित बैंक खाते और लगभग 100 अघोषित अचल संपत्तियां हैं।

संघीय जांच एजेंसी ने कहा कि त्रिशूर स्थित करुवन्नूर सेवा सहकारी बैंक से संबंधित जांच के दौरान उसे इन संपत्तियों का पता चला, जिसमें उसने माकपा विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री ए सी मोइदीन से पूछताछ की थी। आधिकारिक सूत्रों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि एजेंसी ने निर्वाचन आयोग को सूचित किया है कि पार्टी करीब 80 अघोषित बैंक खातों से संबद्ध है, जिनमें करीब 25 करोड़ रुपये जमा हैं। ईडी ने दावा किया है कि इन बैंक खातों में मिली जमा राशि मुख्य रूप से नकदी में भेजी गई थी। इसने चुनाव आयोग को यह भी सूचित किया है कि पार्टी के पास त्रिशूर जिले में कार्यालय भवनों के रूप में लगभग 100 अघोषित अचल संपत्तियां हैं। एजेंसी ने चुनाव आयोग को दी गई अपनी रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि इन बैंक खातों और कार्यालयों का इस्तेमाल माकपा द्वारा राजनीतिक गतिविधियों के लिए किया जा रहा है। एजेंसी को संदेह है कि इन चल और अचल संपत्तियों की जानकारी पार्टी द्वारा जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार निर्वाचन आयोग और आयकर विभाग को नहीं दी गई है। सूत्रों ने कहा कि चुनाव आयोग ने आयकर विभाग के प्रशासनिक प्राधिकरण केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड को ईडी द्वारा उसे बताए गए इन आरोपों की जांच करने का निर्देश दिया है।

# शांति, समृद्धि और प्रगति भाजपा का वादा

**ईटानगर, एजेंसी**

- अरुणाचल विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का घोषणापत्र जारी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू और प्रदेश अध्यक्ष बियूराम वाहगे के साथ बुधवार को राज्य विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का संकल्प पत्र (घोषणापत्र) जारी किया। अरुणाचल प्रदेश में भाजपा के लोकसभा चुनाव प्रभारी एवं असम के मंत्री अशोक सिंघल भी मौजूद थे।

नड्डा ने विकसित अरुणाचल प्रदेश के लिए घोषणापत्र का अनावरण करते हुए कहा कि यह सिर्फ एक दस्तावेज नहीं है, बहुत अच्छी तरह से विचार-विमर्श के बाद बनाया गया दस्तावेज है, जिसमें उन सभी चीजों के बारे में विस्तार से बताया गया है, जो हम अगले पांच वर्षों में अरुणाचल प्रदेश को एक विकसित राज्य बनाने के लिए करने जा रहे हैं। उन्होंने खांडू के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की विभिन्न उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मुझे यह कहते हुए गर्व महसूस हो रहा है कि अरुणाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री पेमा खांडू के नेतृत्व में तथा प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और समर्थन में पिछले पांच वर्षों में बहुत सकारात्मक बदलाव आया है।


अरुणाचल प्रदेश में जनसभा को संबोधित करते भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ● एजेंसी

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पूर्वोत्तर से तुलना करते हुए कहा कि मोदी के सत्ता में आने से पहले, पूर्वोत्तर एक अलग भूमि थी, जो बंद संस्कृति, नाकाबंदी, उग्रवाद, अपहरण, लक्षित हत्या और लक्षित हमलों से त्रस्त थी- हम पूर्वोत्तर के बारे में यही जानते थे। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले 'उपेक्षित' रहे पूर्वोत्तर में उग्रवाद में 80 प्रतिशत की कमी देखी गयी है, और सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (अफस्पा) के तहत आने वाले क्षेत्रों को घटाकर 66 प्रतिशत कर दिया गया है। नड्डा ने कहा, घोषणापत्र प्रधानमंत्री के अष्ट लक्ष्मी के दृष्टिकोण- शांति, आत्मनिर्भरता के लिए बिजली उत्पादन, अरुणाचल को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन स्थल बनाने, 5जी कनेक्टिविटी, प्राकृतिक खेती, खेल और राज्य की क्षमता को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए तैयार किया गया है। हमारा लक्ष्य शांति, समृद्धि और प्रगति है।

### विपक्षी गठबंधन भ्रष्ट नेताओं से भरा : नड्डा

**दोईमुख (अरुणाचल प्रदेश)।** विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडी) पर कटाक्ष करते हुए भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने बुधवार को इसे 'घमंडिया' गठबंधन करार दिया, जो भ्रष्ट नेताओं से भरा हुआ है। यहां चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा विपक्षी गठबंधन वास्तव में अहंकारी लोगों का गठबंधन है जो भ्रष्टाचार और वंशवाद की राजनीति में लिप्त हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जहां भ्रष्टाचार के खिलाफ हैं, वहीं विपक्षी गुट के कई नेता घोटालों में लिप्त हैं।

## खेल डायरी

### सिधू जीतीं, सेन और श्रीकांत पहले दौर में हारे

**निंगबो।** अनुभवी भारतीय खिलाड़ी पीवी सिंधू मुश्किल परिस्थितियों से पार पाकर बुधवार को बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के महिला एकल के दूसरे दौर में पहुंचने में सफल रहीं तो वहीं पुरुष एकल वर्ग में लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत का सफर हार के साथ खत्म हो गया। सिंधू ने मलेशिया की दुनिया की 33वें नंबर की खिलाड़ी गोह जिन वेई के खिलाफ निर्णायक गेम में पांच अंकों की बढ़त को लगभग गंवाने के बाद 18-21, 21-14, 21-19 से जीत दर्ज की। सिंधू इस खिलाड़ी के खिलाफ सुदीरमन कप में खेले गये पिछले मुकाबले को हार गयी थीं।

### आनंदी ने यूरोचैलेंज सेलिंग स्पर्धा में कांस्य जीता

**मुंबई।** भारत की 15 वर्षीय आनंदी नंदन चंदावरकर ने इटली में आयोजित ओपन स्किफ यूरोचैलेंज सेलिंग (नौकायन) प्रतियोगिता मिश्रित वर्ग में कांस्य पदक जीतने के साथ लड़कियों की अंडर-17 वर्ग की स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में अंडर-15 और अंडर-17 आयु वर्ग में 130 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। इस प्रतियोगिता का आयोजन पांच से सात अप्रैल तक सिरकोलो वेला अरको के गार्डा ट्रेनटिनो में हुआ था। इसमें 10 देशों से लगभग 200 नौकायन खिलाड़ियों ने भाग लिया।

### गुकेश को नेपोम्नियाश्चि के साथ संयुक्त बढ़त

**टोरंटो।** ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने अजरबैजान के निजात अबासोव को हराकर रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि के साथ संयुक्त बढ़त हासिल कर ली है और फिडे शतरंज टूर्नामेंट के पांचवें दौर में जीत दर्ज करने वाले वह इकलौते भारतीय बने। सत्रह वर्ष के गुकेश और नेपोम्नियाश्चि 3-5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं जबकि अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त फेबियानो कारूआना उनसे आधा अंक पीछे हैं। अमेरिका के हिकारू नकामूरा ने फ्रांस के फिरोजा अलीरजा को हराया जबकि भारत के आर प्रज्ञानानंदा ने नेपोम्नियाश्चि के साथ ड्रॉ खेला। विदित गुजराती ने कारूआना के साथ ड्रॉ खेला।

### नीरज चोपड़ा पावो नूरमी खेलों में भाग लेंगे

**नयी दिल्ली।** सुपरस्टार भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा 18 जून को फिनलैंड के तुर्कू में प्रतिष्ठित पावो नूरमी खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे, जहां उन्हें जर्मनी के 19 वर्षीय मैक्स डेह्निंग से कड़ी चुनौती मिल सकती है। यह जानकारी पावो नूरमी खेलों के आयोजकों ने दी। डेह्निंग हाल ही में 90 मीटर की बाधा पार करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने हैं। छब्बीस साल के चोपड़ा 10 मई को दोहा डायमंड लीग मीट से अपने सत्र की शुरुआत करेंगे। उन्होंने पावो नूरमी खेलों के 2022 सत्र में 89 .30 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता था। यह उनके करियर का दूसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो है।

### बिली जीन किंग कप टेनिस: भारत चीन से 0-3 से हारा

**चांगशा (चीन)।** भारतीय महिला टेनिस टीम को बुधवार को यहां बिली जीन किंग कप के ग्रुप चरण मैच में चीन से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। सहजा यमलापल्ली को एक घंटे और 33 मिनट तक चले शुरुआती मुकाबले में विश्व रैंकिंग में 43वें स्थान पर काबिज जिन्यू वांग से 2-6, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा। एकल वर्ग के दूसरे मैच में अंकिता रैना को दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी क्विनवेन झेंग ने 6-0, 6-0 से मात दी। रुतुजा भोसले और प्रार्थना थेंबारे की जोड़ी को हानयू गो और शियू वांग की जोड़ी ने 56 मिनट तक चले एकतरफा मुकाबले में 6-1, 6-1 से हराया।

### फार्मूला ई को भारत के लिए नया मीडिया साझेदार मिला

**लंदन।** फार्मूला ई ने बुधवार को भारतीय उपमहाद्वीप में इलेक्ट्रिक रेसिंग श्रृंखला के सभी दौर प्रसारित करने के लिए सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया के साथ तीन साल की मीडिया साझेदारी की घोषणा की। एसपीएनआई चैंपियनशिप के 10वें सत्र की सभी रेस को अपने टेलीविजन चैनलों के नेटवर्क पर प्रसारित करेगा और प्रशंसक स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म 'सोनी लिव' पर भी इसे देख सकेंगे। फार्मूला ई ने एक बयान में कहा, ''फार्मूला ई के 10वें रेसिंग सत्र का सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर पूरे भारत में सीधा प्रसारण किया जाएगा, जिसकी कवरेज अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका तक होगी।''

### स्वर्ण विजेताओं को मिलेंगे 50,000 डॉलर

**मोनाको।** पेरिस ओलंपिक में ट्रैक एवं फील्ड की 48 स्पर्धाओं के स्वर्ण पदक विजेताओं को विश्व एथलेटिक्स (डब्ल्यूए) ने पहली बार 50,000 डॉलर (41.60 लाख रुपये) की पुरस्कार राशि देने की बुधवार को घोषणा की। विश्व एथलेटिक्स के इस कदम से 2028 में लॉस एंजिलिस (एलए) में होने वाले खेलों में तीनों पदक विजेताओं को पुरस्कार देने का मार्ग प्रशस्त होगा। भारत को पेरिस ओलंपिक में भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा से स्वर्ण पदक की उम्मीद है। नीरज ने तोक्यो ओलंपिक में देश के लिए एथलेटिक्स का पहला स्वर्ण पदक जीता था। वह इसके साथ ही व्यक्तिगत स्पर्धा में निशानेबाज अभिनव बिंद्रा के बाद स्वर्ण पदक जीतने वाले देश के दूसरे खिलाड़ी बने थे। डब्ल्यूए ओलंपिक खेलों में पुरस्कार राशि देने वाला पहला अंतरराष्ट्रीय महासंघ बन जाएगा।

### बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी मोंटे कार्लो में हारी

**मोंटे कार्लो।** भारत के रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन बुधवार को यहां मोंटे कार्लो मास्टर्स में पुरुष युगल के अंतिम-16 दौर के मैच में क्रोएशिया के मेट पाविक और अल साल्वाडोर के मार्सेलो एरेवलो से हार गये। बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी को 3-6, 6-7 (6-8) से हार का सामना करना पड़ा। बोपन्ना और एबडेन पहले सेट में जल्दी पिछड़ गए और फिर उबर नहीं पाए। दूसरे सेट में भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों की जोड़ी वापसी करती दिखी लेकिन प्रतिद्वंद्वी जोड़ी ने टाई-ब्रेकर में बेहतर खेल के दम पर उन्हें वापसी का मौका नहीं दिया। भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल पुरुषों के दूसरे दौर के मुकाबले को बारिश के कारण रोके जाते समय डेनमार्क के होल्गर रूणे के खिलाफ पिछड़ रहे थे।

## रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस आमने-सामने

**मुंबई, एजेंसी**

खराब फॉर्म से जूझ रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में गुरुवार को मुंबई इंडियंस से खेलेगी, जिस पर खुद अच्छे प्रदर्शन का भारी दबाव है। पांच में से चार मैच हार चुकी आरसीबी ने टीम चुनने में गलतियां की और मैदान पर भी प्रदर्शन से उसकी भरपाई नहीं कर सकी। अंकतालिका में वह मुंबई से एक ही पायदान नीचे है। मुंबई चार में से एक मैच जीतकर नौवे स्थान पर है। उसने पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 29 रन से हराया था।

विराट कोहली के शानदार प्रदर्शन के बावजूद आरसीबी के अभियान की बेहद खराब शुरूआत हुई है। अब आईपीएल के आधे मैच जल्दी ही खत्म होने को है और ऐसे में आरसीबी के विदेशी खिलाड़ियों को लय तलाशनी होगी जिनमें कप्तान फाफ डु प्लेसी (109 रन), ग्लेन मैक्सवेल (32) और कैमरन ग्रीन (68 रन) शामिल हैं। कोहली अभी तक एक शतक और दो अर्धशतक समेत 316 रन बना चुके हैं लेकिन उन्हें दूसरे छोर से साथ नहीं मिल सका। पांच महीने पहले विश्व कप सेमीफाइनल में वानखेड़े स्टेडियम पर शतक जमाने वाले कोहली एक बार फिर उसी मैदान पर अपने बल्ले का जलवा बिखेरना चाहेंगे।

गेंदबाजी में मैक्सवेल चार विकेट ले चुके हैं लेकिन मुख्य गेंदबाज प्रभावहीन रहे हैं। मुंबई के खिलाफ उन्होंने हालांकि पिछले पांच में से चार मैच जीते हैं। दोनों टीमों के बीच अब तक हुए 32 मुकाबलों में से 18 मुंबई ने और 14 आरसीबी ने जीते हैं। आम तौर पर आईपीएल में धीमी शुरूआत करने वाली मुंबई टीम को पता है कि अब देर करने से परिणाम प्रतिकूल हो सकते हैं। आरसीबी को हराकर उसका इरादा लगातार दूसरी जीत दर्ज करने का होगा ताकि टीम का मनोबल बढ सके चूंकि अगले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स से खेलना है।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्ज़ारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान। **मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, जेराल्ड कोएत्ज़ी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन (विकेटकीपर), अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका , मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड।

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 05 | 316 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 05 | 261 |
| संजू सैमसन (राजस्थान) | 05 | 246 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| मुस्तफिजुर रहमान (सीएसके) | 04 | 09 |
| युजवेंद्र चहल (आरआर) | 04 | 08 |
| अर्शदीप सिंह (पंजाब किंग्स) | 05 | 08 |

# रोमांचक मुकाबले में गुजरात ने राजस्थान को 3 विकेट से हराया

## राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन और रियान पराग की पारी काम नहीं आई



रियान पराग


**जयपुर, एजेंसी**

रियान पराग के 76 रन और कप्तान संजू सैमसन की नाबाद 68 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारियों के दम पर राजस्थान रॉयल्स ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग के 24वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस को जीत के लिए 197 रनों का लक्ष्य दिया था। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस ने रोमांचक मुकाबले में तीन विकेट से जीत दर्ज कर ली। राशिद खान ने अंतिम गेंद पर जीत का चौका लगाया।

बुधवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी को उतरी राजस्थान की शुरुआत खराब रही और उसने पांचवें ओवर में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 24 रन का विकेट गवां दिया। उसके बाद जोस बटलर भी आठ बनाकर पवेलियन लौट गये। ऐसे संकट के समय रियान पराग और कप्तान संजू सैमसन ने पारी को संभाला और तीसरे विकेट लिये 130 रनों की साझेदारी की। रियान पराग ने 48 गेंदों में तीन चौके और पांच छक्के लगाते हुए 76 रन बनाये। उन्हें मोहित शर्मा ने वी शंकर के हाथों कैच आउट कराया। संजू सैमसन ने 38 गेंदों में सात चौके और दो छक्का लगाते हुए नाबाद 68 रनों की पारी खेली। शिमरॉन हेटमायर 13 रन बनाकर नाबाद रहे।

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 4 | 4 | 0 | 8 | +1.120 |
| कोलकाता | 4 | 3 | 1 | 6 | +1.528 |
| लखनऊ | 4 | 3 | 1 | 6 | +0.775 |
| चेन्नई | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.666 |
| हैदराबाद | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.344 |
| पंजाब | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.196 |
| गुजरात | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.797 |
| मुंबई | 4 | 1 | 3 | 2 | -0.704 |
| बेंगलुरु | 5 | 1 | 4 | 2 | -0.843 |
| दिल्ली | 5 | 1 | 4 | 2 | -1.370 |



संजू सैमसन

### राजस्थान रॉयल्स: 196/3

| | |
|---|---|
| यशस्वी का वेड बो उमेश | 24 |
| बटलर का तेवतिया बो राशिद | 08 |
| संजू सैमसन नाबाद | 68 |
| रियान का शंकर बो मोहित | 76 |
| शिमरोन हेटमायर नाबाद | 13 |

**अतिरिक्त :** 07

**कुल :** 20 ओवर में तीन विकेट पर 196 रन

**गेंदबाजी :** उमेश 4-0-47-1
जॉनसन 4-0-37-0
राशिद 4-0-18-1
नूर 4-0-43-0
मोहित 4-0-51-1

### आरसीबी के पास वापसी के लिए काफी समय

**मुंबई।** तेज गेंदबाज रीस टॉप्ली ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुकाबले से पहले बुधवार को कहा कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विदेशी बल्लेबाजों के पास खराब शुरुआत से उबरने और लड़खड़ाते अभियान को पटरी पर लाने के लिए अब भी काफी समय है। अब तक अपने पांच में से चार मैच हार चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम पर वापसी करने का भारी दबाव है। टीम के विदेशी बल्लेबाज सामूहिक रूप से फ्लॉप रहे हैं और गेंदबाजी भी अच्छी नहीं रही है।

## डोपिंग के लिए तीन भारतीय एथलीटों को अस्थाई निलंबन

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

- धावक जी लक्ष्मणन और धाविका हिमानी चंदेल पर भी क्रमशः दो और चार साल का प्रतिबंध

गोवा राष्ट्रीय खेलों के रजत पदक विजेता स्टीपलचेज खिलाड़ी मोहम्मद नूर हसन के साथ भारत के विश्व क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप के प्रतिभागी हेमराज गुर्जर और अंजलि कुमारी को प्रतिबंधित पदार्थों की जांच में पॉजिटिव पाये जाने के बाद अस्थायी निलंबन के तहत रखा गया है। भारतीय एथलेटिक्स में डोपिंग के नवीनतम मामलों में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी पैनल द्वारा लंबी दूरी के धावक जी लक्ष्मणन और धाविका हिमानी चंदेल पर भी क्रमशः दो और चार साल का प्रतिबंध लगाया गया है। हसन ने पिछले साल फेडरेशन कप और नेशनल ओपन चैंपियनशिप में 3000 मीटर स्टीपलचेज में स्वर्ण पदक जीता था।

गुर्जर ने जनवरी में गया में राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप जीती थी लेकिन मार्च में बेलग्रेड में विश्व क्रॉस कंट्री में वह 88वें स्थान पर रहे थे। अंजलि कुमारी जनवरी में नेशनल क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में दूसरे स्थान पर रही थीं । इस प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन वैश्विक प्रतियोगिता के लिए हुआ था जिसमें वह 80वें स्थान पर रहीं। इन तीनों को नाडा द्वारा अस्थाई निलंबन सौंपे गए लोगों की नवीनतम सूची में शामिल किया गया है। यह ज्ञात नहीं है कि नमूने कहां और कब एकत्र किए गए थे। इस बीच यह भी पता चला है कि 2017 एशियाई चैंपियनशिप में 5000 मीटर और 10,000 मीटर में स्वर्ण पदक जीतने वाले लक्ष्मणन पर पिछले साल 10 अगस्त से दो साल का प्रतिबंध लगाया गया है। उनका नाम उन लोगों में शामिल था जिन पर या तो डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल या नाडा के डोपिंग रोधी अपील पैनल द्वारा प्रतिबंध लगाए गए थे।

## भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगी सरिता मोर

**बिश्केक।** भारत के स्टार पहलवानों की गैरमौजूदगी में गुरुवार से यहां शुरू हो रही एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में देश की अगली पीढ़ी के खिलाड़ी खुद को बड़े मंच पर साबित करने की कोशिश करेंगे जबकि अनुभवी सरिता मोर पर भी नजरें होंगी। 21 मार्च को ट्रायल के दौरान यह निर्णय लिया गया था कि 17 ओलंपिक भार वर्ग के विजेता 19 अप्रैल से बिश्केक में एशियाई क्वालीफायर के जरिए पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने का प्रयास करेंगे जबकि इन वर्गों के उप विजेता को एशियाई चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा का अवसर दिया जाएगा।

## ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे मैच में भारत को 2-1 से हराया

**पर्थ, एजेंसी**


भारतीय पुरुष हॉकी टीम को हॉकी टेस्ट सीरीज के तीसरे मुकाबले में भी ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज में 3-0 की बढ़त बना ली है। ऑस्ट्रेलिया के पर्थ हॉकी स्टेडियम में बुधवार को खेले गए मुकाबले में मेजबान ऑस्ट्रेलिया ने हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली भारतीय टीम को 2-1 से हराया। भारत के लिए जुगराज सिंह ने 41वें मिनट में एकमात्र गोल किया। वहीं ऑस्ट्रेलिया की ओर से जेरेमी हेवार्ड ने 44वें और 49वें मिनट में दो गोल दागे।

ऑस्ट्रेलिया ने खेल के तीसरे मिनट में ही पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया लेकिन भारतीय गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने शानदार बचाव किया। मैच का दूसरा क्वार्टर भी गोलरहित रहा। खेल के तीसरे क्वार्टर के 41वें मिनट में भारतीय टीम के जुगराज सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर के जरिए गोल दागकर भारत को बढ़त दिलाई। हालांकि, ऑस्ट्रेलियाई टीम ने जेरेमी हेवार्ड के गोल से 1-1 की बराबरी कर ली। जेरेमी ने दूसरा गोल करते हुए भारत को पांच मैचों की हॉकी टेस्ट सीरीज के तीसरे मैच में हरा दिया। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सीरीज का चौथा मुकाबला शुक्रवार को खेला जायेगा।

## बॉलीवुड हलचल

### राजकुमार राव की फिल्म 'श्रीकांत' का ट्रेलर रिलीज, 10 मई को होगी रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव की आने वाली फिल्म 'श्रीकांत' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। टी-सीरीज़ फिल्म्स और चॉक एन चीज़ फिल्म्स के बैनर तले तुषार हीरानंदानी द्वारा निर्देशित फिल्म 'श्रीकांत' में राजकुमार राव की मुख्य भूमिका है। यह फिल्म इस साल अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर 10 मई को रिलीज़ होने के लिए तैयार है। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर की शुरुआत एक लाइन .. सपने वो नहीं जो आप सोते हुए देखते हैं, यह वह जो आपको सोने नहीं देता से होती है।ट्रेलर में दिखाया जाता है कि कैसे नेत्रहीन होने के बावजूद श्रीकांत खुद को कमजोर नहीं बल्कि मजबूत मानता है। रोशनी न होने के बावजूद उसने कड़ी मेहनत से 12वीं में 98 प्रतिशत हासिल किया और आईआईटी में पढ़ने का सपना देखा। उसे साइंस से पढ़ना था, लेकिन नेत्रहीन होने की वजह से उसे बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। हार मानने की बजाय उसने एजुकेशन सिस्टम के खिलाफ केस ठोका। कड़ी मेहनत के बाद आखिरकार श्रीकांत का यूएस में एक इंजीनियरिंग कॉलेज में एडमिशन हो जाता है, लेकिन नेत्रहीन होने की वजह से फ्लाइट में उन्हें बैठने नहीं दिया जाता है। इसके बाद श्रीकांत अपना बिजनेस शुरू करते हैं, जिसमें विकलांग लोगों को काम देते हैं। फिल्म श्रीकांत उद्योगपति श्रीकांत बोला की बायोपिक है।



### 28 साल बाद मनीषा कोईराला ने भंसाली के साथ किया काम

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री मनीषा कोईराला ने फिल्मकार संजय लीला भंसाली के साथ 28 साल बाद काम किया। वेबसीरीज हीरामंडी : द डायमंड बाजार में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा और संजीदा शेख जैसे कलाकार शामिल हैं। मनीषा कोईराला ने फिल्मकार संजय लीला भंसाली के साथ 28 साल बाद काम किया। मनीषा कोईराला ने इससे पूर्व संजय लीला भंसाली के साथ वर्ष 1996 में प्रदर्शित फिल्म खामोशी द म्यूजिकल में काम किया था। इस फिल्म से संजय लीला भंसाली ने बतौर निर्देशक डेब्यू किया था। फिल्म खामोशी द म्यूजिकल में सलमान खान और नाना पाटेकर ने भी अहम भूमिका निभायी थी। मनीषा कोइराला ने बताया कि मैंने संजय के कॉल का 28 साल तक इंतजार किया है और यह खुशी की बात है। ऐसे जीनियस के साथ काम करना सम्मान की बात है। बहुत सारी मेहनत, प्यार और मोहब्बत से हमने इसे (हीरामंडी) बनाया है। आशा करते हैं कि आप सभी को ये पसंद आए। हमने ऐसा पहली बार देखा है। हीरामंडी : द डायमंड बाज़ार वेश्याओं और उनकी जिंदगी को लेकर बुनी गई है। वर्ष 1940 के दशक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि पर आधारित, ''हीरामंडी'' ''कोठों'' में प्यार, विश्वासघात, उत्तराधिकार और राजनीति की कहानी को बयां करती है। हीरामंडी : द डायमंड बाज़ार 01 मई 2024 को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है।



### प्रियंका सिंह और माही श्रीवास्तव का गाना 'जग सूना सूना लागे' रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** गायिका प्रियंका सिंह और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव का गाना ''जग सूना सूना लागे'' रिलीज हो गया है। ''जग सूना सूना लागे'' गाना वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिशल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने को प्रियंका सिंह ने गाया है जबकि माही श्रीवास्तव ने गाने में अभिनय किया है। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत गाना ''जग सूना सूना लागे'' के निर्माता रतनाकर कुमार हैं। इस गाने को संतोष उत्पाती ने लिखा है, जबकि संगीतकार विनीत शाह हैं। वीडियो डायरेक्टर विझेल, डीओपी राजन वर्मा हैं। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# होर्डिंग पर मुद्रक-प्रकाशक का नाम होना जरूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

● चुनाव आयोग ने चुनाव संबंधी सामग्री पर पहचान देने का दिया निर्देश




चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव को लेकर सख्त है। लगातार प्रयास कर रहा है कि इस बार का चुनाव शांतिपूर्ण और पारदर्शिता से हो। आयोग ने बुधवार को चुनाव प्रचार में जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए होर्डिंग सहित मुद्रित चुनाव संबंधी सामग्री पर मुद्रक और प्रकाशक की पहचान देने का निर्देश दिया है।

चुनाव अधिकारी का कहना है कि यह फैसला नगर निगम के अधिकारियों के नियंत्रण वाले होर्डिंग स्थानों पर मुद्रक या प्रकाशक की पहचान के बिना होर्डिंग देखे जाने के बाद लिया गया। आम आदमी पार्टी ने भी हाल में इस मुद्दे पर चुनाव आयोग से संपर्क किया था। चुनाव आयोग ने जनप्रतिनिधित्व कानून, 1951 की धारा 127ए का हवाला दिया है।

बता दें धारा 127ए मुद्रक और प्रकाशक का नाम और पता प्रदर्शित किए बिना चुनावी पर्चे, पोस्टर, तख्तियां या बैनर छापने या प्रकाशित करने पर प्रतिबंध लगाती है। आयोग द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि प्रकाशकों की पहचान होना इसलिए जरूरी है, क्योंकि कोई पैसा खर्च होता है तो उसकी जानकारी मिल सके। वहीं अगर चुनावी अभियान के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन पाया जाता है तो कार्रवाई की जा सके।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने हाल ही में इस बिंदु को उजागर करने के लिए एक दोहा भी पढ़ा था कि गलत सूचना पर अंकुश लगाने की आवश्यकता है। उन्होंने गलत सूचना को एक बुलबुला के रूप में वर्णित किया था जो छूने पर फट जाता है। बयान में कहा गया है, 'इस निर्देश के साथ आयोग ने शहरी स्थानीय निकायों के प्रिंटरों, प्रकाशकों, लाइसेंसधारियों या ठेकेदारों पर जवाबदेही तय कर दी है, जो राजनीतिक विज्ञापन लगाने के लिए जगह किराए पर देते हैं

## आतंक पर अंकुश को भारत-कजाखिस्तान की हुई बैठक

**नई दिल्ली।** भारत और कजाखिस्तान के बीच आतंकवाद संबंधी चुनौतियों को लेकर अहम बैठक हुई, जिसमें दक्षिण एशिया में सीमापार आतंकवाद, राज्य प्रायोजित आतंकवाद और अफगानिस्तान-पाकिस्तान से इतर क्षेत्रों में आतंकवाद के मुद्दे पर भी बात हुई।

भारतीय विदेश मंत्रालय ने जानकारी दी है कि, बैठक कजाखिस्तान के अस्ताना में हुई। भारत की तरफ से इस बैठक का नेतृत्व विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव केडी देवल ने किया। वहीं कजाखिस्तान के दल का नेतृत्व कजाखस्तान के विदेश मंत्रालय के राजदूत तलगत कालियेव ने किया। यह दोनों देशों के संयुक्त कार्यसमूह के बीच इस साल आतंकवाद के मुद्दे पर पांचवीं बैठक थी।

# संयुक्त राष्ट्र के कई निकायों में चुना गया भारत

वाशिंगटन, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय स्वापक नियंत्रण बोर्ड समेत संयुक्त राष्ट्र के कई प्रमुख निकायों के लिए भारत का चयन किया गया है। भारत की जगजीत पवाडिया ने अंतर्राष्ट्रीय स्वापक नियंत्रण बोर्ड (आइएनसीबी) में तीसरी बार निर्वाचित होकर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। पवाडिया को संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद (ईसीओएसओसी) द्वारा आयोजित अत्यधिक प्रतिस्पर्धी चुनाव में सबसे अधिक वोट प्राप्त हुए हैं। पावडिया को गुप्त मतदान के जरिए मार्च 2025 से 2030 तक पांच साल के तीसरे कार्यकाल के लिए आईएनसीबी में फिर से चुना गया।

भारत को ईसीओएसओसी के मतदान करने वाले 53 सदस्यों में से 41 के वोट मिले, जो सभी विजेता सदस्य देशों में सबसे अधिक हैं। पावडिया ने 41 वोट के साथ कठिन चुनाव में शानदार जीत हासिल की, जबकि दूसरे स्थान पर रहे उम्मीदवार को 30 वोट मिले। बोर्ड की पांच सीट के लिए 24 उम्मीदवार थे, जिस कारण चुनाव अत्यधिक प्रतिस्पर्धी था। पावडिया 2015 से अंतरराष्ट्रीय स्वापक नियंत्रण बोर्ड की सदस्य हैं। उन्हें मई 2019 में 2020 से 2025 के पांच साल के कार्यकाल के लिए परिषद द्वारा फिर से चुना गया था। उन्होंने 2021 से 2022 तक बोर्ड अध्यक्ष के रूप में कार्य किया था।

भारत को 2025 से 2029 तक की अवधि के लिए 'कमीशन ऑन स्टेटस ऑफ विमेन' (महिलाओं की स्थिति पर आयोग) के लिए भी चुना गया है। 2025-2027 की अवधि के लिए संयुक्त राष्ट्र बाल कोष के कार्यकारी बोर्ड, 2025-2027 के लिए परियोजना सेवाओं के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम एवं संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के कार्यकारी बोर्ड में भी भारत को चुना गया है। इसके अलावा भारत को 2025 से 2027 तक के कार्यकाल के लिए लैंगिक समानता एवं महिला सशक्तीकरण के लिए संयुक्त राष्ट्र इकाई के कार्यकारी बोर्ड और 2025-2027 कार्यकाल के लिए विश्व खाद्य कार्यक्रम के कार्यकारी बोर्ड के लिए भी चुना गया।



● भारत की जगजीत पवाडिया तीसरी बार बनीं आइएनसीबी की सदस्य

## यूएन में प्रतिबद्धता पर कायम रहा भारतः रूचिरा कंबोज




संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'भारत अपने वसुधैव कुटुंबकम के सिद्धांत को कायम रखते हुए इन संयुक्त राष्ट्र निकायों के भीतर विमर्श में सक्रिय रूप से शामिल होने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम है। उन्होंने कहा कि मार्गदर्शन करने वाला यह दर्शन वैश्विक विचार-विमर्श में रचनात्मक और सहयोगात्मक योगदान देने, एकता की भावना को बढ़ावा देने और सभी की भलाई के लिए साझा जिम्मेदारी के प्रति हमारे समर्पण को रेखांकित करता है।

## एक नजर

### रूस की अदालत ने गूगल पर 4.9 करोड़ डॉलर का लगाया जुर्माना

**मॉस्को।** रूस की राजधानी मॉस्को की एक अदालत ने यूक्रेन में रूस के विशेष सैन्य अभियान के बारे में गलत जानकारी फैलाने, चरमपंथ और एलजीबीटी सामग्री वाले यूट्यूब वीडियो को हटाने से इनकार करने पर गूगल पर 4.6 अरब रूबल (4.9 करोड़ डॉलर) का जुर्माना लगाया है। अदालत के प्रवक्ता ने कहा, मॉस्को के टैगान्स्की जिला न्यायालय के फैसले के खिलाफ एक गूगल प्रतिनिधि की शिकायत को खारिज कर दिया, जिसमें गूगल को प्रशासनिक संहिता के अनुच्छेद 13.41 के भाग 5 के तहत प्रशासनिक अपराध करने का दोषी पाया गया था।

### गाजा को संभालने में नेतन्याहू गलती कर रहे : राष्ट्रपति बाइडन

**वाशिंगटन।** गाजा में इजराइली कार्रवाइयों को लेकर अपने देश में बड़े विरोध का सामना कर रहे अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू गाजा को संभालने में गलती कर रहे हैं। बाइडन ने कहा-मैं नेतन्याहू के दृष्टिकोण से सहमत नहीं हूं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बाइडन ने कहा कि सहायता पहुंचाने वाले संगठन के वाहनों पर ड्रोन से हमला किया गया। बता दें, बाइडन को इजराइल पर घरेलू दबाव का सामना करना पड़ रहा है और पिछले हफ्तों में उन्होंने नेतन्याहू सहित छह महीने पुराने युद्ध में इजराइल के आचरण पर अपनी बयानबाजी तेज कर दी है।

### नौसेना के लिए पहले स्वदेशी फ्लीट स्पोर्ट शिप का कार्य शुरू

**नई दिल्ली।** नौसेना के लिए पहले स्वदेशी फ्लीट स्पोर्ट शिप को बनाने का कार्य बुधवार से शुरू कर दिया गया है। यह काम विशाखापत्तनम में हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (एचएसएल) कर रही है। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने कहा- जहाज का वजन 44 हजार टन होगा और यह समुद्र में नौसैनिक बेड़े को ईंधन, पानी, गोला-बारूद और अन्य साजो सामान की आपूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे नौसेना की संचालन क्षमताओं का विस्तार होगा और इसकी रणनीतिक पहुंच बढ़ेगी।

### एयर इंडिया एक जून से शुरू करेगी वियतनाम के लिए उड़ान सेवा

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया एक जून से राष्ट्रीय राजधानी से वियतनाम के हो ची मिन्ह शहर के लिए सीधी उड़ान सेवा शुरू करेगी। एयरलाइन की ओर से बुधवार को कहा गया है कि, सप्ताह में पांच दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार, शनिवार और रविवार को उड़ानें संचालित करने करेगी। नई सेवा अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और यूरोप के यात्रियों को दिल्ली होकर वियतनाम जाने की सुविधा भी मुहैया कराएगी। बता दें, एयर इंडिया वर्तमान में सिंगापुर, बैंकॉक और फुकैट (थाइलैंड) और यांगून (म्यामां) के लिए सीधी उड़ाने संचालित करती है।

# भारत और अमेरिका की साझेदारी नई ऊंचाई पर पहुंची: जैक सुलिवन

## अमेरिका के एनएसए बोले- हिंद-प्रशांत क्षेत्र में दोनों देशों के संबंध और मजबूत हुए

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन ने कहा कि भारत के साथ प्रौद्योगिकी व अन्य क्षेत्रों में साझेदारी नई ऊंचाई पर पहुंच गई है। उन्होंने ब्रिक्स के विस्तार को अमेरिकी नेतृत्व के लिए झटका मानने से इनकार किया। कहा, हमने हाल में नाटो जैसे संगठनों का विस्तार देखा है और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हमारे संबंध और बेहतर हुए हैं।

व्हाइट हाउस में आयोजित प्रेसवार्ता में सुलिवन ब्रिक्स को लेकर पूछे गए उस सवाल का जवाब दे रहे थे, जिसमें कहा गया कि ब्राजील, रूस, भारत, चीन व दक्षिण अफ्रीका से मिलकर बने संगठन के विस्तार से अमेरिका के नेतृत्व पर अंगुली उठ रही है। हाल ही में ब्रिक्स में ईरान, मिस्त्र, संयुक्त अरब अमीरात और इथियोपिया शामिल हुए हैं और सऊदी अरब शामिल होने पर विचार कर रहा है।

इस पर सुलिवन ने कहा कि ऐसा नहीं है, भारत के साथ अमेरिका की साझेदारी लगातार मजबूत हो रही है। यदि आप दुनिया के प्रमुख क्षेत्रों में अमेरिका की भूमिका और उसके रुख को देखें तो हम जहां हैं उससे बहुत खुश हैं। आप देखें कि नाटो का क्या हुआ, हमने इसे अब तक का सबसे बड़ा विस्तार दिया है। अगर पिछले सप्ताह की बात करें तो अमेरिका, जापान और फिलीपींस के बीच ऐतिहासिक त्रिपक्षीय सहयोग सामने है। उन्होंने कहा, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में देखें कि कैसे हमने न केवल पारंपरिक सहयोगियों के साथ बल्कि वियतनाम, इंडोनेशिया, आसियान जैसे देशों के साथ भी अपने संबंधों को सुधारा है।' राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा, 'ब्रिक्स में शामिल देश अमेरिका और भारत के बीच साझेदारी प्रौद्योगिकी और सुरक्षा समेत कई अन्य आयामों के साथ नई ऊंचाइयों पर पहुंची है।' दरअसल, सुलविन ईरान, मिस्त्र, संयुक्त अरब अमीरात और इथियोपिया के ब्रिक्स में शामिल होने के मद्देनजर दुनिया में अमेरिका के नेतृत्व में कमी और सऊदी अरब का हिस्सा बनने पर विचार करने के सवालों का जवाब दे रहे थे।

### रूस को लेकर अमेरिका ने चीन को चिंताओं से अवगत कराया



सुलिवन ने कहा कि हमें चीन द्वारा रूस को सीधे सैन्य सहयोग के साक्ष्य नहीं मिले, लेकिन फिर भी हमने चीन से इस पर चिंता जताई है। एनएसए जैक सुलिवन ने कहा कि अगले महीने केन्या के राष्ट्रपति का यहां राजकीय यात्रा के लिए राष्ट्रपति जो बाइडन स्वागत करेंगे, जो एक ऐतिहासिक पल होगा। उन्होंने कहा कि रूस को लेकर अमेरिका ने चीन को अपनी चिंताओं से अवगत कराया है। हमने इस बात का कोई सबूत नहीं देखा है कि वे रूस को सीधी सैन्य सहायता प्रदान करेंगे, लेकिन हमने अपनी चिंताएं व्यक्त की हैं। व्हाइट हाउस ने मंगलवार को कहा कि गाजा संघर्ष विराम और काहिरा में चल रही वार्ता में बंधक समझौते के प्रस्तावों पर हमास का रवैया बेहद ढीला रहा है। उन्होंने कहा कि हमने हमास के सार्वजनिक बयान देखे, जो उनके रवैये का दिखाता है। मध्यस्थ कतर को समूह की ओर से अभी तक अंतिम जवाब नहीं मिला है।

## भारतवंशी छात्रों की मौत पर अंकुश के लिए बाइडन से किया आग्रह

**वाशिंगटन।** अमेरिका में बीते दिनों में भारतवंशी छात्रों और युवकों की मौत की घटना में वृद्धि देखी गई है। प्रवासी भारतीयों के एक प्रमुख संगठन ने अमेरिकी सरकार की एजेंसियों, विश्वविद्यालयों और छात्र संघों से पर अंकुश लगाने के लिए आग्रह किया है।

फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायस्पोरा स्टडीज (एफआईआईडीएस) के बताया है कि, संदिग्ध गोलीबारी/अपहरण, सुरक्षा जानकारी के अभाव में पर्यावरण संबंधी मौतें, आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले मानसिक मुद्दे और संदिग्ध दुर्घटनाओं से लेकर हिंसक अपराध तक शामिल हैं।

एफआईआईडीएस ने कहा कि अधिकारियों को सुरक्षा शिक्षा बढ़ानी चाहिए, खोज और बचाव प्रक्रियाओं में सुधार करना चाहिए, भारतीय विद्यार्थियों के विरुद्ध सख्त नियम लागू करना चाहिए, जोखिमों और सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाना और मानसिक स्वास्थ्य सहायता प्रदान करनी चाहिए। वर्ष 2024 की शुरुआत से अब तक भारत से अमेरिका आए और भारतीय-मूल के छह छात्रों की मौत हो चुकी है।

# भारत का चेहरा बन गए हैं मोदी अमेरिकी सांसद ने की तारीफ

वाशिंगटन, एजेंसी

● ब्रैड शेरमैन ने विकास कार्यों और 2014 से आर्थिक प्रगति पर भारत की सराहना की



देश ही नहीं बल्कि दुनियाभर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता बनी हुई है। अब अमेरिका के एक वरिष्ठ सांसद ने भारत के प्रधानमंत्री की तारीफ की है। उन्होंने विकास कार्यों और 2014 से देश की आर्थिक प्रगति के लिए पीएम मोदी की सराहना करते हुए कहा कि वह भारत का चेहरा बन गए हैं।

अमेरिकी सदन में भारत के सबसे अच्छे दोस्तों में से एक माने जाने वाले ब्रैड शेरमैन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में भारत और अमेरिका ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत होते देखा है। हालांकि, रूस के साथ भारत के रक्षा संबंध भारत-अमेरिका संबंधों में एक चुनौती है। उन्होंने मंगलवार को कहा, 'वह (मोदी) भारत का चेहरा बन गए हैं। हम आर्थिक विकास होते देखा है। बेशक, हर देश की अपनी चुनौतियां होती हैं, हर नेता की अपनी चुनौतियां होती हैं। मैं किसी देश की सफलता का श्रेय सिर्फ एक नेता को नहीं देता। मेरा मतलब है कि आपके पास 1.3 अरब से अधिक लोग हैं और वे सभी भारत को और अधिक सफल देश बनाने के लिए साथ मिलकर काम कर रहे हैं।' 69 वर्षीय ब्रैड शेरमैन हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी में वरिष्ठ डेमोक्रेट हैं। वह पिछले 28 वर्षों से भारत-अमेरिका संबंधों पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'अमेरिका-भारत संबंध काफी मजबूत हुए हैं। मैं यह जानता हूं क्योंकि मैं यहां यूएस इंडिया कॉकस का पूर्व अध्यक्ष रहा हूं। हमने इसे सभी द्विदलीय कॉकस में सबसे बड़ा बनाया। हमने बहुत कुछ देखा है, विशेष रूप से रक्षा क्षेत्र में सैन्य खुफिया जानकारी साझा करने और सबसे बड़े संयु क्त अभियान और अभ्यास में। वहीं हिंद-प्रशांत को स्वतंत्र और शांतिपूर्ण रखने पर काम किया है।

# जैन आचार्य लोकेश मुनि अमेरिका में हुए सम्मानित

वाशिंगटन, एजेंसी



अहिंसा विश्व भारती और विश्व शांति केंद्र के संस्थापक जैन आचार्य लोकेश मुनि को वाशिंगटन के कैपिटल हिल में अमेरिकी राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वह अमेरिकी राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित होने वाले पहले भारतीय भिक्षु हैं।

उन्हें राष्ट्रपति पुरस्कार, गोल्डन शील्ड, सम्मान प्रमाण पत्र और राष्ट्रपति बाइडन के हस्ताक्षर वाले प्रशस्ति पत्र दिए गए। अमेरिकी राष्ट्रपति ने आचार्य लोकेश मुनि के वैश्विक शांति प्रयासों की प्रशंसा करते हुए लिखा कि अपना समय देकर आप हमारे सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान खोजने में मदद कर रहे हैं। इनकी हमें पहले से अधिक जरूरत है। हम ऐसे क्षण में जी रहे हैं जिसे आशा, प्रकाश और प्यार की आवश्यकता है आप अपनी सेवा के माध्यम से ये तीनों प्रदान कर रहे हैं। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद जैन आचार्य ने कहा कि इस पुरस्कार ने और जिम्मेदारी बढ़ा दी है। यह सम्मान भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक मूल्यों, भगवान महावीर के जैन सिद्धांतों का सम्मान है।

## मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के ब्रेथलाइजर परीक्षण की मांग वाली याचिका शीर्ष कोर्ट ने की खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव के दौरान प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाताओं को वोट डालने की अनुमति देने से पहले उनका, रक्त में शराब (अल्कोहल) की मात्रा मापने वाला 'ब्रेथलाइजर परीक्षण' किए जाने की मांग कर रही याचिका बुधवार को खारिज कर दी।

जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने याचिका खारिज करने के आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया और कहा कि यह प्रचार हित की याचिका अधिक है। जनवाहिनी पार्टी की आंध्र प्रदेश इकाई की ओर से पेश वकील ने कहा कि चूंकि आदर्श आचार संहिता लागू है, इसलिए किसी भी मतदाता को शराब के नशे में मतदान करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। पीठ ने कहा, 'यह क्या है? यह प्रचार के लिए है। मतदान के दिन मद्य निषेध दिवस (ड्राई डे) होता है और हर जगह पुलिसकर्मी तैनात होते हैं। हम इस पर विचार नहीं करेंगे और याचिका खारिज की जाती है।' जनवाहिनी पार्टी की आंध्र प्रदेश इकाई ने शुरू में हाई कोर्ट का रुख किया, जिसने 28 फरवरी को याचिका खारिज कर दी थी।

## अल अक्सा मस्जिद



**जेरूसलम :** ईद-उल-फितर की नमाज के लिए सैकड़ों फिलिस्तीनी जेरूसलम के पुराने शहर में अल अक्सा मस्जिद पवित्र स्थल पर दुआ करने के लिए एकत्र हुए। अल-अक्सा मस्जिद परिसर में मण्डली पिछले वर्षों की तुलना में बहुत कम थी। बता दें, यह परिसर इस्लाम का तीसरा सबसे पवित्र स्थल माना जाता है। यह एक पहाड़ी की चोटी पर बना है जो यहूदियों के लिए भी सबसे पवित्र स्थल है। ● एजेंसी

## पाकिस्तान में नाबालिग से जबरन शादी के लिए तीन पर मामला दर्ज

**लाहौर।** पाकिस्तान के शेखपुरा जिले में 11 वर्षीय नाबालिग लड़की का मतांतरण करवाने और उससे जबरन शादी करने को लेकर तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पंजाब के अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री रमेश सिंह अरोड़ा ने चिंताजनक घटना के जवाब में तुरंत कार्रवाई का आदेश दिया।

फिरोजवाला के निवासी सलीम मसीह ने बताया कि पुलिस के अधिकारी उसके घर आए और उन्हें अगले दिन अपनी बेटी के साथ कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया। सलीम मसीह अपनी बेटी और कई रिश्तेदारों के साथ कोर्ट में हाजिर हुए। वहां उन्हें पता चला कि पहले उनके पड़ोस में रहने वाले इमरान सरफराज ने दावा किया है कि उनकी बेटी उसकी पत्नी है।

विज्ञान | स्पेस टेलीस्कोप साइंस इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने की आश्चर्यजनक खोज

# तारे के खत्म होने के बाद भी जीवित रहते हैं ग्रह

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** पहली बार जानकारी सामने आई है कि तारे के खत्म होने के बाद , उसके ग्रह जीवित रह सकते हैं। स्पेस टेलीस्कोप साइंस इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है। जिसमे कहा गया है कि एक तारे के खत्म होने के बाद, उसके बौना तारे में तब्दील हो जाने के बावजूद इसकी कक्षा में दो ग्रह चक्कर लगा रहे हैं। दोनों ग्रह पृथ्वी से 75 प्रकाशवर्ष दूर हैं।

ग्रह और उसके तारे के बीच गुरुत्वाकर्षण से बंधे रहने का सीधा संबंध होता है और अभी तक यही माना जाता रहा है कि किसी भी सौर मंडल के तारे के खत्म होने के बाद उसके ग्रहों की दुनिया भी स्वतः खत्म हो जाती है। मगर नई खोज ने यह धारणा उलट दी है। या यूं कहें कि प्रकृति के नियम को बदलकर रख दिया है। खोजकर्ता वैज्ञानिकों का कहना है कि इस खोज से वह खुद आश्चर्यचकित हैं।

पृथ्वी से 75 प्रकाशवर्ष की दूरी में इस बाहरी सौर मंडल के दोनों ग्रह हमारे बृहस्पति व शनि ग्रह से बड़े हैं और बहुत दूर से अपने बौने तारे की परिक्रमा कर रहे हैं। इनकी वास्तविकता जानने के लिए नासा की जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप का सहारा लिया गया। पहली बार 2023 में ग्रहों की सीधी तस्वीरें ली गई। इसके बाद लंबे समय तक अध्ययन किया गया। हैरान करने वाली बात यह थी कि तारे के खत्म होने के बाद ग्रहों का जीवित रहना था। वैज्ञानिकों ने हर तरीके से इसकी जांच पड़ताल की और अंत में निष्कर्ष निकला कि तारे के खत्म होने के बावजूद ग्रह जीवित रह सकता है। इस खोज ने एक नई बहस भी छेड़ दी है। जिसमें वैज्ञानिकों के एक वर्ग का कहना है कि यह संभव नही लगता। इसके लिए व्यापक स्तर पर पुनः अध्ययन की जरूरत है। जिसमें ग्रहों की खोजबीन अध्ययन में जुटे वैज्ञानिकों को आगे आना होगा। तभी कोई ठोस प्रमाण सामने आ सकता है।



खोजा गया नया ग्रह।

### सूर्य खत्म होने के बाद जीवित रह सकते हैं शनि और बृहस्पति

एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स में प्रकाशन के लिए इस शोध को स्वीकार कर लिया गया है। इस खोज को लेकर वैज्ञानिकों का कहना है कि हमारे सौर मंडल के बृहस्पति और शनि ग्रह सूर्य के खत्म होने के बाद जीवित रह सकते हैं। बहरहाल नई खोज पर विश्वास करना जल्दबाजी होगी।

## ईद आते ही पाकिस्तान की सड़कों पर उमड़े चार लाख भिखारी

**इस्लामाबाद।** रमजान के महीने के दौरान पाकिस्तान के छोटे शहरों और गांवों से भिखारी कराची आने लगे हैं। इस वजह से यहां अपराध का ग्राफ भी बढ़ रहा है। कराची के अतिरिक्त महानिरीक्षक इमरान याकूब मिन्हास ने इस चिंताजनक समस्या पर जोर जाला है। उनका कहना है कि ईद के मौसम में तीन से चार लाख भिखारी कराची आते हैं, इस वजह से यह शहर भिखारियों और अपराधियों का अड्डा बन गया है।

इमरान याकूब के अनुसार पारपंरिक तरीकों से अपराधों का पता नहीं लगाया जा सका इसलिए कराची पर नजर रखने के लिए अधिकारियों से और अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील की गई है। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि रमजान के दौरान कराची में कम से कम 19 लोग आपराधिक घटनाओं के शिकार हुए।

# हेपेटाइटिस बी-सी के मामलों में दूसरे स्थान पर भारत

● डब्ल्यूएचओ ने जारी की हैरान करने वाली रिपोर्ट, संक्रमण के मामलों में चीन पहले पायदान पर

जिनेवा, एजेंसी

भारत में 2022 में हेपेटाइटिस बी और सी संक्रमण के कुल 3.50 करोड़ मामले सामने आए। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के मुताबिक हेपेटाइटिस बी और सी के संक्रमण की संख्या के मामले में भारत चीन के बाद दूसरे स्थान पर है। हेपेटाइटिस यकृत की सूजन होती है, जिसके कारण कई प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होती हैं और यह जानलेवा भी हो सकती है।

डब्ल्यूएचओ की ओर से मंगलवार को जारी वैश्विक हेपेटाइटिस रिपोर्ट-2024 के अनुसार 2022 में दुनिया भर में 25.40 करोड़ लोग हेपेटाइटिस बी से पीड़ित हुए जबकि हेपेटाइटिस सी से पीड़ित होने वाले लोगों की संख्या पांच करोड़ रही। डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के अनुसार भारत में 2022 में हेपेटाइटिस बी के 2.98 करोड़ मामले सामने आए जबकि हेपेटाइटिस सी से संक्रमित होने वालों की संख्या 55 लाख रही।

चीन में हेपेटाइटिस बी और सी के मामलों की कुल संख्या 8.3 करोड़ रही जो विश्व भर में सामने आए कुल मामलों का 27.5 प्रतिशत है। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हेपेटाइटिस बी और सी के कुल 3.5 करोड़ मामले सामने आए जो दुनियाभर में सामने आए कुल मामलों का 11.6 प्रतिशत है। हेपेटाइटिस वायरस के पांच मुख्य प्रकार हैं, जिन्हें प्रकार ए, बी, सी, डी और ई कहा जाता है। हालांकि, वे सभी यकृत रोग का कारण बनते हैं, वे संचरण के तरीकों, बीमारी की गंभीरता, भौगोलिक वितरण और रोकथाम के तरीकों सहित महत्वपूर्ण तरीकों से भिन्न होते हैं।

### विश्वभर में हर साल 13 लाख लोगों की होती है मौत



दुनिया भर में हेपेटाइटिस के संक्रमण के कारण प्रत्येक वर्ष करीब 13 लाख लोगों की मौत होती है। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया के 187 देशों के नए आंकड़ों से पता चलता है कि हेपेटाइटिस से होने वाली मौतों की अनुमानित संख्या 2019 में 11 लाख से बढ़कर 2022 में 13 लाख हो गई है। इनमें से 83 प्रतिशत मौतें हेपेटाइटिस बी के कारण जबकि 17 प्रतिशत मौतें हेपेटाइटिस सी के कारण होती हैं। डब्ल्यूएचओ ने विश्व हेपेटाइटिस शिखर सम्मेलन में जारी इस रिपोर्ट में कहा, प्रतिदिन, हेपेटाइटिस बी और सी संक्रमण के कारण दुनिया में 3,500 लोगों की मौत हो रही है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस एडनोम घेब्रेयेसस ने कहा, यह रिपोर्ट परेशान करने वाली है।